
सुप्रभात
रांची, बुधवार
14.08.2024
* * नगर संस्करण | पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ


khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 36 | 12



एसएसएलवी-डी3 की उल्टी गिनती आज से







**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchary Road,
Ranchi-834001, Jharkhand. Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id-juidcolimited@gmail.com

**NIT No: JUIDCO/Redevelopment/TH Madhupur/628**
**e-procurement (Tender Notice)**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Redevelopment of Existing Townhall Building, Madhupur, Jharkhand. |
| 2. | Mode of Bid Submission | e-tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |
| 3. | Estimated Cost (Rs.) | Rs 9,22,12,866/- |
| 4. | Time of Completion | 11 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 5. | Tender Fee and Bid Security to be submitted online | Tender document fee: Rs. 25,000/-(Rupees Twenty- Five Thousand) only Non-Refundable. Bid Security: Rs. 9,22,500/-(Rupees Nine Lakh Twenty-Two Thousand Five Hundred) only. |
| 6. | Date / Time of Publication of Tender on Website | 16.08.2024 17:00 Hrs |
| 7. | Last Date/Timeof Bid Submission | 30.08.2024 17:00 Hrs |
| 8. | Date of Bid Opening | 31.08.2024 17:30 Hrs |
| 9. | Bid Submission Address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Limited, JUIDCO Bhawan, Kutchery Road Ranchi – 834001 |
| 10. | Helpline No. of e-Procurement Cell | +91 651 2225878 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Limited, Ranchi

PR.NO.332623 Urban Development and Housing(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची**

अति अल्पकालिन ई– निविदा (प्रथम आमंत्रण)

निविदा सं०– 06 of 2024–25 तिथि –13.08.2024

| क्र0 | कार्य का नाम | Special repair of VISWA Hostel 3rd Floor with replacement of old and Damage G.I. Pipe, Sanitary fittings of bath rooms, Floor and Wall tiles, false ceiling , electrification and its allied work. |
|---|---|---|
| 1 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 43.32399 लाख |
| 2 | अग्रधन की राशि (रूपये में) | 87000.00 |
| 3 | परिमाण विपत्र की राशि (रू०) | 5000.00 |
| 4 | कार्य समाप्ति की अवधि | 60 दिन |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 22.08.2024 up to 05.00 P.M. |
| 6 | बीड प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 29.08.2024 up to 03.30 P.M. |
| 6 | निविदा खोलने की तिथि | 30.08.2024 up to 4.00 P.M. |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8 | ई0 प्रोक्युरमेंट कार्यालय का सम्पर्क न0 | 09931714236 |
| 9 | ई0 प्रोक्युरमेंट केन्द्र का हेल्पलाईन नम्बर :– | |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है तदनुरुप परिमाण विपत्र का मूल्य तथा अग्रधन की राशि बढ़ या घट सकती है।
2. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान संवेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर उस बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदाकार की होगी।

Further details can be seen on website
http://jharkhandtenders.gov.in

जल ही जीवन है।
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गोन्दा, राँची।

PR 332671 Drinking Water and Sanitation (24-25)D


# स्वतंत्रता दिवस को लेकर दुमका और रांची में विशेष सतर्कता

# अलर्ट मोड पर पुलिस, नक्सलियों पर खास नजर

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** 15 अगस्त यानी लोकतंत्र के महापर्व को मनाने को लेकर पूरे झारखंड के लोगों में बेहद उत्साह देखने को मिल रही है। वहीं, दूसरी तरफ झारखंड पुलिस पूरी तरह से स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट है। खासकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विशेष नजर रखी जा रही है। इस मौके पर पर असामाजिक तत्व या नक्सली संगठन कोई बाधा उत्पन्न न करें, इसके लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों में हर तरह की सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल नक्सलियों ने 14 अगस्त की रात को चाईबासा में हमला कर दिया था, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर सहित दो जवान शहीद हो गये। इसे ध्यान में रखते हुए विशेष सतर्ककता बरती जा रही है। राजधानी रांची और उपराजधानी दुमका में विशेष चौकसी बरती जा रही है। नक्सल इलाकों को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षाबलों के मूवमेंट को लेकर भी सतर्कता बरतने की हिदायत दी गयी है।

**नक्सलियों पर विशेष नजर :** हथियार के बल पर सत्ता हथियाने का ख्वाब देखने वाले नक्सली अक्सर 15 अगस्त के अवसर पर काला झंडा फहराने समेत बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर दहशत फैलाने की साजिश करते हैं। किसी भी साजिश को नाकाम करने के लिए नक्सल प्रभावित जिलों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि नक्सल प्रभावित जिलों के साथ-साथ सामान्य जिलों में भी पुलिस को लगातार गश्त करने की हिदायत दी गयी है। पुलिस मुख्यालय के द्वारा आदेश जारी कर नक्सलियों की गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया है, खासकर नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों पर। भाकपा माओवादी हर साल इस मौके पर अपने प्रभाव वाले इलाके में काला झंडा फहराने की कोशिश करते हैं। साल 2023 में नक्सलियों ने 14 अगस्त की रात को चाईबासा में हमला कर दिया था, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर सहित दो जवान शहीद हो गए थे। नक्सलियों के हमले में झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी और हवलदार गौतम शहीद हो गये थे।

### दुमका-रांची में भी कड़े सुरक्षा का इंतजाम

राजधानी रांची और दुमका में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन विशेष होता है। राजधानी रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे , वहीं दुमका में राज्यपाल झंडोत्तोलन करेंगे। ऐसे में दोनों जगहों की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किये गये हैं। दोनों जगह सुरक्षा के साथ-साथ ट्रैफिक की भी विशेष व्यवस्था की गयी है। ट्रैफिक रूट का भी निर्धारण कर दिया गया है।

### मोरहाबादी मैदान में 200 जवान तैनात रहेंगे

राजधानी रांची में भी स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित होना है। मोरहाबादी मैदान की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी 200 पुलिस बलों के हाथों में होगी। इसके अलावा सफेद लिबास में भी जवान तैनात रहेंगे। राजधानी रांची के खलारी, बुंडू और तमाड़ में पिछले 6 महीने के दौरान नक्सलियों की गतिविधियां कुछ बढ़ी है, जिसके चलते विशेष सतर्कता बरती जा रही है ताकि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नक्सली कोई गड़बड़ी न कर सकें।

## चेक बाउंस मामले में आकाश सामंत की सजा बरकरार

रांची। प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने चेक बाउंस में सजायाफ्ता टाटीसिल्वे के आदर्श नगर निवासी आकाश सामंत( 47) की सजा को बरकरार रखा है। अदालत ने उसकी ओर से दाखिल क्रिमिनल अपील सुनवाई प श्चात खारिज कर दी है। अदालत ने अपीलकर्ता के विरूद्ध दोषसिद्धि के निर्णय और सजा के आदेश की पुष्टि कर दी है। इससे उसकी मुश्किलें बढ़ गई है। न्यायिक दंडाधिकारी रूची दयाल की अदालत ने 20 मार्च 2024 को चेक बाउंस के आरोप में दोषी पाकर आकाश सामंत को एक साल की सजा और 29 लाख 84 हजार 630 रुपये का जुर्माना लगाया था।

# हिंडनबर्ग की नयी रिपोर्ट के विरोध में कांग्रेस ने देशभर में 22 को प्रदर्शन का किया ऐलान

### कांग्रेस की बैठक में अडानी महाघोटाले की जांच जेपीसी से कराने का प्रस्ताव पारित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




रांची। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की बैठक दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई, जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी उपस्थित थे। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव, प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्षों की आयोजित इस बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी भाग लिया।

बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि अडानी महाघोटाले की जांच जेपीसी से कराई जाए। केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराई जाए। भारत का संविधान के प्रति पूरी सच्ची और सम्मान की भावना रखी जाए। बैठक में केंद्र सरकार से बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यको और उनके पूजा स्थलों पर हो रहे हमलों को रोकने उन्हें सुरक्षा सम्मान का जीवन जीने में सक्षम बनाने हेतु हर संभव कदम उठाने का आह्वान भी किया गया।

हिंडनबर्ग की नई रिपोर्ट आने के बाद विपक्षी दल भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी बुच के इस्तीफे और अडानी समूह से जुड़े मामले की संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसीसी) से जांच की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस इसी मांग को लेकर आगामी 22 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन करने का ऐलान कर दिया है। कांग्रेस पार्टी के महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश इकाई के अध्यक्षों की बैठक के बाद कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार यह घोषणा की।

**आर्थिक और सामाजिक विषमता की खाई बढ़ेगी : ठाकुर** : बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि देश के युवाओं,किसानों,महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कांग्रेस द्वारा पूर्व मे उठाये गये मुद्दों के साथ संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया गया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान केंद्र सरकार जिस तरह से चल रही है, उससे आने वाले समय मे देश में आर्थिक और सामाजिक विषमता की खाई बढ़ेगी, जिससे हमें जनता को सावधान रखना होगा। उन्होंने कहा कि अपने निजी स्वार्थ पूर्ति के लिए वर्तमान सरकार संविधान में बदलाव की मंशा को पूरा करने के लिए पिछले दरवाजे का सहारा लेने का प्रयास कर रही है, उसे विफल करना होगा। उन्होंने कहा की राहुल जी द्वारा की गई भारत जोड़ो न्याय यात्रा से झारखंड के आम जनमानस के बीच में एक अमिट विश्वास उत्पन्न हुआ है, जिसका फल हमें लोकसभा चुनाव में मिला है। उन्होंने राहुल गांधी से अगस्त के अंतिम सप्ताह में झारखंड में समय देने का आग्रह करते हुए कहा कि आपके द्वारा उठाए गए मुद्दों को लेकर झारखंड कांग्रेस लगातार संगठनत्मक कार्यक्रम कर रही है और केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार आगे भी जन्म मुद्दों को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर संघर्ष जारी रहेगा।

### कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास बढ़ा : मीर

बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि संसद में राहुल गांधी द्वारा जनमुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाने के कारण कांग्रेस के प्रति जनता का विश्वास प्रगाढ़ हुआ है। आज आम आवाम में यह धारणा बनी है कि देश के मजलूमों और वंचितों की आवाज पंचायत से लेकर संसद तक राहुल गांधी के नेतृत्व में जरूर गूंजेगी। देश के संविधान के अनुसार नैसर्गिक न्याय को ध्यान में रखते हुए जनता के हितों के लिए संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करना कांग्रेस की प्राथमिकता है। जनता के बीच भेदभाव उत्पन्न कर वर्तमान केंद्र सरकार भी अपने पुराने एजेंडे पर चल रही है। निर्णय लेने की अक्षमता, पूंजीपति मित्रों को बचाने की मोदी जी की विवशता, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कोई व्यापक दृष्टिकोण का ना होना, सामाजिक व्यवस्था के अनुसार आम लोगों को उनका अधिकार प्राप्त न होना, वैश्विक दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार के नीति का निर्धारण नहीं होना वर्तमान सरकार की सफलता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर रहा है।


**Government of Jharkhand**
**Department of School Education and Literacy**
**(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)**
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**e-Procurement Notice – 3rd Call**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of 09 Nos. of Upgraded +2 High School located in Giridih District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 29.08.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Sd/-(Aditya Ranjan)State Project Director
Jharkhand Education Project Council

Ref. No.: JEPC/CIV/03/803/2023/ 2975 Ranchi, Date : 13 .08.2024
PR 332650 (Jharkhand Education Project Council)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**खान एवं भूतत्व विभाग, जिला खनन कार्यालय, कोडरमा।**
Email Id- dmo-koderma@jharkhandmail.gov.in

**आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सरकारी एवं अन्य परियोजनाओं में, वृहत तैयार पर निर्माण कार्यों में बालू की आपूर्ति की वस्तुस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए व्यक्तिगत क्रेताओं को दिनांक– 01.08.2024 से 31.12.2024 तक उचित दर पर वैध बालू खनिज की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु स्वयं के उपयोग के लिए व्यक्तिगत क्रेताओं को श्रेणी– II (Category- II) के बालूघाटों से निःशुल्क बालू खनिज उपलब्ध कराने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा लिया गया है। उक्त के आलोक में गैर– आयकरदाता व्यक्तिगत क्रेताओं तथा राज्य सरकार द्वारा दी गई व्यक्तिगत लाभ की योजना हेतु आम जनों के निजी उपयोग के लिए निःशुल्क बालू की व्यवस्था निगम के वेबसाईट (www.jsmdc.in) पर की गयी है। वर्तमान में निगम द्वारा कोडरमा जिलान्तर्गत श्रेणी– II (Category- II) के निम्नांकित बालूघाट / स्टॉकयार्ड संचालित है :–

| क्र0 | अंचल | स्टॉकयार्ड की विवरणी | |
|---|---|---|---|
| 1 | चन्दवारा | झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 (JSMDC Ltd.) (JIMMS ID- 031078112001) | मौजा– कांटी (मुर्तिया) खाता सं0– 192 प्लॉट सं0– 2567 एवं 2568 रकबा– 1.80 एकड़ |

इच्छुक व्यक्ति / क्रेता झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 के वेबसाइट www.jsmdc.in से online sand booking के माध्यम से registration कर निःशुल्क बालू की Booking कर लाभान्वित हो सकते है। योजना की पूर्ण जानकारी निगम के वेबसाइट www.jsmdc.in पर उपलब्ध है।

जिला खनन पदाधिकारी
कोडरमा।

PR 332608 (Mines and Geology) 24-25 (D)


# हाइवे निर्माण के लिए जमीन व वन भूमि की समस्या से अटकी परियोजनाओं में लायें तेजी : गडकरी

### झारखंड सहित चार राज्यों की समीक्षा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी ने नयी दिल्ली में दूसरे दिन भी झारखंड सहित चार राज्यों के हाइवे प्रोजेक्ट की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने रिव्यू में झारखंड के पथ निर्माण विभाग व वन विभाग के पदाधिकाररियों, भू-राजस्व विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ राज्य की लंबित परियोजनाओं की जानकारी ली। यह बात सामने आयी कि जमीन अधिग्रहण और वन भूमि क्लीयरेंस की वजह से राज्य की कई हाइवे परियोजना लंबित चल रही है। कई महत्वपूर्ण नेशनल हाइवे की सड़कों पर अतिक्रमण भी है, जिसे हटाया नहीं जा रहा है। कोलकाता-रांची-वाराणसी एक्सप्रेस-वे का काम झारखंड में अब भी शुरू नहीं हो सका है, जबकि इसका टेंडर पहले ही डिसाइड हो चुका है। राज्य के छह जिलों से गुजरनेवाले इस हाइवे मे कई जगह जमीन की भी समस्या है। इसी तरह रांची-कुडु-वाराणसी रोड परियोजना में भी आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली गयी। जमीन के बदले दूसरी जगह वन रोपण के लिए जमीन लेकर वन विभाग को सौंपने के नियम पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने इस पर वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये।

केंद्रीय मंत्री ने झारखंड में चल रहे सारे रोड प्रोजेक्ट के काम को तेजी से पूरा कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, झारखंड, उड़ीसा राज्यों की 100 करोड़ से अधिक की हाइवे परियोजना की प्रगति पर चर्चा हुई। मंगलवार को उड़ीसा व कर्नाटक पर अधिक फोकस किया गया। केंद्रीय मंत्री ने राज्य सरकार के पदाधिकारियों को नई परियोजना भेजने व आउटर रिंग रोड पर भी चर्चा की। राज्य सरकार ने भी कई परियोजनाओं की मांग की है। गंगा ब्रिज निर्माण पर भी तेजी लाने को कहा है। इसमें राज्यों के अधिकारियों के अलावा संवेदक, कंसल्टेंट, इंजीनियर व मंत्रालय के पदाधिकारी भी शामिल हुए।

### हेमंत राज में अपराधियों का मनोबल चरम पर : मरांडी

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत राज में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में कोई सुरक्षित नहीं है।अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि सुरक्षा कर्मी भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की धरती फिर एक निर्दोष संथाल आदिवासी के खून से रक्तरंजित हो गई। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज में तैनात संथाल आदिवासी हवलदार चोहन हेंब्रम की हत्या कर मो शहीद अंसारी फरार हो गया। उन्होंने कहा कि कौम विशेष के लोग सरकार के संरक्षण में सुनियोजित साजिश के तहत आदिवासियों को खत्म करने पर तुले हुये हैं।


**कार्यालय**
**हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग**

**–: इच्छा की अभिव्यक्ति :–**

नगरीय प्रशासन निदेशालय के निर्देशानुसार DAY-NULM योजना अंतर्गत SEP-I एंव G तथा SHG बैंक लिंकेज प्राप्त लाभुकों को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। हजारीबाग नगर निगम अंतर्गत आंवटित लक्ष्य के आलोक में 2024–25 में SEP-I घटक अंतर्गत ऋण प्राप्त व्यक्तिगत लाभुकों तथा बैंक लिकेंज से आच्छादित स्वंय सहायता समूह के अधिकत्तम तीन सदस्यों को प्रशिक्षण (EDP) दिया जाना है। इच्छुक Rural Self Employement Training Instituted (RSETI), NIESBUD, Ni-MSME, EDI, NCVET recognized institutions/ bodies engaged in entrepreneurship development/training, management/ educational institutes, reputed NGOs eganged in entrepreneurship development/training से संबधित दस्तावेज दिनांक 20 अगस्त 2024 अपराह्न 1:00 बजे तक नगर निगम कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करेगें। साथ ही प्रशिक्षण संबंधित प्रस्तुतिकरण दिनांक– 20.08.2024 अपराह्न 02:30–04:30 बजे तक देना सुनिश्चित करेगें।

प्रशिक्षण संबंधी पूर्ण विवरणी नगर निगम की DAY-NULM शाखा से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।

सहायक नगर आयुक्त,
नगर निगम, हजारीबाग

PR 332701 Urban Development and Housing(24-25).D



**समाहरणालय हजारीबाग**
**(समाज कल्याण शाखा)**

**– इच्छा की अभिव्यक्ति (पुर्नअल्पकालीन सूचना) –**

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार अधीन मिशन शक्ति के घटक संबल के तहत हजारीबाग जिलान्तर्गत संचालित वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग में बचाव की स्थितियों से निपटने, जाँच, परिवार के साथ पुनः एकीकरण, हिंसा से प्रभावित महिलाओं की चिकित्सा, विधिक और पुलिस सहायता के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाने आदि के लिए एक "व्यवसायिक वाहन" रखे जाने हेतु इच्छा की अभिव्यक्ति सम्बन्धी पुर्नअल्पकालीन सूचना का प्रकाशन कराते हुए प्रस्ताव आमंत्रित किया गया था। निर्धारित तिथि तक प्राप्त प्रस्ताव; इच्छा की अभिव्यक्ति सम्बन्धी शर्तों के अनुरूप नहीं पायें जाने की स्थिति में जिला स्तरीय क्रय समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में पुनः अल्पकालीन सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। व्यवसायिक वाहन हेतु विवरणी निम्नवत है–

| क्रम | विवरणी | मात्रा | अनुमानित अधिकतम वार्षिक दर |
|---|---|---|---|
| 1. | वन स्टॉप सेन्टर, हजारीबाग हेतु व्यवसायिक चार पहिया वाहन; वाहन चालक, ईधन आदि सहित | एक (01) | 4,50,000/– रूपये |

उपरोक्त विवरणी के अनुसार व्यवसायिक वाहन उपलब्ध कराने हेतु इच्छुक प्रस्तावक मुहरबंद लिफाफे में प्रस्ताव जिला समाज कल्याण कार्यालय में दिनांक– 27.08.2024 को 12:00 बजे अपराह्न तक स्पीड पोस्ट / निबंधित डाक अथवा स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरांत प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त प्रस्तावों को उक्त तिथि को 03:00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष निविदादाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में खोला जायेगा। इच्छा की अभिव्यक्ति से सम्बन्धित नियम एवं शर्तें पूर्ववत हीं रहेगा।

ह0/–
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
हजारीबाग।

PR 332696 (Women, Child Development & Social Security) 24-25 (D)


## बेंगलुरु में मानव-हाथी संघर्ष पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में बोले मंत्री बैजनाथ राम

# मानव-हाथी संघर्ष निराकरण का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा है कि हाथी न केवल वन्यप्राणी साम्राज्य की प्रमुख प्रजाति है, बल्कि भारतीय संस्कृति में भी पूजनीय जीव माना जाता है। हमारे देश में सदियों से मानव और वन्यप्राणी शांति पूर्वक सह-अस्तित्व में रहते आए हैं। फिर भी कुछ समय से मानव की आगे बढ़ने की प्रत्याशा ने दोनों प्रजातियों के बीच संघर्ष की स्थिति उत्पन्न कर दी है। इसी के परिणामस्वरूप अप्रिय स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और इससे दोनों पक्षों की जान-माल की हानि हो रही है। शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम विश्व हाथी दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में कर्नाटक सरकार द्वारा आयोजित मानव- हाथी संघर्ष पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कर्नाटक की वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्नाटक में वैज्ञानिक तरीके से वन और वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है। कर्नाटक सरकार द्वारा मानव- हाथी संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करने के लिए विश्व के प्रमुख विशेषज्ञों को एक साथ लाने की पहल सराहनीय है।

**झारखंड एक लैंडलॉक राज्य :** शिक्षा मंत्री ने कहा कि झारखंड वनों की भूमि है। यहां 29 प्रतिशत से अधिक भूमि वनाच्छादित है। झारखंड एक लैंडलॉक (चारों ओर से जमीन से घिरा) राज्य है, जहां हाथियों की एक स्वस्थ आबादी विचरण करती है। यह राज्य चारों तरफ से हाथियों के प्रवास अनुकूल क्षेत्र वाले राज्यों से भी घिरा हुआ है और ईस्ट सेंट्रल एलिफेंट लैंडस्कैप के रूप में चि ि्नत है। यह परिदृश्य जहां एक ओर उचित वैज्ञानिक वन्यप्राणी प्रबंधन में कठिनाई उत्पन्न करता है, वहीं दूसरी ओर संबंधित राज्यों के बीच आपसी समन्वय के महत्त्व एवं उसकी आवश्यकता को इंगित करता है।

### हमारे पास बड़े निरंतर वन क्षेत्र नहीं

नवीनतम गणना से पता चलता है कि झारखंड में लगभग 600 से 700 हाथियों का बसेरा है। हमारे पास संतोषजनक वन क्षेत्र है, लेकिन हमारे पास बड़े निरंतर वन क्षेत्र नहीं हैं। भूमि खंडित है और जानवरों के गलियारे टूट चुके हैं। फसल कटाई का समय अक्सर हाथियों के प्रवास के समय से मेल खाता है, जिससे हमारे गरीब लोगों और इस महान जीव के बीच संघर्ष उत्पन्न होता है। झारखंड के लोगों का जीवन प्रकृति और उसके संरक्षण के साथ अटूट रूप से जुड़ा है, किन्तु झारखंड भी मानव- वन्यप्राणी संघर्ष के वैश्विक रुझान से अछूता नहीं है और हम अपने तरीके से इससे निपट भी रहे हैं।

सुप्रभात
रांची, बुधवार
14.08.2024
* * नगर संस्करण । पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net सावन, शुक्ल पक्ष, नवमी-दशमी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 36

12 कलाकारों को लाइव देखना एक अलग अनुभव : अदिति

## न्यूज डायरी

### राष्ट्रपति आज शाम राष्ट्र को करेंगी संबोधित

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क और दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसका प्रसारण किया जायेगा। हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जायेगा।

### पटना पहुंची झारखंड एटीएस की टीम

**रांची।** पटना स्टेशन पर बरामद 50 लाख रुपये की जांच करने झारखंड एटीएस की टीम पटना पहुंची। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि पटना स्टेशन से आरपीएफ ने शनिवार को 50 लाख रुपये के साथ एक व्यक्ति को हिरासत में लिया था। जांच में यह बात सामने आयी है कि बरामद पैसे झारखंड के रामगढ़ जिले के पवन ठाकुर का है। पवन ठाकुर सीधे तौर पर पांडेय गिरोह से जुड़ा हुआ है।

### लातेहार : नदी में डूबे दो युवक, एक की मौत

**लातेहार।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जिपुआ गांव निवासी चचेरे भाई फरहान और शाहबाज मंगलवार को दामोदर नदी में नहाने के दौरान तेज बहाव में बह गये। इनमें एक युवक मोहम्मद शाहबाज अंसारी का शव बरामद कर लिया गया। दूसरा युवक फरहान अंसारी लापता है। घटना की जानकारी के बाद बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचकर दूसरे युवक को खोजने का प्रयास कर रहे हैं।

### पीएलएफआई का उग्रवादी गिरफ्तार

**रांची।** पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को बताया कि छापेमारी के क्रम में गुमला जिला से फरार पीएलएफआई उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल सिंह को नगड़ी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ गुमला जिला में 09 कांड दर्ज है और 09 कांडों में फरार चल रहे हैं।

### जेएसएससी की सीजीएल परीक्षा 21-22 सितंबर को

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन 21 सितंबर और 22 सितंबर को करेगी। इसके लिए मंगलवार को जेएसएससी ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। मालूम हो कि इस परीक्षा का आयोजन बीते 28 जनवरी और 4 फरवरी को होना था। 28 जनवरी को परीक्षा का आयोजन किया भी गया था, लेकिन उसका प्रश्न पत्र लीक हो गया था। इसके बाद विरोध प्रदर्शन के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था।

केस डायरी सीबीआई को सौंपने का कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश

# कोलकाता डॉक्टर हत्याकांड की जांच सीबीआई के हवाले

**हाई कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल पद से इस्तीफा देने वाले संदीप घोष की किसी भी अस्पताल में नियुक्ति पर आदेश तक लगायी रोक**

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया है। मंगलवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम ने केस डायरी का अवलोकन करने के बाद यह आदेश दिया। हाई कोर्ट का कहना है कि पुलिस और अस्पताल द्वारा की गयी जांच और तथ्य संतोषजनक नहीं है। केस डायरी से भी अदालत संतुष्ट नहीं है, इसीलिए सीबीआई को पूरी घटना की जांच का जिम्मा दिया गया है। मामले की जांच कोर्ट की निगरानी में होगी। कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पांच दिन बाद भी घटना की जांच में कोई प्रगति नहीं हुई, इसलिए अब कोलकाता पुलिस आगे जांच नहीं करेगी। चीफ जस्टिस ने कोर्ट में मौजूद सीबीआई अधिकारी को अगली सुनवाई में केस डायरी सौंपने का आदेश दिया।



कलकत्ता हाईकोर्ट

*कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि राज्य सरकार को मामले से संबंधित सभी जानकारी और दस्तावेज सीबीआई को सौंपने होंगे। इसके अलावा, पुलिस की तरफ से जुटाए गए सभी सीसीटीवी फुटेज भी सीबीआई को सौंपे जाने चाहिए।*

### एनएचआरसी ने दो हफ्ते में मांगी रिपोर्ट

कोलकाता में डॉक्टर से रेप और हत्या मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग यानी एनएचआरसी ने प. बंगाल पुलिस और राज्य के मुख्य सचिव को नोटिस जारी किया है। एनएचआरसी ने स्वतः संज्ञान लेते हुए दो हफ्ते में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इस घटना के खिलाफ देश भर के डॉक्टर हड़ताल कर रहे हैं।

## महिला डॉक्टर को बेहोश कर किया दुष्कर्म, फिर मार डाला

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

**कोलकाता।** महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पुलिस को मिल गयी है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला डॉक्टर को पहले बेहोश किया गया, फिर दुष्कर्म के बाद गला घोट कर उसकी हत्या कर दी गयी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपी जब पीड़िता के पास पहुंचा, तब वह लाल ब्लैंकेट ओढ़ कर सो रही थी। आरोपी ने पहले पीड़िता का मुंह और नाक दबा कर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक, आरोपी ने महिला के साथ हाथापाई भी की। पीड़िता जहां सो रही थी, उसके पास रखी पुस्तक की कुछ प्रतियां फटी हुई मिली हैं। उसका चश्मा भी टूटा था। संभवतः चश्मे के शीशे से ही उसकी आंख में भी चोट लगी थी, जिसके कारण आंख से खून निकल रहा था। पीड़िता के नाखून से मिले मांस के कुछ अंश आरोपी के शरीर के हो सकते हैं। पीड़िता के चेहरे, गर्दन और प्राइवेट पार्ट पर भी जख्म के निशान हैं।

### रिम्स में भी ओपीडी और ओटी सेवा ठप

**रांची।** कोलकाता में जूनियर महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया। इससे ओपीडी और सर्जरी सेवा बंद रही। रिम्स में सुबह 9 बजे ओपीडी खुला। सीनियर डॉक्टर अपने केबिन में बैठे भी। तभी जूनियर डॉक्टरों ने वहां घूम-घूमकर ओपीडी बंद करा दिया। डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार के कारण सभी मरीज दिनभर परेशान रहे। ओपीडी सेवा बंद कराने के बाद सभी जूनियन डॉक्टर अधीक्षक कार्यालय के समक्ष ओनियन हॉल में जमा हुए और शाम तक वहीं डटे रहे।

# स्पेशल ब्रांच ने किया आगाह, झारखंड में घुसपैठ कर सकते हैं बांग्लादेशी नागरिक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बांग्लादेश में बिगड़ते हालात के बीच झारखंड में बांग्लादेशी मूल के लोगों की घुसपैठ का खतरा बढ़ गया है। झारखंड पुलिस के स्पेशल ब्रांच ने आशंका जतायी है कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में बांग्लादेशियों की घुसपैठ हो सकती है। स्पेशल ब्रांच के एसपी ने राज्य के सभी डीसी, रांची एसएसपी, धनबाद एसएसपी और जमशेदपुर एसएसपी और सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखकर आगाह किया है कि बांग्लादेशी मूल के नागरिकों की घुसपैठ से इंकार नहीं किया जा सकता, इसलिए इस पर निगरानी रखने की सख्त जरुरत है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अगर घुसपैठ से संबंधित कोई सूचना किसी अधिकारी को मिलती है तो वे अविलंब कार्रवाई करते हुए स्पेशल ब्रांच को इसकी सूचना दें। घुसपैठ होने की आशंका के बाद राज्य के मुख्य सचिव ने भी संथाल के छह जिलों के डीसी और एसपी के साथ बैठक कर कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए हैं। स्पेशल ब्रांच के इस अलर्ट के बाद झारखंड पुलिस और जिला प्रशासन काफी सचेत है।

बता दें कि बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में चौकसी तेज कर दी गई है, जहां बांग्लादेश की सीमा है।

### घुसपैठियों को चिह्नित करे स्पेशल ब्रांच : कोर्ट



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने स्पेशल ब्रांच को संथाल इलाके में बांग्लादेशी मूल के घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा है कि जिला प्रशासन संथाल के छह जिलों में पहचान के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले उस व्यक्ति की भूमि व अन्य दस्तावेजों का मिलान करें। हाईकोर्ट ने दानयाल दानिश की जनहित याचिका में बीएसएफ के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी के महानिदेशक, चुनाव आयोग, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के निदेशक को भी प्रतिवादी बनाया है। अदालत अब इस मामले में 22 अगस्त को सुनवाई करेगा।

## निक्की और सलीमा को रांची में जमीन देगा बोर्ड

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड ने नेशनल महिला हॉकी टीम की प्लेयर्स सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को राजधानी रांची के हरमू में जमीन देने का फैसला लिया है। इस जमीन पर वे दोनों घर बना सकती हैं। बोर्ड मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित बोर्ड की 74वीं बैठक में इस संबंध में आये प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया। बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 19 प्रस्ताव लाए गये।



चेयरमैन ने मीडिया को बताया कि सलीमा टेटे और निक्की प्रधान जैसी महिला हॉकी खिलाड़ी को हरमू में सरकारी कोटे से घर बनाने को जमीन देने का प्रस्ताव अनुमोदित कर दिया गया है। दोनों को 3750-3750 वर्ग फीट जमीन का आवंटन होगा।

### छविरंजन की हिरासत अवधि 12 दिन बढ़ी

**रांची।** बरियातू के चेशायर होम रोड स्थित एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लाउंड्रिंग मामले में आरोपी जेल में बंद रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन समेत आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि पीएमएलए कोर्ट ने 12 दिन बढ़ा दी है। इससे पूर्व जेल में बंद आरोपियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किया गया। अदालत ने अगली पेशी की तारीख 24 अगस्त निर्धारित की है। वर्तमान में यह मामला आरोप गठन पर चल रहा है। आरोपियों को ईडी ने पुलिस पेपर सौंप चुकी है।

### बाबा रामदेव के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही बंद



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि लिमिटेड, इसके संस्थापक योग गुरु बाबा रामदेव और मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण के खिलाफ अदालत की अवमानना का मामला खत्म कर दी है और उन्हें भविष्य में कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन न करने की चेतावनी दी है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के दोनों संस्थापकों पर 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमिडिज एक्ट' का उल्लंघन कर अपनी कंपनी के उत्पादों के भ्रामक विज्ञापन का आरोप था। अदालत ने उन्हें कहा था कि वो ये लिख कर देंगे कि आगे से गुमराह करने वाले विज्ञापन नहीं देंगे। इसी मामले में रामदेव और बालकृष्ण की माफी शीर्ष अदालत ने मंजूर कर ली। इसके बाद उनके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्रवाई बंद कर दी गयी।

## फरार नक्सलियों के घर की होगी कुर्की-जब्ती : डीजीपी



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** डीजीपी अनुराग गुप्ता के निर्देश पर झारखंड पुलिस राज्य में फरार हार्डकोर नक्सलियों का घर कुर्क करेगी। पुलिस मुख्यालय में सोमवार को बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। डीजीपी ने नक्सलियों के द्वारा अवैध उगाही को रोकने का भी निर्देश दिया है। श्री गुप्ता ने कहा कि हार्डकोर नक्सलियों और स्पिलंटर ग्रुप पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में जमानत पर रिहा होनेवाले नक्सलियों की गतिविधि पर नजर रखने, पुलिस पिकेट पर सुरक्षा ऑडिट, नक्सली समर्पण राशि के भुगतान की स्थिति, मुआवजा राशि का बकाया भुगतान, नक्सली क्षेत्रों में मोबाइल संचार, सड़क आदि के बारे में जानकारी साझा की गयी।

**रणनीति बनाने पर जोर :** बैठक में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस विंध्वसक कार्रवाई को लेकर एक रणनीति बनाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें चाईबासा, बोकारो, गिरिडीह, लातेहार, पलामू एसपी को नक्सलियों के विरूद्ध अभियान चलाकर राज्य को नक्सल मुक्त करने का आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

बैठक में एडीजी अभियान संजय लाटकर, अपर पुलिस महानिदेशक अभियान सीआरपीएफ साकेत सिंह, आइजी प्रभात कुमार, आइजी अखिलेश झा, आइजी एवी होमकर, डीआइजी अनूप बिरथरे, आइजी कार्तिक एस, एसआइबी के आइजी उत्कर्ष प्रसून, अभियान एसपी अमित रेणु थे।

अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल चैंपियनशिप

### झारखंड टीम चैम्पियन बनी

**रांची।** दिल्ली के डॉ. आंबेडकर स्टेडियम में आयोजित 63वीं अंतरराष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में मंगलवार को झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब हासिल कर लिया। झारखंड टीम ने बांग्लादेश को चार-एक के अंतर से पराजित कर 63वीं राष्ट्रीय सुब्रतो कप अंडर 17 बालिका वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में पराजित कर चैंपियन बन गयी।

झारखंड की ओर से फाइनल मुकाबले में संजना उरांव ने 2 गोल, उर्वशी कुमारी और बबिता कुमारी ने एक एक गोल किया जबकि बांग्लादेश ने केवल एक गोल किया। टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार झारखंड की ललिता बोनपाई को दिया गया। टूर्नामेंट की बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार अनिशा उरांव को दिया गया।

**₹17 हजार मानदेय पर काम करने वाले ने बनायी अकूत संपत्ति**

## ₹6.97 करोड़ घोटाला मामले में ईडी का प्रमोद सिंह के आवास पर छापा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एनएचएम के 6.97 करोड़ रुपये के घोटाला मामले में मंगलवार को ईडी की टीम ने धनबाद में प्रमोद सिंह के ठिकानों पर छापामारी की। चार इनोवा गाड़ियों में सुरक्षाबलों के साथ सवार हो कर रांची से ईडी की टीम धनबाद में प्रमोद सिंह के सहयोगी नगर के सेक्टर थ्री स्थित आवास पर छानबीन की। इससे पहले भी प्रवर्तन निदेशालय ने पिछले महीने 4 जुलाई को प्रमोद सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी और तीन महंगी गाड़ियों को जब्त किया था। छापेमारी के दौरान प्रमोद सिंह ने अपने तीन मोबाइल बाहर भी फेंक दिये थे। इसके अलावा उन्हें 11 जुलाई को रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था।

बताया जाता है कि प्रमोद सिंह ईडी कार्यालय नहीं पहुंचे। इसके बाद अब ईडी मंगलवार को फिर उनके आवास पहुंची। हालांकि प्रमोद सिंह घर में नहीं दिखे। ईडी अधिकारियों ने उनकी पत्नी समेत अन्य स्वजनों से पूछताछ की है। खबर लिखे जाने तक छापेमारी जारी थी।



**क्या है मामला :** बता दें कि प्रमोद सिंह एनआरएचएम में धनबाद के जोड़ा पोखर और झरिया ब्लॉक में अकाउंट मैनेजर था। वर्ष 2008 में संविदा के आधार पर नियुक्त प्रमोद सिंह को मात्र 17 हजार रुपये मानदेय मिलता था। उसे एनआरएचएम के पैसे खर्च करने और कैश बुक लिखने की जिम्मेदारी थी। इसी क्रम में उसने सरकारी राशि का गबन किया। जब मामले में जांच की गई तो पता चला कि उसने धोखाधड़ी कर अपने परिजनों और करीबियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करता था और बाद में उन लोगों से रकम वापस ले लेता था। उसने घोटाले की रकम से अवैध संपति जमा की और अपने रिश्तेदारों के नाम पर गाड़ी खरीदी, जिसका इस्तेमाल वह खुद करता था।

गहना आभूषण
सोना (बिक्री) : 66500 रु./10 ग्राम
चांदी : 86000 रु./प्रति किलो




समिति अगले सत्र तक वक्फ (संशोधन) विधेयक पर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी

# वक्फ बिल के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति

**बीजेपी सांसद जगदंबिका पाल संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के बनाये गये अध्यक्ष**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीजेपी के वरिष्ठ लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार करने के लिए बनायी गयी 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे। लोकसभा सचिवालय की तरफ से जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने जगदंबिका पाल को 31 सदस्यों की समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष ने जोरदार विरोध किया था।



**समिति में लोकसभा के 21 और रास के 10 सदस्य शामिल :** केंद्र सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया था। 31 सदस्यों वाली इस संयुक्त समिति में लोकसभा से 21 और राज्यसभा से 10 सांसद सदस्य होंगे। अगले सत्र तक यह समिति अपनी रिपोर्ट सौंप देगी।

इस मामले में लोकसभा और राज्यसभा ने शुक्रवार को केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा पेश एक प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया था। जिसमें समिति का हिस्सा बनने के लिए सदस्यों को नामित किया गया था। समिति में लोकसभा के 21 सदस्यों में बीजेपी से आठ और कांग्रेस के तीन सांसद शामिल हैं, जबकि राज्यसभा से समिति में बीजेपी से चार और एक-एक सदस्य कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कगडम, वाईएसआर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के हैं। एक मनोनीत सदस्य को भी समिति का हिस्सा बनाया गया है।

### ये हैं संयुक्त संसदीय समिति में शामिल 31 सदस्य

**लोकसभा सदस्य :** जगदंबिका पाल, डॉ. निशिकांत दुबे, तेजस्वी सूर्या, अपराजिता सारंगी, संजय जायसवाल, दिलीप शाक्य, अभिजीत गंगोपाध्याय, डी.के. अरुणा, गौरव गोगोई, इमरान मसूद, डॉ. मोहम्मद जावेद, मोहिबुल्लाह, कल्याण बनर्जी, ए. राजा, लावु श्री कृष्ण देवरायलु, दिलेश्वर कामेत, अरविंद सावंत, सुरेश गोपीनाथ, नरेश गणपत म्हस्के, अरुण भारती, असदुद्दीन ओवैसी।

**राज्यसभा सदस्यः** बृज लाल, मेधा कुलकर्णी, गुलाम अली, डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, डॉ. सईद नसीर हुसैन, मोहम्मद नदीमुल हक, वी. वियसाई रेड्डी, एम. मोहम्मद अब्दुल्ला, संजय सिंह, डॉ. धर्मस्थल वीरेंद्र हेगड़े।

## ब्रॉडकास्टिंग बिल का नया ड्राफ्ट पेश करेगी सरकार

### बिल पर सुझाव देने की समय-सीमा बढ़ायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ब्रॉडकास्टिंग सर्विस (रेगुलेशन) बिल 2024 वापस ले लिया है। अब विचार-विमर्श के बाद इसका नया ड्राफ्ट तैयार किया जायेगा। इस बिल को पेश किए जाने के बाद इंडिविजुअल कॉन्टेंट क्रिएटर्स और डिजिटल ब्रॉडकास्टर्स की चिंता बढ़ गई थी। यह बिल बीते साल नवंबर में ड्राफ्ट किया गया था। अब केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर बताया कि वो ब्रॉडकास्टिंग सर्विस (रेगुलेशन) बिल के ड्राफ्ट पर काम कर रहा है। मंत्रालय के अनुसार, पुराना ड्राफ्ट बिल 10 नवंबर को पब्लिक डोमेन में आया था। इस पर विभिन्न हितधारकों से सिफारिशें, टिप्पणियां और सुझाव प्राप्त हुई थीं। सूचना प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि ड्राफ्ट बिल पर हितधारकों के साथ लगातार विचार-विमर्श किया जा रहा है। उसने कहा कि अब सुझाव और टिप्पणियां देने के लिए समय-सीमा बढ़ाकर 15 अक्टूबर, 2024 तक कर दी गई है। विस्तृत पैमाने पर विचार-विमर्श के बाद नया ड्राफ्ट प्रकाशित किया जाएगा।



# मोरहाबादी में स्वतंत्रता दिवस समारोह का फुल ड्रेस रिहर्सल

**सभी प्रतिनियुक्त प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से समझ लें : उपायुक्त**

**कार्यक्रम में आने वाले सभी आगंतुकों की जांच गंभीरता से करें : एसएसपी**



**कल के समारोह में हिस्सा लेने वाले विभिन्न प्लाटून**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सीआरपीएफ | एक प्लाटून | जैप-2 | एक प्लाटून |
| आईटीबीपी | एक प्लाटून | रांची पुलिस (महिला) | एक प्लाटून |
| सीआईएसएफ | एक प्लाटून | रांची पुलिस (पुरुष) | एक प्लाटून |
| एसएसबी | एक प्लाटून | होमगार्ड | एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी |
| बिहार पुलिस | एक प्लाटून | | |
| झारखंड जगुआर | एक प्लाटून | | |
| जैप-1 | एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी | एनसीसी एसआर | एक प्लाटून (गर्ल्स) |
| जैप-10 | एक प्लाटून एवं एक प्लाटून बैण्ड पार्टी | एनसीसी | एक प्लाटून (बॉयज) |

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह को लेकर मंगलवार को फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। इस दौरान स्वतंत्रता दिवस को होने वाली गतिविधियों को दुहराया गया।

प्रमंडलीय आयुक्त दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंजनी मिश्रा ने परेड की सलामी ली एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा के द्वारा सभी पार्टियों को परेड से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

स्वतंत्रता दिवस पर मोरहाबादी मैदान में आयोजित झंडोत्तोलन समारोह के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की ज्वायंट ब्रीफिंग भी हुई। इस दौरान पुलिस-प्रशासनिक पदाधिकारियों को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, रांची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची द्वारा जारी संयुक्तादेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को ससमय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंचकर कार्य एवं दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी प्रतिनियुक्त प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल, कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से समझ लें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथियों को ससमय कार्यक्रम स्थल लाने का कार्य सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी गणमान्य लोगों को ससम्मान उनके निर्धारित स्थान में बैठायें।

ब्रीफिंग के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम में आने वाले सभी आगंतुकों की जांच गंभीरता से करें। कोई भी अवांछित व्यक्ति आपत्तिजनक सामग्री लेकर समारोह स्थल में प्रवेश न करे, इसका विशेष ध्यान रखें।

उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा समारोह स्थल का मुआयना कर शेष आवश्यक तैयारियों को ससमय पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया।

# रांची जोनल आईजी ने की लंबित कांडों की समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में लंबित कांडों की समीक्षा की। आईजी ने रांची ग्रामीण क्षेत्र में साइबर क्राइम से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा की। इस दौरान आईजी ने ग्रामीण एसपी और डीएसपी को निर्देश दिया कि साइबर क्राइम से संबंधित कांडों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें। जिन अनुसंधानकर्ताओं के द्वारा कांड का निष्पादन करने में रूची नहीं ली जा रही है उन अनुसंधानकर्ताओं को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने और बेहतर अनुसंधान करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया।

# अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी के आरोप में झारखंड के छह साइबर अपराधी गिरफ्तार

**झारखंड की लड़कियों को दिया जाता था महीने में एक लाख रुपये वेतन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजस्थान के अजमेर फॉयसागर रोड पर स्थित कॉल सेंटर पर अमेरिकी नागरिकों से करोड़ों रुपये ठगी के मामले में झारखंड के छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो लड़कियां झारखंड की रहनेवाली हैं। इन लड़कियों को कॉल सेंटर के मुख्य सरगना की ओर से एक लाख रुपया महीना वेतन दिया जाता था। पुलिस के मुताबिक, इस मामले में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इन कॉल सेंटर से 29 लैपटॉप और 40 मोबाइल जब्त किये हैं। उक्त सभी कारोबार संजय पैलेस के हॉल में चल रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों में से झारखंड के श्रवण, गुरप्रीत, हरीश चंद्र, अंजलि और शिवानी का नाम शामिल है। जबकि अन्य आरोपी में सरगना पंजाब का शिवम सुरमा, इरफान अली, राहुल यादव, जम्मू और कश्मीर निवासी अक्षित शर्मा, पंजाब निवासी गणेश उर्फ रोनित, सिमरनजीत, हिमाचल प्रदेश निवासी गौरव, हरियाणा निवासी शुभम कौशल, मणिपुर निवासी हेनरी, पंजाब निवासी पारस मल्होत्रा, शशांक, मणिपुर निवास थोउंगगुमंग ऐंठन, चंडीगढ़ निवासी नेहा को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार अमेरिकी नागरिकों के कंप्यूटर-लैपटॉप हैक कर फिर तकनीकी मदद देने के लिए बड़ी कंपनियों के नाम पर ठगी करते थे। फर्जी एप्लिकेशन डाउनलोड करवाते थे और विदेशियों से क्रिप्टो करेंसी में रकम लेते थे और कैश करा लेते थे। शिवम कुमार गिरोह का सरगना है। गिरोह करोड़ों की ठगी कर चुका है। अजमेर के गंज थाना पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इंटरनेशनल लेवल पर ठगी करने वाला यह गिरोह लोगों को झांसा देकर उनके पैसे अकाउंट में डलवाते थे। फर्जी एप्लिकेशन के जरिए यह लोगों को अपने जाल में फंसाते थे। बताया जा रहा है कि मास्टरमाइंड विदेश में बैठकर पूरे नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा था।

## रांची पुलिस ने पीएलएफआइ उग्रवादी अर्जुन को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने पीएलएफआइ उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल को गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए नगड़ी थाना क्षेत्र से फरार उग्रवादी अर्जुन को गिरफ्तार किया है। अर्जुन के खिलाफ गुमला जिला में नौ मामले दर्ज हैं, जिनमें वह फरार चल रहा था। रांची जिला में कोई मामला दर्ज न होने के कारण गुमला पुलिस को सूचित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उग्रवादी अपनी पहचान छिपाकर रांची के नगड़ी इलाके में जीवन यापन कर रहा था। लेकिन रांची पुलिस को मामले की जानकारी हुई और छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जांच में यह भी पता चला है कि गुमला पुलिस द्वारा नेपाल सिंह के घर की कुर्की की कार्रवाई की गयी है।

## बहुचर्चित जज उत्तम आनंद हत्याकांड : दो सजायाफ्ता की अपील पर सुनवाई जारी

**हाई कोर्ट ने लोअर कोर्ट से मांगी दुर्घटना की सीसीटीवी फुटेज**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बहुचर्चित जज उत्तम आनंद हत्याकांड मामले में धनबाद की सीबीआई कोर्ट द्वारा दो अभियुक्तों राहुल वर्मा और लखन वर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाये जाने को चुनौती देने वाली अपील पर मंगलवार को झारखंड हाई कोर्ट में बहस जारी रही। मामले में कोर्ट ने निचली अदालत से दुर्घटना के संबंध में फैक्स के माध्यम से सीसीटीवी फुटेज और मटेरियल एक्जीबिट मांगी है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पैरवी की।

बता दें कि 28 जुलाई 2021 की सुबह जज उत्तम आनंद की ऑटो से टक्कर मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में स्पीडी ट्रायल कर अभियुक्तों को सजा सुनाई गई थी। धनबाद सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 अगस्त 2022 को दोषी राहुल वर्मा और लखन वर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। कोर्ट ने दोषियों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने इन्हें अंतिम सांस तक जेल में रहने की सजा दी थी। यह फैसला सीबीआई जज रजनीकांत पाठक ने सुनाया था। जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।

## खबर एक नजर में

### झारखंड छात्र परिषद ने बांटा तिरंगा झंडा



**रांची।** मंगलवार को झारखंड छात्र परिषद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन पर हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये महत्वपूर्ण बैठक की। इस अवसर पर तिरंगा झंडा वितरण किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सीपी सिंह, झारखंड छात्र परिषद के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा एवं सुनील गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीयूष आनंद एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह ने किया। परिषद के संस्थापक श्री मिश्रा के द्वारा तिरंगा वितरण किया गया एवं हर घर तिरंगा लगाने का आवाहन किया गया । कार्यक्रम में परिषद ने निर्णय लिया गया कि आगामी 15 अगस्त को तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी, जो राजधानी रांची के विभिन्न मार्गों से होते हुये स्वामी विवेकानंद सरोवर में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में कैलाश केसरी, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, अनिल गुप्ता, प्रकाश पाल, इंदर सिंह, मनीष श्रीमाली, विश्वजीत घोष, साहिल कुमार,8/13/2024 8:32:07 ढट नवनीत पांडेय सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सदर अस्पताल में गॉलब्लैडर कैंसर पर सेमिनार आयोजित



**रांची।** सदर अस्पताल में मंगलवार को गॉलब्लैडर कैंसर पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सर्जरी विभाग की तरफ से आयोजित इस सेमिनार में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार मुख्य अतिथि और उपाधीक्षक डॉ बिमलेश सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। सेमिनार में मुख्य तौर पर दो कैंसर सर्जन डॉ ऐके विद्यार्थी और डॉ सुरेश भी शामिल हुए। वहीं डॉ आदित्य, मॉडरेटर डॉ अजीत कुमार (लेप्रोस्कोपिक सर्जन) और अकादमिक हेड डॉ आरके सिंह (सीनियर सर्जन) के मार्गदर्शन में सेमिनार को संचालित किया गया। सेमिनार में रेडियोलोजी विभाग के सीनियर डॉक्टर एस प्रसाद ने इस बीमारी में अल्ट्रासाउंड और एमआरआई की उपयोगिता के बारे में बताया। वहीं गॉलब्लैडर से जुड़ी बीमारियों के विभिन्न पहलुओं विशेष तौर पर कैंसर पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। इस सेमिनार में सदर अस्पताल के विभिन्न विभागों से करीब 50 सीनियर और जूनियर डॉक्टर उपस्थित रहे। सिविल सर्जन और उपाधीक्षक ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन करने से मरीजों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि जल्द सदर अस्पताल के सर्जरी और पैथोलॉजी विभाग में डीएनबी की पढ़ाई शुरू हो।

# तीन सजायफ्ता की क्रिमिनल अपील पर बहस पूरी, आदेश सुरक्षित

**जमशेदपुर में श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्याकांड का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जमशेदपुर के बहुचर्चित श्रीलेदर्स के मालिक आशीष डे हत्या मामले में सजायफ्ता जितेंद्र सिंह, अमलेश सिंह एवं विनोद सिंह की क्रिमिनल अपील की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।

**गोली मारकर की गई थी हत्या :** 2 नवंबर, 2007 को आशीष डे की जमशेदपुर के साकची आम बागान के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड में आशीष डे की पत्नी समेत छह की गवाही हुई थी। जमशेदपुर की निचली अदालत ने 17 सितंबर 2011 में मामले में जितेंद्र कुमार सिंह, अमलेश कुमार सिंह एवं विनोद कुमार सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। सजा के खिलाफ इन तीनो की ओर से हाई कोर्ट में अपील दाखिल की गई है।

## राष्ट्रपति से मिले गवर्नर, झारखंड की विकास पर की चर्चा



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार इन दिनों दिल्ली में हैं। मंगलवार को उन्होंने देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति से राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

# उम्र कैद की सजा काट रहे अनिल शर्मा की रिहाई के संबंध में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची जेल में कैदी भोमा सिंह हत्याकांड का मामला**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची जेल में एक कैदी भोमा सिंह की हत्या मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे कुख्यात अपराधी अनिल शर्मा की ओर से उम्र कैद की सजा के तहत 14 वर्ष से अधिक समय से जेल बिताने पर रिहा करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई से झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि 28 वर्ष तक जेल में रहने के बाद भी अनिल शर्मा को अब तक क्यों नहीं रिहा किया गया? मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।

याचिका में अनिल शर्मा की ओर से कहा गया है कि वह 28 साल से जेल में है, वह उम्र कैद की सजा काट चुका है। ऐसे में उसे रिहा किया जाए। दरअसल, 22 जनवरी 1999 को अनिल शर्मा रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद था। तब अनिल शर्मा ने बबलू श्रीवास्तव, निरंजन कुमार सिंह, सुशील श्रीवास्तव, मधु मियां के साथ मिलकर जेल में ही छूरा मार कर भोमा सिंह की हत्या कर दी थी। भोमा के चचेरे भाई के बयान पर इस मामले में सभी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। मामले में कोर्ट ने अनिल शर्मा को उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

### 21 को होगा मिशन परिवार विकास अभियान का शुभारंभ

**रांची।** परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत मिशन परिवार विकास अभियान का शुभारंभ सह राज्यस्तरीय सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक मंगलवार को हुई। परिवार नियोजन कोषांग की राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ पुष्पा और आई ।ई ।सी। के राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ लाल माझी की अध्यक्षता में आरसीएच कान्फ्रेंस हाल में हुई। डॉ पुष्पा ने परिवार नियोजन कोषांग की राज्य समन्वयक गुंजन खलखो, नवल किशोर और कोषांग से संबंधित डेवलपमेंट पार्टनर्स को राज्यस्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होने बेहतर प्रदर्शन करने वाले चिकित्सको, डीपीएम, डीपीसी और अन्य कर्मचारियों की सूची भी तैयार करने का निर्देश दिया। मालूम हो कि 21 अगस्त को मिशन परिवार विकास अभियान का शुभारंभ सह राज्यस्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना है।

## स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक में विधानसभा वार सांगठनिक पहलुओं पर किया गया विमर्श

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में कमिटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़नकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य पूनम पासवान एवं प्रकाश जोशी भी उपस्थित थे।

बैठक में झारखंड के सभी विधानसभा सीटों पर विस्तार पूर्वक प्रारंभिक चर्चा हुई जिसमें झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों परिस्थितियों, सामाजिक समीकरणों, प्रमुख मुद्दों, गठबंधन दलों की स्थितियों, हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव के दौरान विधानसभा वार सांगठनिक पहलुओं पर विमर्श किया गया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि कांग्रेस झारखंड विधानसभा चुनाव में बेहतरीन प्रदर्शन करेगी। इस बाबत आने वाला विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों के चयन हेतु बहुत जल्द स्क्रीनिंग कमेटी का दौरा झारखंड में होगा जिसमें झारखंड के नेताओं कार्यकताओं तथा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य मुलाकात कर जमीनी हालात से रूबरू होंगे।

# झारखंड में नमक और चीनी के लिए टेंडर जारी

**सरकार खरीदेगी 1.95 लाख क्विंटल नमक और 27,000 क्विंटल चीनी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के खाद्य आपूर्ति विभाग ने रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक और चीनी (व्हाइट क्रिस्टल सुगर) के लिए टेंडर जारी कर दिया है। नमक के लिए 29 अगस्त के शाम पांच बजे तक टेंडर जमा होगा। प्रीबिड मीटिंग 20 अगस्त को होगी। वहीं, चीनी का टेंडर 28 अगस्त तक जमा होगा।

खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1.95 लाख क्विंटल रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक के लिए टेंडर जारी किया है। वहीं 27 हजार क्विंटल चीनी के लिए टेंडर जारी किया गया है।

लाल कार्डधारियों को मुफ्त में एक किलोग्राम रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक दिया जाएगा।

**किस प्रमंडल को प्रति महीना कितना मिलेगा नमक**

| प्रमंडल | नमक (क्विंटल में) |
|---|---|
| पलामू | 8826.44 |
| उत्तरी छोटानागपुर | 21430.23 |
| दक्षिणी छोटानागपुर | 11037.14 |
| कोल्हान | 10861.23 |
| संताल परगना | 14060.02 |

**किस प्रमंडल को प्रति महीना कितना मिलेगा चीनी**

| प्रमंडल | चीनी (क्विंटल में) |
|---|---|
| पलामू | 2701 |
| उत्तरी छोटानागपुर | 7527 |
| दक्षिणी छोटानागपुर | 5959 |
| कोल्हान | 5557 |
| संताल परगना | 5069 |

## हज के लिए इच्छुक 9 सितंबर तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

**रांची।** अगले वर्ष 2025 (हज 2015) में हज यात्रा पर जाने के इच्छुक लोग (आजमिने हज) 13 अगस्त से 9 सितंबर 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। झारखंड राज्य हज समिति, रांची के कार्यपालक पदाधिकारी की ओर से इस संबंध में सूचना जारी की गयी है। जो हज करने के इच्छुक हैं, वे हज कमिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। एंड्रॉयड मोबाइल एप के जरिए भी ऑनलाइन आवेदन संभव है। आवेदन करने के क्रम में सभी दिशा निर्देशों का पालन जरूरी होगा। आवेदक के पास भारतीय अंतरराष्ट्रीय पासपोर्ट होना जरूरी होगा। इसकी वैधता 15 जनवरी 2026 तक की होनी चाहिए।

### डीएवी बरियातू में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातु में मंगलवार को नर्सरी सेक्शन में राष्ट्रीय सूचक आधारित फैन्सी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बाल विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय फल, राष्ट्रीय पक्षी, राष्ट्रीय पशु व अन्य परिधानों में अपनी प्रस्तुति दी। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने कहा कि बच्चे मनोहर तो होते हैं लेकिन सैनिक ,डॉक्टर, पायलट, पुलिस ऑफिसर, स्वतंत्रता सेनानी तथा अन्य वेशभूषा में और भी प्रिय लगते हैं एवं उस रूप में देश का एक कर्मठ सेवक बनने की आशा अभिभावकों और शिक्षकों के मन–मस्तिष्क में संजोते हैं।

## राहुल गांधी से मिले राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक



**रांची।** झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मंगलवार को मुलाकात की और विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। इसके साथ ही धार्मिक न्यास बोर्ड के द्वारा चलाये जा रहे हैं कार्यक्रमों की भी उन्हें जानकारी दी।

# डीएसपीएमयू विद्यार्थियों को रोजगार देने की दिशा में प्रयत्नशील : डॉ शांडिल्य

**आदित्य बिड़ला कैपिटल में डीएसपीएमयू के 15 विद्यार्थी चयनित**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बीते 6 और 7 अगस्त को आदित्य बिड़ला कैपिटल ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) में 2 दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था। इस कैंपस प्लेसमेंट में किसी भी संकाय से स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थी शामिल हुए थे। इस दो दिवसीय कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के 150 उम्मीदवारों ने भाग लिया। आदित्य बिड़ला कैपिटल ने अपने यहां यूनिट मैनेजर पद के लिए यह प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया था। इन उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में तय की गई। प्री-प्लेसमेंट टॉक, समूह चर्चा और एचआर साक्षात्कार। इस पूरी प्रक्रिया के उपरांत आदित्य बिड़ला समूह ने विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 15 विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन किया।

इस सफलता पर विवि के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव डॉ नमिता सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी। कुलपति डॉ शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय का लगातार यह प्रयास रहा है कि विभिन्न संकायों के स्नातक और स्नातकोत्तर उत्तीर्ण विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया जाए और इसमें सफलता मिलती दिख रही है। गत 4 माह में कई प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घराने ने यहां के अनेकों विद्यार्थियों को रोजगार मुहैया कराया है और आदित्य बिड़ला समूह में भी जिन विद्यार्थियों का अंतिम तौर पर चयन हुआ है वो विभिन्न संकायों से संबंधित है। यह सिद्ध करता है कि यहां के विद्यार्थी न सिर्फ अकादमिक बल्कि सभी विधा में पारंगत है। गौरतलब है कि दो दिवसीय यह प्लेसमेंट ड्राइव अंकित तिवारी के अंतर्गत संचालित किया गया। चयनित विद्यार्थियों में सोनू लकड़ा, अभिषेक नारायण, रितिक रौशन, बिप्तू कुमार, हिमांशु शंकर, अरुण कुमार महतो, कुमार शुभम, अमित कुमार सिन्हा, अदनान खान , पंकज मोदी, तौकीर आलम,सूर्यभान राजपूत , मुकेश प्रमाणिक, स्वाति प्रिया, प्रियांशु कुमार और काजल कुमारी। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### गोस्सनर कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

रांची। गोस्सनर कॉलेज में विज्ञान विभाग के तत्वाधान में मंगलवार को एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि राइट रेव बिशप मार्शल केरकेट्टा, मॉडरेटर, जीई चर्च छोटानागपुर एवं असम थे। उन्होंने कहा विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत विद्यार्थियों ने बहुत अच्छे अच्छे मॉड्ल तैयार किए हैं। इन्हें अपने कॉलेज में उपयोग करने की आवश्यकता है। प्रदर्शनी में अल्ट्रासोनिक रडार सिस्टम, ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट, कॉविड–19 वैक्सीन निर्माण, डीएनए प्रारूप, त्रिकोणमिति का प्रयोग, वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सहित 19 प्रोजेक्ट तैयार किए गए थे जिसे दर्शकों ने काफी सराहा एवं वैज्ञानिक तरीके को जानने का प्रयास किया। नवा चारी परियोजना और प्रयोग का प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवा मस्तिष्क में वैज्ञानिक जिज्ञासा और उत्सुकता की भावना को बढ़ावा देना था। प्रदर्शनी का मूल्यांकन भी किया गया। मूल्यांकन करने में प्रोफेसर बि एल भक्ता,प्रोफेसर ए सी मिश्रा, डॉक्टर मृदुला खेस, प्रोफेसर निशा सोरेन, प्रोफेसर हेमंत टोप्पो मौजूद थे ।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सी एस पी लुगुन, सचिव, शासी निकाय, प्रभारी प्राचार्या प्रोफेसर एलानी पुर्ती, साइंस के डीन डॉक्टर राजीव अस्थाना, बर्सर प्रोफेसर प्रवीण सुरीन, सभी विभाग अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर बेला पुर्ती, डॉक्टर अभिषेक टोपनो, डॉ दिनेश प्रसाद, डॉक्टर सुमंत कुमार, प्रोफेसर अमोस टोपनो एवं डॉ शशि तिर्की का अहम योगदान था। विज्ञान प्रदर्शनी का आनंद कॉलेज के सभी फैकल्टी के शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने लिया।

# रिम्स के जूनियर डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार जारी, ओपीडी-ओटी सेवा ठप

**कोलकाता कांड के विरोध में रिम्स के डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार**

**जेडीए और आईएमए की बैठक में होगा आगे के कार्य बहिष्कार पर निर्णय**




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोलकाता के आरजीकेएमसीएच हॉस्पिटल की जूनियर महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया। इस कारण अस्पताल की ओपीडी और रूटीन सर्जरी सेवा बंद रही। रिम्स में सुबह 9 बजे ओपीडी खुली। सीनियर डॉक्टर अपने केबिन में बैठे भी। तभी जूनियर डॉक्टरों ने वहां घूम-घूमकर ओपीडी बंद करा दिया। आम दिनों में रिम्स की ओपीडी में प्रतिदिन 2 हजार से ज्यादा पर्ची कटती है। लेकिन मंगलवार को सुबह में मात्र 271 पर्ची कटी।

वहीं, इमरजेंसी पर लोड बढ़ गया। डॉक्टरों के कार्य बहिष्कार के कारण सभी मरीज दिनभर परेशान रहे। ओपीडी सेवा बंद कराने के बाद सभी जूनियर डॉक्टर अधीक्षक कार्यालय के समक्ष ओनियन हॉल में जमा हुए और शाम तक वहीं डटे रहे। इधर, कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर महिला डॉक्टर की हत्या का केस सीबीआई को ट्रांसफर कर दिया गया है। अब जेडीए, आईएमए के साथ बैठक कर बुधवार को कार्य बहिष्कार पर निर्णय लेंगे।

### रिम्स में भी महिला डॉक्टर सुरक्षित नहीं

जेडीए के बैनर तले चल रहे विरोध के दौरान रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने प्रबंधन से अपनी सुरक्षा की मांग की। जेडीए पूर्व अध्यक्ष डॉ. जयदीप ने कहा कि रिम्स में भी महिला डॉक्टर सुरक्षित नहीं हैं। देर रात ड्यूटी कर उन्हें अकेले हॉस्टल लौटना पड़ता है। रास्ते में कहीं भी लाइट की व्यवस्था नहीं है। सुरक्षाकर्मी भी नहीं रहते हैं। इस पर रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने जल्द कैंपस में 1200 सीसीटीवी कैमरे और 2 पुलिस पोस्ट बनवाने का आश्वासन दिया। जूनियर डॉक्टरों के प्रदर्शन के क्रम में रिम्स के 300 से ज्यादा पीजी स्टूडेंट, इंटर्न के अलावा आईएमए के प्रतिनिधि, आईएमए विमेंस विंग की प्रेसिडेंट डॉ. भारती कश्यप, ट्राइबल मेडिकल एसोएिशन से डॉ. निशिथ एक्का, रिम्स के डॉ. विकास कुमार के साथ अन्य शामिल थे।

वहीं, रिम्स जेडीए से प्रेसिडेंट डॉ. अंकित कुमार, वाइस प्रेसिडेंट डॉ. अभिषेक, डॉ. ओम कुमार, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. कुमारी क्रीति समेत अन्य शामिल थे।

### क्या है जेडीए मांगें

निष्पक्ष और गहन जांच के लिए मामले को तुरंत सीबीआई को सौंप दिया जाए। ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए प्रावधानों और सुरक्षा की कमी के लिए आरजी कर मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों की जवाबदेही है। चिकित्सा अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को तुरंत निलंबित किया जाए। डॉक्टरों के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए केंद्रीय सुरक्षा अधिनियम को लागू किया जाए। रात्रि पाली में काम करने वाले रेजिडेंट डॉक्टरों के लिए वार्ड और इमरजेंसी में अलग-अलग पुरुष/महिला डॉक्टरों के कमरे और शौचालय का प्रावधान होना चाहिए। पूरे कॉलेज और अस्पताल परिसर को कवर करने वाले पूरी तरह कार्यात्मक सीसीटीवी कैमरे होने चाहिए। पूरे परिसर और अस्पताल में 24 गुणा 7 सक्षम गार्ड की व्यवस्था हो। कॉलेज परिसर में कार्यात्मक स्ट्रीट लैंप की व्यवस्था हो और डॉक्टरों के लिए 24 गुणा 7 अलग कैफेटेरिया की व्यवस्था हो।

# समय पर पेंशन प्रपत्र नहीं भेजा तो रूकेगा वेतन : वित्त सचिव

**सभी विभागों, सिविल सर्जन, शिक्षा पदाधिकारियों, डीडीओ को भेजा गया गाइडलाइन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** वित्त सचिव झारखंड प्रशांत कुमार ने सरकारी कर्मियों के रिटायरमेंट के तीन से छह माह पहले हर हाल में पेंशन प्रपत्र तेयार करके महालेखाकार कार्यालय में भेजने का निर्देश सभी विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव व विभागध्यक्ष, सभी सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक व सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को दिया है। वित्त सचिव ने स्पष्ट कहा है कि राज्य सरकार के सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए ससमय ऑनलाइन पेंशन आवेदन पर स्वीकृति के लिए गाइडलाइन भी दिया है। पेंशन प्रपत्र भेजने के लिए समय-सीमा भी निर्धारित की है। वित्त सचिव ने कहा कि अगर समय सीमा का अनुपालन नहीं करने वाले पेंशनर सम्प्रति कर्मी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी तथा स्वीकृति पदाधिकारी के वेतन भुगतान पर उनके पदाधिकारी द्वारा अब रोक लगायी जायेगी। बता दें कि, महालेखाकार कार्यालय ने झारखंड सरकार को पत्र लिखा था और कहा था कि देर से पेंशन प्रपत्र भेजे जाने की वजह से समय पर योग्य सेवानिवृत कर्मियों का पेंशन स्वीकृत नहीं हो पा रहा है। इसे न्यूजविंग ने प्रकाशित भी किया था।

**यह है गाइडलाइन :** पेंशनर सम्प्रति कर्मी द्वारा पेंशन स्वीकृति के लिए सेवानिवृत के छह से तीन माह पूर्व की अवधि के बीच अनिवार्य रूप से पेंशन प्रपत्र निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को समर्पित किया जायेगा। संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सभी निर्धारित प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए प्राप्त पेंशन प्रपत्र कर्मी के सेवानिवृति के दो माह पूर्व अनिवार्य रूप से स्वीकृति पदाधिकारी को अग्रसारित कर दिया जायेगा। संबंधित स्वीकृति पदाधिकारी द्वारा उक्त पेंशन प्रपत्र को सभी वांछित दस्तावेज सहित कर्मी के सेवानिवृति के एक माह पूर्व अनिवार्य रूप से महालेखाकार कार्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।

# पीडीएस डीलर के कारण 18 हजार कार्डधारियों को नहीं मिली चीनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अंत्योदय (एएवाई) पीला राशन कार्ड के अधीन आने वाले लाभुकों को प्रति माह चावल, गेंहू, चीनी, दाल और नमक दिया जाना है।

रांची जिला में 2139 पीडीएस डीलर और 101934 पीला राशन कार्डधारी हैं। जिला में पीडीएस डीलर की लापरवाही की वजह से 18 हजार से अधिक कार्डधारियों को चीनी नहीं मिल सकी है।

जानकारी के अनुसार, पीडीएस डीलर को प्रति राशन कार्ड 1 किलो चीनी देना है। जिसके लिए पहले पीडीएस डीलर को चीनी के लिए प्रत्येक पीला राशन कार्ड के लिए 25 रुपए प्रति केजी राशि जमा करवाना होता है। जिसके बाद गोदाम से डीलर को चीनी मुहैया कराई जाती है। वहीं पीडीएस डीलर लाभुक से चीनी के बदले 25 रुपए वसूलता है, यानि एक रूपया डीलर का कमीशन होता है। लेकिन अब तक जिला के 179 पीडीएस डीलरों ने चीनी के लिए राशि जमा नहीं की है।

### डीएसओ ने प्रदीप ने कहा, होगी कार्रवाई

रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत ने कहा कि वो इस मामले की जांच करेंगे। अगर पीडीएस डीलर द्वारा चीनी वितरण योजना के लिए राशि जमा नहीं करने के कारण चीनी का डीएसडी नहीं हुआ होगा, तो उन डीलरों को शो कॉज किया जाएगा।

# ग्रामीण कार्य विभाग में 16 सहायक अभियंताओं का तबादला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक अभियंताओं का स्थानांतरण पदस्थापन किया गया है। अखिलेश प्रसाद सिंह को सहायक अभियंता कार्य अवर प्र मंडल सरायकेला, उत्तम कुजूर को सहायक अभियंता मिप्ती अन्वेषण प्रमंडल रांची, अविनाश यादव को प्राक्कलन पदाधिकारी कार्य अवर प्रमंडल गढ़वा, जयप्रकाश सिंह को सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य और प्रमंडल चैनपुर, सियाराम सिंह को सहायक अभियंता मिप्ती अन्वेषण प्रमंडल रांची, शोभा मुर्मू को सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य अवर प्रमंडल बरहेट, गंगाधर मंडल को प्राक्कलन प्राधिकारी ग्रामीण कार्य विभाग हजारीबाग, सुरेश पासवान को सहायक अभियंता कार्य अवर प्रमंडल गिरिडीह दो, रविकांत मुंडा को प्राक्कलन पदाधिकारी कार्य प्रमंडल गिरिडीह, गोपाल कृष्ण सुमन को अवर प्रमंडल गुमला दो, श्री देव उपाध्याय को कार्य प्रमंडल चतरा, विजय राम को कार्य अवर प्रमंडल खूंटी, रितेश कुमार सिंह को कार्य प्रमंडल बोकारो, गौतम कुमार को कार्य अवर प्रमंडल मधुपुर,प्रीतम कुमार मोदी को कार्य प्रमंडल बरही,प्रमोद राम को कार्य अवर प्रमंडल रामगढ़ के पद पर पदस्थापित किया गया है।

**विशेष प्रमंडल के भी इंजीनियर बदले :** ग्रामीण कार्य विभाग ने विशेष प्रमंडल के भी इंजीनियरों का स्थानांतरण पदस्थापन किया है। कामेश्वर प्रसाद को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, सुरेंद्र कुमार सोरेन को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय विशेष प्रमंडल रांची, ज्योतिष कुमार उरांव को सहायक अभियंता मुख्य अभियंता कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, मृत्युंजय कुमार को सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल रांची, राम नंदन सिंह को सहायक अभियंता ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल देवघर, संजीव कुमार को सहायक अभियंता विशेष आंचल रांची, राकेश कुमार पांडे को सहायक अभियंता विशेष प्रमंडल दुमका, मनजीत कुमार को विशेष प्रमंडल गोड्डा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

# बिरसा कृषि विवि में एंटीरैगिंग दिवस आयोजित

**सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार रैगिंग एक अपराध की श्रेणी में आता है : डॉ डीके शाही**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय ने मंगलवार को एंटीरैगिंग दिवस का आयोजन किया। इसमें संकाय के स्नातक एवं परास्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नरेन्द्र कुदादा, निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल, अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ डीके शाही उपस्थित थे। कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ डीके शाही ने कहा कि विद्यार्थियों को रैगिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की गतिविधियों में लिप्त नहीं होना चाहिए। अपने सहपाठियों को भी जागरूक करना चाहिए, क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार रैगिंग एक अपराध की श्रेणी में आता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यार्थियों को यूजीसी एंटीरैगिंग पोर्टल एवं एंटीरैगिंग हेल्पलाइन से सम्बंधित जानकारी भी प्रदान की। विश ?वविद्यालय के कुलसचिव डॉ नरेन्द्र कुदादा ने बताया कि पुराने विद्यार्थियों की ये जिम्मेदारी है कि वे नवीन विद्यार्थियों की सहायता करें। उनका शैक्षणिक मार्गदर्शन करें। विश ?वविद्यालय के दिशानिदेर्शों का पालन करें।

निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में रैगिंग एक अतिसंवेदनशील मुद्दा है। इसलिए विद्यार्थियों को आपस में विशेषकर नवीन विद्यार्थियों के साथ स्वस्थ पारस्परिक संबंध रखने चाहिए। छात्रावासों में सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का निर्माण करना चाहिए।कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि संकाय छात्रावास वार्डन डॉ। नीरज कुमार ने एंटीरैगिंग दिवस के आयोजन की महत्ता एवं संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। डॉ अंकिता ने विद्यार्थियों को एंटीरैगिंग से सम्बंधित कानूनों एवं प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अरविन्द कुमार सिंह और कार्यक्रम का संचालन डॉ शिवम मिश्र ने किया। इस अवसर पर संकाय के विभिन्न छात्रावासों के डिप्टी वार्डन डॉ केरोबिम, डॉ छाया, डॉ नेहा, डॉ वंदना भी उपस्थित थे। मालूम हो कि यूजीसी ने निर्णय लिया है कि सभी विश्वविद्यालयों में 12 अगस्त को एंटीरैगिंग दिवस मनाया जाए। इसी तरह, 12 से 18 अगस्त तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जाए। इस क्रम में अगले सप्ताह में संकाय के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों (वाद-विवाद, निबंध लेखन, आशुभाषण, पोस्टर बनाना, क्विज प्रतियोगिता) का आयोजन किया जायेगा।

# युवा मूकदर्शक नहीं राज्य के बदलाव का वाहक बनें : सुदेश महतो

**युवा आजसू रांची जिला (ग्रामीण) प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न**




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** युवा आजसू के सभी पदाधिकारी आने वाले दिनों में न सिर्फ खुद को सवारेंगे बल्कि राज्य के भविष्य को संवारने का नेतृत्व भी करेंगे। युवा आजसू के सभी साथी जनता के हक हकूक के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें और निर्भीक होकर सत्ता परिवर्तन के लिए संघर्ष के लिए तैयार रहें।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू रांची जिला ग्रामीण प्रतिनिधि सम्मेलन में कही। इस सम्मेलन में रांची के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपने पद की शपथ ग्रहण की।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवाओं के विकास को लेकर कोई मापदंड नहीं है। अनुबंध कर्मियों से समान काम, समान वेतन, समान अवसर का वादा हो या युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने की घोषणा सभी मुद्दों पर सरकार अपनी जुबान से पलट गई है। इन्होंने सभी को छला है और अपने किए वादों को पूरा न कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को धूमिल किया है।

युवाओं का हक केवल वोट करना नहीं बल्कि जवाबदेह नेता तैयार करने का दायित्व भी उन पर है। युवा आजसू के सभी पदाधिकारी गांव की चौपाल में बैठकर जनता को सरकार की वादाखिलाफियों से अवगत कराएं। नौजवानों के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य में एक बेहतर वातावरण तैयार करना हमारा संकल्प। यह समय राज्य में नए परिणाम और नए विश्वास को स्थापित करने का है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, इस संबंध में कुछ भी काम नहीं हुआ है। युवाओं को सिर्फ धोखा दिया गया है। युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य निर्माता हैं। वह राज्य के युवाओं के साथ छल कर रहे हैं। उनके इस छल को समझना होगा।

रांची के युवा आजसू के साथियों द्वारा किया हुआ संघर्ष पूरे राज्य में एक विचार के रूप में जाएगा और इससे पूरे राज्य में बदलाव की लहर जागृत होगी। इस परिवर्तन के लिए सभी पदाधिकारी जमीनी स्तर पर जनता के बीच अपनी सक्रियता को सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, युवा जिला प्रभारी आतिश महतो, युवा संयोजक गदाधर महतो, युवा संयोजक जब्बार अंसारी, युवा संयोजक अमित कुमार, अमित महतो, युवा प्रदेश संयोजक युवा गौतम सिंह समेत जिले के 18 ब्लॉक के विभिन्न ग्रामीण इलाकों से आए युवा आजसू के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग
(विकास शाखा)

**-: अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना :-**

हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत टेकलाल महतो डिग्री महाविद्यालय, विष्णुगढ़ में अध्ययनरत हरिजन/आदिवासी/पिछड़े अल्पसंख्यक तथा आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को सूचारू रूप से सुविधा हेतु प्रतिष्ठित पुस्तक प्रकाशकों/आपूर्तिकर्ताओं/ पुस्तक विक्रेताओं से पुस्तकों के क्रय/ आपूर्ति हेतु निम्न प्रकार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र0 | निविदा का प्रकार | महाविद्यालय की संख्या | पुस्तकों की संख्या | प्राक्कलित राशि | प्रतिभूति राशि (@1% of Estimated Cost) | निविदा प्राप्त करने का अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने का तिथि एवं समय | Procurement Procedure |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्नातक स्तरीय कला एवं वाणिज्य संकाय के पाठ्यक्रम आधारित (नये पाठ्यक्रम पर आधारित) पुस्तकें। | 01 | 295 (पुस्तकों की सूची के कॉलम-05 में अंकित मात्रा के अनुसार) | 1046000.00 | 10460.00 | 27.08.2024 till 11:00 AM | 27.08.2024 at 04:00 PM | Single Stage Two Envelope Basis |

पुस्तकों की सूची एवं विशेष जानकारी हेतु वेबसाईट www.hazaribag.nic.in एवं कार्यालय सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/-
उप विकास आयुक्त, हजारीबाग

PR 332698 Rural Development(24-25)#D



## JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED
(CIN: U40108JH2013SGC001603)
Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004

**e-TENDER NOTICE (3rd call)**

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar nature of Civil works and having sound financial status for the works mentioned below:

| Sl. No. | NIT No. | Name of the work | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09/PR/JUVNL/24-25 | Item rate for day to day maintenance of water supply and sanitary installation in residential quarter, IB and Legal office under JUVNL Ranchi for 6 (Six) months | 10,41,500/- | 20,900/- | 2500.00+18% GST Extra= 2950=00 | 180 days |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 14.08.24 at 11.00 AM to 03.09.24 up to 3.00 PM |
| Bid Submission start date of e-tender | 14.08.24, 11.00 AM |
| Bid Submission End date of e-tender | 03.09.24, 3.00 PM |
| Date and time for opening of Tender Part -I (Technical and Commercial) | At 3.30 PM on 04.09.24 |
| Date and time for opening of Tender Part -II (Price Part) | Will be Communicated later on |
| Tendering Officer and address for communication | General Manager (CIVIL), JUVNL, Engineering Building, H.E.C., Dhurwa, Ranchi – 834 004, Contact No. - 9431135528 |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. The tenders will be received through electronic tendering mode only. Tender Fee (Cost of BOQ) and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through **online mode.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager (Civil)

PR 332649 (Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd) 24-25 (D)



## कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 14/2024-25**

दिनांक 13/08/2024

मद का नाम :- पुलिस विभाग सुदृढ़ीकरण मद

| क्र0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in Bishnugarh P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in Pandu Picket, Keredari P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in T.P-6 Picket, Katkamdag P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in Churchu P.S., Potahut (64X27) 24 Beds-01 nos and Saptic Tank and Soak Pit- 01 nos in Chouparan P.S. of District - Hazaribag | 15992946.00 | 10000.00 | 320000.00 | नौ माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 21.08.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 22.08.24 से 31.08.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 02.09.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल – districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
9. झारखण्ड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, झारखण्ड, राँची के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
10. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 332714 District (24-25)_D



## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग)
झारखण्ड, राँची

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, अन्तर्गत पशुपालन निदेशालय, झारखण्ड द्वारा संचालित राज्य योजनान्तर्गत जोड़ा बैल वितरण किए जाने से संबंधी एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/आपूर्तिकर्त्ता के चयन सह सूचीबद्ध करने हेतु
"इच्छा की अभिव्यक्ति" संख्या-01/2024-25

**जोड़ा बैल वितरण हेतु "इच्छा की अभिव्यक्ति" का आमंत्रण**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत राज्य के छोटे एवं सीमान्त किसानों को खेती करने के लिए बैल की आवश्यकता तथा कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से Castrated नर बाछाओं का जोड़ा बैल के रूप में राज्य के सुदुरवर्ती क्षेत्रों में वितरण करने की योजना है, जिससे कि किसानों को कम लागत में खेती कार्य में सहयोग तथा अधिक मुनाफा हो सके।

उक्त के आलोक में विभागीय राज्यादेश संख्या-09/रा०(वि०) दिनांक-24.06.2024 के अनुसार झारखण्ड के सभी जिलों में राज्य योजनान्तर्गत जोड़ा बैल वितरण योजना के तहत् जोड़ा बैल चयनित एवं अनुशंसित लाभुकों को योजना में वर्णित राशि की अधिसीमा में उनके द्वार पर उपलब्ध कराये जाने के निमित एजेंसी/गैर सरकारी संस्था/आपूर्तिकर्ता को सूचीवद्ध किए जाने हेतु पशुपालन निदेशालय इच्छुक एजेंसी/गैर सरकारी संस्था/आपूर्तिकर्ता से वर्णित पात्रता/मापदण्ड में आवेदन की मांग करता है :-

| | |
|---|---|
| कार्यक्षेत्र | झारखण्ड राज्य के सभी जिलें। |
| लक्ष्य | कृषि कार्य में उन्नति लाने के उद्देश्य से किसानों को कम लागत में कृषि कार्य में सहयोग हेतु राज्य के छोटे एवं सीमांत किसानों के बीच जोड़ा बैल की आपूर्ति। |
| दस्तावेज/आवेदन शुल्क | 5000/- (पाँच हजार रूपये मात्र) का Non-Refundable बैंक ड्राफ्ट (राष्ट्रीयकृत बैंक से) Director Animal Husbandry, Government of Jharkhand के नाम से एवं देय राँची। (बैंक ड्राफ्ट हाथों-हाथ कार्यालय में जमा कर दस्तावेज/आवेदन प्राप्त किया जाएगा) |
| निविदा दस्तावेज प्राप्त/जमा करने संबंधी विवरण | दस्तावेज प्राप्त करने की प्रारंभिक तिथि : 16.08.2024<br>दस्तावेज प्राप्त करने की अन्तिम तिथि : 03.09.2024 समय 06:00 बजे तक।<br>जमा करने की अन्तिम तिथि : 05.09.2024 समय अपराह्न 03:00 बजे तक।<br>प्राप्त प्रस्तावों को खोलने की तिथि: 06.09.2024 समय अपराह्न 03:00 बजे। |
| निविदा दस्तावेज/आवेदन जमा करने का पता | पशुपालन निदेशालय, पशुपालन भवन, हेसाग, हटिया, राँची-834003.<br>इच्छुक एजेन्सी/गैर सरकारी संस्था/आपूर्तिकर्त्ता द्वारा उपरोक्त पते पर अपना प्रस्ताव कार्यालय में हाथों-हाथ या डाक द्वारा एवं एक प्रति ई-मेल (ahdjharkhand@gmail.com) के माध्यम से जमा किया जा सकता है। |

निदेशक, पशुपालन

PR 332631 Animal Husbandry (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**(e-Procurement Call)**

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या – 15/2024-25/RWD/SIM          दिनांक – 13.08.2024

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना (4515)

| क्र० सं० | प्रखण्ड | आईडेन्टीफिकेशन संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | टेंडर कॉल संख्या | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पाकरटांड | RWD/SIM/15/01/2024-25 | भगत टोली मोड़ से सैन्डीह महुआ टोली होते हुए गिराधाघ नया टोली तक पथ निर्माण कार्य। (लं0- 5.250 कि0मी0) | 560.36641 (पाँच करोड साठ लाख छतीस हजार छह सौ इकतालीस रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |
| 2 | कुरडेग | RWD/SIM/15/02/2024-25 | पी0डब्लू0डी0 मुख्य पथ नवाटोला से सांवा गिरजाटोली टोंगरीटोली छतीसगढ़ सीमा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0- 7.000 कि0मी0) | 755.79423 (सात करोड पचपन लाख उनासी हजार चार सौ तेईस रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |
| 3 | कुरडेग | RWD/SIM/15/03/2024-25 | खालीजोर बाजारटांड़ से सर्पमुण्डा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0- 2.100 कि0मी0) | 266.98361 (दो करोड छियासठ लाख अनठानबे हजार तीन सौ इकसठ रूपये मात्र) | प्रथम | 15 महिना |
| 4 | बानो | RWD/SIM/15/04/2024-25 | पबुरा आर0ई0ओ0 पक्की रोड से ग्राम चाटुओड़ा तक पथ निर्माण कार्य। (लं0- 5.770 कि0मी0) | 614.48481 (छह करोड चौदह लाख अड़तालीस हजार चार सौ इक्यासी रूपये मात्र) | प्रथम | 18 महिना |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 17-08-2024
3. अति अल्पकालीन ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 24-08-2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।
4. अति अल्पकालीन ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 27-08-2024 अपराह्न 11:30 बजे।
5. अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा।
6. अति अल्पकालीन ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06525-299956 एवं मोबाईल नम्बर 9973512046
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि विभागीय पत्रांक 3130 अनु0 दि0 09-10-2023 के निर्देशानुसार केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।
9. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है। अग्रधन की राशि परिमाण विपत्र के अनुसार मान्य होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, सिमडेगा

PR 332718 Simdega (24-25)_D

## वाणी और व्यवहार

जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों को चिकित्सा पेशे में निहित सहानुभूति से उपचार के महत्व का अहसास कराया। उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि कैसे मुन्ना भाई बच्चों के वार्ड में बीमारी से जूझ रहे बच्चों को जादू की झप्पी से भला-चंगा करने का अभिनव प्रयास करते थे। उन्होंने युवा डॉक्टरों से मरीजों के साथ संवेदनशील व अपनेपन का रिश्ता बनाने की बात कही। जिसका मनोवैज्ञानिक रूप से मरीजों के उपचार में सकारात्मक प्रभाव नजर आता है। इन तथ्यों को आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी स्वीकार किया जाता है।


निश्चित रूप से मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने चिकित्सा बिरादरी को इस पवित्र पेशे के सनातन मूल्यों से रूबरू कराया। उन्होंने इस बात का अहसास कराया कि एक मरीज के लिये मीठे व हमदर्दी के बोल उपचार का भी काम करते हैं। इतना ही नहीं उन्होंने न्यायिक व्यवस्था के वास्तविक लक्ष्यों का भी जिक्र किया। जस्टिस चंद्रचूड़ ने युवा डॉक्टरों से कहा कि कानून व चिकित्सकों का पेशा एक जैसा ही है। जैसे किसी वादी को न्याय देने के लिये हमें जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों की जरूरत होती है, उसी तरह चिकित्सा के पेशे में मरीज की जांच रिपोर्ट सही उपचार में निर्णायक होती है। लेकिन इन दोनों पेशों का अंतिम मकसद जनता की सेवा ही है। दोनों व्यवसायों में आम आदमी के साथ न्याय व कल्याणकारी उपचार हेतु ही कार्य किया जाना चाहिए। यह सुखद ही है कि देश की शीर्ष अदालत के मुखिया ने बेहद सहजता व साफगोई से चिकित्सा पेशे के मर्म व पेशागत मूल्यों से नवोदित चिकित्सकों का साक्षात्कार कराया। निस्संदेह, मरीजों के प्रति संवेदनशीलता व हमदर्दी की इसी सोच के चलते डॉक्टरों को दूसरा भगवान भी कहा जाता है। इस विश्वास का घोर व्यावसायिक कारणों से क्षरण महसूस किया जाता रहा है।

## स्वर्ण को तरसा देश

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 26 जुलाई को प्रारम्भ हुए 33वें ओलिम्पिक खेलों का समापन रविवार को हुआ। 126 पदकों के साथ अमेरिका (40 स्वर्ण) प्रथम, चीन दूसरे तथा जापान तीसरे क्रमांक पर रहा। 140 करोड़ की जनसंख्या वाले भारत ने कुल जमा 6 पदक ही मिले- एक रजत और 5 कांस्य। उसका क्रमांक 71 रहा। छोटे-बड़े 62 देश ऐसे हैं जिन्हें कम से कम एक स्वर्ण पदक अवश्य मिला है जिसमें पाकिस्तान का अरशद भी है। मनु भाकर एकमेव ऐसी खिलाड़ी रहीं जिन्होंने दो पदक पाये। भारत के प्रदर्शन ने फिर साबित कर दिया कि खेल शक्ति बनने के लिये देश का आकार या जनसंख्या जिम्मेदार नहीं बल्कि सरकारों का रवैया, समाज का नजरिया, खिलाड़ियों को मिलने वाला समर्थन व सम्मान, संसाधनों व सुविधाओं की उपलब्धता जैसे तथ्य मुख्य कारक होते हैं। पदक तालिका में शीर्ष पर खड़े अमेरिका की जनसंख्या भारत के मध्य वर्ग के बराबर भी नहीं है, तो वहीं दूसरे क्रमांक पर भारत से आकार में काफी छोटा जापान है। भारत में खिलाड़ियों के पास जज्बा और काबिलियत तो है, लेकिन सरकारें निराश करती है। खेलों को गम्भीरता से लेने वाले राज्यों की संख्या गिनाने के लिये एक हाथ की उंगलियां भी काफी हैं। शेष औपचारिकता निभाते हैं और इस क्षेत्र को भी अपनी सियासत का अखाड़ा मानते हैं। सत्ता से जुड़े लोग खेल संगठनों पर काबिज हैं। जिस संगठन की सरकार से जितनी निकटता होगी वह सरकार से उतना ही अनुदान खींच लाता है शासन से सहूलियतें जुटाई जाती हैं, अध्ययन के नाम पर विदेशी दौरे होते हैं, प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के अनुपात में बड़ा सा अधिकारियों का दल होता है। वह भी खिलाड़ियों की। सरकारें, खेल संगठन एवं अधिकारीगण बच निकलते हैं। ऐसे राज्य जो ढंग के दो खिलाड़ी भी पैदा नहीं करते यह दुर्भाग्य है।

# ग्रीन एनर्जी में दुनिया का रास्ता दिखाता भारत





-सतीश कुमार

> यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं।

**भारत** में मजबूत लोकतंत्र है जिसकी दुनिया में साख है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सौर ऊर्जा क्षेत्र में काफी उपलब्धियां हासिल की हैं। अनुमान है कि साल 2022 तक भारत 175 गीगावाट ऊर्जा हरित साधनों से पैदा करेगा और 2030 तक यह साढ़े चार सौ गीगावाट तक पहुंच जाएगी। भारत हरित विश्व व्यवस्था का मुखिया बन सकता है। भारत ने पेरिस सम्मलेन के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा कूटनीति की जो शुरूआत की, उसमें उसे बड़ी सफलता हासिल हुई है।

अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया के जंगलों में लगी आग ने एक बार फिर यह सोचने को मजबूर किया है कि आखिर कब तक इंसान प्रकृति का दोहन करते हुए उसके साथ खिलवाड़ करता रहेगा। सबसे ज्यादा तो यह दुनिया के उस देश में हो रहा है जो प्रकृति का दोहन कर पिछली एक सदी से दुनिया का मठाधीश बना हुआ है। जब पूरी दुनिया हरित उर्जा की बात कह रही थी, तब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश के एक प्रतिष्ठित उद्योग घराने को बंद कमरे में यह विश्वास दिला रहे थे कि कार्बन जनित ईंधन पर कोई पाबंदी नहीं लगाई जाएगी। अपने देश में गैस के अकूत भंडार मिलने के बाद अमेरिका की नीयत बदल गई है। खाड़ी देशों में 1945 से चली आ रही अमेरिकी घुसपैठ थम गई है। अमेरिका तेल की जगह अपनी गैस के जरिए आर्थिक ढांचे को बढ़ाने की कोशिश करेगा, अर्थात हरित ऊर्जा को अभी भी वह खास अहमियत नहीं दे रहा।

नई विश्व व्यवस्था की बात पिछले एक दशक से चल रही है। माना जा रहा है कि शक्ति का हस्तांतरण अब पश्चिम से पूर्व की ओर होगा। जाहिर है, एशिया ही नई वैश्विक व्यवस्था के केंद्र के रूप में उभरने की ओर है। चीन पूरी तरह से नेतृत्त्व की तैयारी में जुटा है। उसने साल 2035 तक का खाका तैयार भी कर लिया है। तब तक चीन दुनिया की सबसे बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति बन जाएगा। लेकिन चीन की सोच के अनुसार दुनिया बदलती हुई दिखाई नहीं दे रही है।

कोरोना महामारी फैलाने के आरोप को लेकर पिछले सात महीनों में चीन को लेकर जो संदेह गहराता जा रहा है, उससे उसका वैश्विक स्वरूप खंडित हुआ है। यूरोप के ज्यादातर देश जो उसके हिमायती हुआ करते थे, वही अब उससे सवाल पूछ रहे हैं। पूर्वी एशिया के पड़ोसी भी चीन के व्यापार और सैन्य विस्तार को बड़े खतरे के रूप में देख रहे हैं। भारत के साथ गलवान घाटी में संघर्ष को हवा देकर चीन अपनी आतंरिक करतूतों को ढकने में लगा है। इसलिए एक सामरिक विस्तार जो दुनिया में मठाधीश बनाने के लिए जरूरी था, वह अब दम तोड़ रहा है।

दुनिया में महाशक्ति बनने के लिए कई गुणों की जरूरत पड़ती है। इनमें दो गुण विशेष हैं। पहला, ऐसा देश जो दुनिया के किसी भी हिस्से में सैन्य दखल की क्षमता रखता हो, और दूसरा यह कि जिसके पास दुनिया के किसी भी हिस्से में पमाणु मिसाइलें दागने की ताकत हो। अमेरिका इन दोनों ही क्षमताओं से युक्त है, लेकिन उसकी तुलना में चीन को अभी इतनी ताकत हासिल करने के लिए वक्त लगेगा। ऐसे में जिस नई वैश्विक व्यवस्था की संभावना बन रही है और जिसकी पूरी दुनिया को जरूरत है, वह हरित विश्व व्यवस्था की है। इसमें जो बाजी मार ले जाएगा, वही दुनिया का नया बादशाह बनेगा। लेकिन सवाल है कि यह क्षमता है किस देश के पास? अमेरिका इस श्रेणी से पहले ही से बाहर है।

क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस संधि को नकारने के बाद अमेरिका कभी भी हरित विश्व व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकता, न ही दुनिया उसके नेतृत्व को स्वीकार करने वाली है। दूसरा देश चीन है। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में हरित उर्जा में अद्भुत क्षमता विकसित कर ली है। 2018 में सौर ऊर्जा के जरिए चीन ने एक सौ अस्सी गीगा वाट ऊर्जा उत्पन्न कर बड़ी-बड़ी बसें और ट्रक भी सौर ऊर्जा से चलाने में कामयाबी हासिल कर ली। पवन ऊर्जा में भी वह आगे है। लेकिन इतना कुछ होने के बावजूद हरित विश्व के रिकॉर्ड में चीन काफी नीचे है। इसके कई कारण हैं। पहला तो यह कि देश के भीतर तो चीन हरित ऊर्जा की वकालत करता है, लेकिन बाहरी दुनिया में वह जम कर कार्बन जनित आर्थिक व्यवस्था को अहमियत दे रहा है। पिछले कई सालों से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका के देशों में वह कोयले का जम कर इस्तेमाल कर रहा है, जिससे इन देशों में प्रदूषण की समस्या गंभीर बनती जा रही है। चीन दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में कोयला उत्पादन क्षेत्रों को खरीद चुका है। सबसे बड़ा कोल उत्पादक देश होने के बावजूद कोयले का सबसे बड़ा आयातक देश भी चीन ही है। अर्थात अपने लिए स्वच्छ और हरित ऊर्जा और दूसरों के लिए कार्बन का ढेर। यह नीति तर्कसंगत नहीं है। आने वाले दो दशकों तक चीन के कार्बन उत्पादन में कोई क्रांतिकारी बदलाव नहीं आने वाला।

यह कल्पना भी नहीं की जा सकती कि चीन भविष्य में हरित ऊर्जा वाली नई वैश्विक व्यवस्था की अगुआई करेगा और दुनिया के देश उसके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे। थाईलैंड, मलेशिया जैसे देश तक अब उसके खिलाफ हैं। जहां तक सवाल है यूरोपीय देशों का तो हरित ऊर्जा के मामले में ग्रीनलैंड, आइसलैंड जैसे यूरोप के छोटे देश काफी आगे हैं। इसी तरह अफ्रीका के मोरक्को, घाना और एशिया में भूटान जैसे देश हैं। लेकिन ये देश इतने छोटे हैं कि ये हरित वैश्विक व्यवस्था का नेतृत्व नहीं कर सकते। फ्रांस के साथ तकरीबन सड़सठ देशों ने इसमें शिरकत की और साझेदार बन गए। सौर ऊर्जा क्षेत्र में अगुआई के लिहाज से यह बड़ा हासिल रहा। दूसरा यह कि भारत में हरित उर्जा के अन्य स्रोत भी उपलब्ध हैं। मसलन पवन ऊर्जा, बायोमास और छोटे-छोटे पनबिजली संयंत्र। ऊर्जा का जलवायु परिवर्तन से सीधा संबंध है। प्राकृतिक आपदाओं के पीछे बड़ा कारण धरती और वायुमंडल में कार्बन की बढ़ती मात्रा है। पिछले दो सौ सालों में कल-कारखानों से निकली जहरीली गैसों के कारण प्रकृति में कार्बन की मात्रा बढ़ी है। इसके लिए सबसे ज्यादा दोषी यूरोप के औपनिवेशिक देश और बाद में अमेरिका रहा है।

भारत की प्राचीन आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह से प्रकृति जनित और उस पर आधारित थी।

### खास बात

## नौ सेना में भी पहली बार शामिल हुई बेटियां

नागेन्द्र सिंह

**भारतीय** नौसेना में पहली बार दो महिला अधिकारियों की तैनाती युद्धपोत पर की गई है। नौसेना में महिलाओं को यह अहम जिम्मेदारी मिलना ऐतिहासिक अवसर है। सैन्य क्षेत्रों में महिलाओं की सहभागिता से जुड़े मोर्चे पर एक नई शुरूआत है। हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त की गईं दोनों महिला अधिकारी भारतीय नौसेना के 17 अधिकारियों के टीम का हिस्सा हैं, जिसमें चार महिला अधिकारी और तीन भारतीय तट रक्षक शामिल हैं।

यह वॉरशिप से बतौर एयरबोर्न कॉम्बटेंट काम करने वाला महिला अधिकारियों का पहला दस्ता है। हालांकि पहले से भी भारतीय नौसेना में कई महिला अधिकारी हैं, लेकिन अब तक युद्धपोतों पर उनकी तैनाती नहीं की जाती थी। ऐसे में महिलाओं को मिला यह नया मोर्चा कई दूसरे पहलुओं पर भी बदलाव लाने वाला साबित होगा। लैंगिक असमानता को दूर करने का संदेश देने वाला यह कदम वाकई सुखद और सराहनीय है। साथ ही पहली बार नौसेना के युद्धपोत पर महिलाओं को क्रू के रूप में तैनात किया जाना देश की बेटियों को ऐसे खास क्षेत्रों में भविष्य बनाने और भागीदार बनने की प्रेरणा देने वाला है।

सकारात्मक बदलाव और सशक्त भागीदारी से जुड़ा हर नया कदम महिलाओं के मन-जीवन से जुड़े हालातों को गहराई से प्रभावित करता है। सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता लाने वाले निर्णय तो समाज और परिवार के पूरे मनोविज्ञान पर असर डालते हैं।

बेटियों को कमजोर या कमतर समझे जाने की मानसिकता पर चोट करते हैं। उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण जैसे मानवीय पहलुओं पर बराबरी लाने और आगे बढ़ाने का परिवेश बनाते हैं। घर ही नहीं दफ्तर में भी उनकी जरूरतों और सहूलियतों पर सोचने के हालात तैयार करते हैं। गौरतलब है कि चालक दल के क्वार्टर्स में गोपनीयता की कमी और महिलाओं के लिए विशिष्ट बाथरूम की सुविधा का न होना जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव भी अब तक युद्धपोतों पर महिला अधिकारियों की तैनाती न किए जाने के कारणों में से एक रहा है।

## सहज अनुभव

### धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंद सरस्वती

**जब** मैं छह साल का था तो मुझे एक सहज आध्यात्मिक अनुभव हुआ, जिसके दौरान मैं काफी समय तक अपने शरीर से पूरी तरह अनजान रहा। जब मैं दस साल का था, तब वही हुआ था, लेकिन इस बार मैं सोचने और तर्कसंगत बनाने के लिए काफी पुराना था, और मैंने अपने पिता को इसके बारे में बताया। वे समझ नहीं पाएं और मुझे डॉक्टर के पास ले जाना चाहते थे , लेकिन सौभाग्य से उस समय हमारे क्षेत्र में कोई डॉक्टर नहीं था। वहाँ अगर सुविधा होता तो , शायद मैं एक मानसिक अस्पताल में समाप्त हो गया होता। लेकिन चीजें जो वे थीं, मुझे उपचार से गुजरना नहीं पड़ा और उन्हें छोड़ दिया गया। मेरे पिता को वेदों और अपने गुरु के लिए बहुत सम्मान था। एक दिन यह गुरु मेरे पैतृक शहर का दौरा करने गया, तो मेरे पिता मुझे अपने पास ले गए और उनसे मेरे बारे में सलाह ली। ऋषि ने उनसे कहा कि मुझे आध्यात्मिक अनुभव हुआ है और आध्यात्मिक जीवन जीने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मेरे पिता ने अपने गुरु की बात मानी और मेरे अनुसार उन्हें प्रशिक्षित करने की व्यवस्था की। इस प्रकार कम उम्र में ही मैं आध्यात्मिक खोज के लिए समर्पित हो गया।

मेरा परिवार हिंदू था, और हिंदू धर्म में दो परंपराएं हैंः एक मूर्तियों की पूजा में विश्वास करता है और दूसरा यह कि ईश्वर निराकार है। मेरा परिवार उत्तरार्द्ध का था, लेकिन फिर भी मैं अक्सर सभी विभिन्न देवताओं के चित्रों को देखता था और उनके बारे में आश्चर्य करता था।

दौड़ते ही दौड़ते दम तोड़ता है आदमी।
एक रोटी, दो लँगोटी, तीन गज कच्ची जमीं,
चार दिन में तीन चीजें जोड़ता है आदमी। है यहाँ कितना भरोसा आदमी को मौत पर, मौत के ही हाथ में सब छोड़ता है आदमी।

**– आशुतोष राणा, अभिनेता**

### रोचक ट्वीट

आखिर कब केंद्र इन रोज होती रेल दुर्घटनाओं को लेकर चेतेगी ? - आखिर आम भारतीयों की जान - माल की सुरक्षा की लेकर इतनी बेपरवाह क्यों है सरकार ?

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





शभर में 15 लाख सदस्यों के साथ सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रहे युवा संगठन एनसीसी के प्रतिनिधियों को लाल किला, नई दिल्ली में सम्मानित करना मेरे लिए भी गौरव की बात है।

**– संजय सेठ, सांसद, रांची**

# सभी पर्सनल बोर्ड और वक्फ बोर्ड भंग करने होंगे

### सामयिक

डॉ. नितिन सहरिया

मुस्लिम ' वक्फ बोर्ड' दरअसल कांग्रेस और जवाहरलाल नेहरू की ₹लैंड जिहाद यानी भारत के इस्लामीकरण की एक बड़ी सौगात है। वस्?तुतः यह आरोप कि?तना सच है, वह अब सामने आ रहा है, जबकि देश भर में वक?फ के पास सेना, रेलवे के बाद तीसरे नंबर पर सबसे अधि?क भूमि? का होना पता चलता है। भारत में कांग्रेस हिंदुओं को धोखे में रखकर भारत के इस्लामी करण में विगत 75 वर्षों से लगी हुई है। वह तो शुक्र है कि इस देश में भारत भक?तों की कोई कमी नहीं, है, जो देशवासियों को जगाने ,बचाने ,छल- कपट से दूर करने के कार्य में लगे हुए हैं । अन्यथा यह देश (भारत) आज से 40 वर्ष पूर्व ही सदा के लिए गुलाम/ नष्ट हो जाता। जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में एक कमेटी बनाकर देश की संसद में एक बिल लाकर के ' वक्फ बोर्ड' बनाया। आज यह ' वक्फ बोर्ड' भारत में सेना व रेल मंत्रालय के बाद सबसे अधिक जमीन 9 लाख एकड़ पर कब्जा किए हुए हैं। इसको असीमित शक्तियां नेहरू ने प्रदान की हैं। यह जिस किसी वस्तु/संपत्ति पर यह उंगली रख दे, वही इसकी हो जाती है।


इस संबंध में प्रोटेक्टेड प्रॉपर्टी को वक्फ बोर्ड की प्रॉपर्टी घोषित करने पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया का दिया हाल का वक?त०?य देखा जा सकता है। यहां इन्होंने कहा, ताज महल, लाल किले को भी वक्फ बोर्ड की संपत्ति घोषित कर दो! आपके घर को भी वक्फ सम्पति घोषित कर फिर से? इस न्यायालय को भी वक्फ संपत्ति घोषित कर फिर से? एक-एक कर के नोटिस क्यों देते हो, एक साथ पूरे भारत को वक्फ संपति घोषित कर दो ये है वक्फ एक्ट। आज इंडी गठबंधन, कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल संसद में लाए गए वक?फ विधेयक की कड़ी आलोचना कर रहे हैं । वे वक्फ कानून में प्रस्तावित बदलावों को 'असंवैधानिक', 'अल्पसंख्यक विरोधी' और 'विभाजनकारी' बता रहे हैं । उसके बाद वह उसकी हो जाती है, जबकि असली मालिक फिर दर-दर यह सिद्ध करने के लिए भटकता रहता है कि यह भूमि, मकान वक्फ का नहीं उसका है।

जबलपुर हाई कोर्ट ने वक्फ के खिलाफ जो बोला है, वह वर्तमान की हकीकत है, जिसे कोई भी नकार नहीं सकता है। इसलिए आज यह जरूरी हो गया है कि वक?फ के नियमों में यह जरूरी कि?या जाए कि कोई भी व्यक्ति तब तक कोई संपत्ति को वक्फ को दान नहीं कर सकता जब तक कि वह संपत्ति का वैध मालिक न हो और ऐसी संपत्ति को हस्तांतरित या समर्पित करने के लिए न सक्षम हो।

इस प्रावधान से वैसी संपत्तियों पर वक्फ पर कब्जे रुकेंगे जो किसी के नाम से दर्ज नहीं हैं। अभी जिस तरह से इस अधिनियम के प्रारंभ से पहले या बाद में वक्फ संपत्ति के रूप में पहचानी या घोषित की गई सरकारी संपत्ति को वक्फ संपत्ति माना लिया जाता है, बिना किसी जांच किए बगैर, वह रुकना जरूरी है। क?योंकि कहने भर से कोई भी सरकारी संपत्ति वक्फ प्रॉपर्टी नहीं हो सकती है। कायदे से वक्फ के रूप में दी गई संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं।

इस बारे में कलेक्टर को उचित जांच करके संपत्ति की पहचान करना चाहिए और अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को भेजना चाहिए तब जाकर तय होना चाहिए कि इस भूमि का असली मालिक कौन है। मौजूदा वक्फ कानून में ऐसे विवाद का फैसला करने का अधिकार ट्रिब्यूनल के पास है। जबकि यह अधिकार हर जिले में कलेक्टर के पास होना चाहिए। नहीं, तो आगे भी वक्फ बोर्ड किसी भी जमीन को अपना बताता रहेगा और जमीनों से जुड़े विवाद कम होने का नाम ही नहीं लेंगे।

### कॉर्टून वर्ल्ड




### लेटर टू एडिटर

#### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-राजेश चौहान, जमशेदपुर**

#### व्यर्थ का विरोध

**केन्द्र** सरकार ने सरकारी स्वामित्व वाली, जैसे बीमा, बैंकिंग, उर्वरक, रक्षा उपकरण, इस्पात, पेट्रोलियम और अन्य क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है, जो जनहित में भी बहुत आवश्यक है। विरोध करने वालों से ये पूछा जाना चाहिए कि क्या वे लोग अपने बच्चों को निजी स्कूलों में नहीं भेजते हैं? यह देश को पीछे ले जाने का प्रपंच है।

**– सुनील सिन्हा, हजारीबाग**

# नशे की गुलामी से कैसे आजाद होगा देश?

### समस्या

आर.के. सिन्हा

**भारत** में सिगरेट और बीड़ी पीने का सिलसिला न जाने कब से चल रहा है। इनके पैकट पर वैधानिक चेतावनी देने का भी कोई असर नहीं हुआ। अब सूखा नशा लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। यह एक ऐसी बुराई है जो व्यक्ति की मानसिक और शारीरिक स्थिति को पूरी तरह से बिगाड़ देती है। यह आदतें न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि समाज के ताने बाने पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। विभिन्न स्रोतों और सर्वे के नतीजे बताते हैं कि राजधानी दिल्ली में ही कम से कम 10 से 20 फीसदी युवा नशे की चीजों के आदी हो चुके हैं। सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध के बावजूद इसको रोकने के लिए अभी तक की गई कोशिशें नाकाम साबित हुई हैं।

नशे की गिरफ्त में आकर लोग अकसर अपनी जिम्मेदारियों को लापरवाही पूर्वक नजरअंदाज कर देते हैं। इसके प्रभाव से बचने के लिए उचित शिक्षा और सक्रिय जागरुकता की परम आवश्यकता है। साथ ही नशे के खिलाफ ठोस आन्दोलन प्रयास करने की भी जरूरत है। केवल व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयास ही इस समस्या को समाप्त कर सकते हैं। अकेले, सरकार के बस का तो यह होने से रहा। आपको देश का शायद ही कोई शहर मिले, जहां के अत्यधिक सुरक्षित क्षेत्रों, हाई प्रोफाइल इलाकों और एलीट जोनों, बड़े मार्केटों में नशा उपलब्ध न हो। नशे पर पूरी तरह से बैन ही नहीं लग पा रहा है। राजधानी दिल्ली तो नशे के कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। इसके पीछे नशीले पदार्थों की आसान उपलब्धता तथा गरीबी, बेरोजगारी और सामाजिक तनाव के चलते हो रहे डिप्रेशन को कम करने में मदद मिलने जैसी बड़ी वजह भी है। इसके साथ ही मौजूदा पारिवारिक ढांचा और शिक्षा की कमी से हो रहे भटकाव तथा अज्ञानता भी नशे को बढ़ावा देने में मददगार बन रहा है। इसका सबसे बुरा असर हमारे कम उम्र के स्कूल और कॉलेज जाने वाले लड़के-लड़कियों पर भी बुरी तरह पड़ रहा है। थोड़ी सी मस्ती, अति उत्साह और सामाजिक आचार-विचार के प्रति बेरुखी के चलते खुद को बिंदास, बेपरवाह दिखाने के लिए ड्रिंक्स, स्मोकिंग, च्युइंग एडिक्शन जैसी आदतें अपनाने को वह अपने को आधुनिक और प्रगतिशील सिद्ध करने के लिये जरूरी मान बैठे हैं।

दिल्ली और देश के शेष भागों में सूखे नशे में केवल तंबाकू या गुटखा ही नहीं इस्तेमाल हो रहा है। तस्करी चोरी के जरिए बड़े पैमाने पर गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस, कोकेन, मिथाइलीनडाइऑक्सी मेथाम्फेटामाइन (एमडीएमए), एक्स्टसी सिंथेटिक टैबलेट और पाउडर, मेफेड्रोन पाउडर और कैप्सूल तथा कोडीन मिला हुआ कफ सिरप को भी लाकर भी बेचा जा रहा है। एमडीएमए एक तरह का सिंथेटिक ड्रग है, जो उत्तेजक और बुद्धिभ्रष्ट कारक है। इस ड्रग के इस्तेमाल मात्र से शरीर पर बदलाव आने लग जाते हैं। सिंथेटिक ड्रग्स का उदय एक महामारी के रूप में हो रहा है जो कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है, खासकर युवा लोगों को। नए जमाने में सुरक्षा के नाम पर ई-सिगरेट का भी प्रचलन भी बढ़ता जा रहा है। इसमें धुआं भले ही न हो, लेकिन निकोटीन होने से स्वास्थ्य के लिए नुकसान में जरा सी भी कमी नहीं है।

राजधानी के प्रतिष्ठित गंगा राम अस्पताल दिल्ली में वरिष्ठ चिकित्सक, मेडिसिन डॉ. मोहसिन वली कहते हैं, भारत में तंबाकू सेवन करने वालों, विशेष रूप से धूम्रपान करने वालों की बढ़ती संख्या के चलते इस पर नियंत्रण के लिए बनाई गई नीतियों की तुरंत समीक्षा की जरूरत है। निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी (एनआरटी), गर्म तम्बाकू उत्पाद (एचटीपी) और स्नस (धुआं रहित तंबाकू) जैसे वैज्ञानिक रूप से सुरक्षित विकल्पों के इस्तेमाल से नशे पर रोक लगाने में महत्वपूर्ण कामयाबी मिली है। हालांकि एनआरटी को मेडिकल स्टोर पर केवल डॉक्टरों के प्रिस्क्रिप्शन पर ही लिया जा सकता है, जिसके कारण इसकी सरल उपलब्धता अब मुश्किल हो गई है। अब इसे सीधे कोई आसानी नहीं ले सकता है।₹ जानकारों का कहना है कि अधिकांश लोग एनआरटी का उपयोग तब बंद कर देते हैं, जब उन्हें लगता है कि अब उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। एनआरटी में निकोटीन की मात्रा सिगरेट की तुलना में वैसे तो कम होती है।

## स्पीड न्यूज

### कंटेनर ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



**कुजू।** केबीगेट श्री राम चौक फोरलेन सड़क पर मंगलवार की सुबह कंटेनर की चपेट में आकर बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। बाद में सूचना पाकर पहुंची कुजू पुलिस ने शव को कब्जे में कर अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गिद्दी ए वाशरी निवासी विपुल सिंह (42 वर्ष) पिता रामसेवक सिंह अपनी पैशन प्रो बाइक संख्या जेएच02एएम-4878 पर सवार होकर श्री राम चौक से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान रामगढ़ से हजारीबाग की ओर जा रहे कंटेनर ने टक्कर मारते हुए फरार हो गया। घटना में बाइक सवार विपुल सिंह की मौत हो गयी। पुलिस ने बाइक को ओपी ले आयी।

### भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भाजपा भुरकुंडा मंडल मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा के नेतृत्व में उनके जवाहर नगर स्थित आवासीय कार्यालय से मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा लगे इसके लिए जन जागरण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में जिला के द्वारा मंडल के प्रभारी योगेश दांगी और भुरकुंडा मंडल से राजन पांडेय, महेंद्र सिंह, ज्योति सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम को किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो बाइक पर सवार होकर मंडल के 14 शक्ति केंद्रो में भ्रमण किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। मौके पर भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अशोक सोनी, सत्येंद्र नारायण सिंह, जुगल नायक, कन्हैया सिंह यादव, सुभाष दास, विजय सिंह, सुनील बैठा, सूरज शर्मा, विनोद सिंह, जनार्दन सिंह, कुणाल मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### संडे वेतन को ले जीएम के साथ वार्ता



**भुरकुंडा ।** महाप्रबंधक कार्यालय में सीसीएल सीकेएस/बीएमएस ने बरका-सयाल महाप्रबंधक के साथ चुनाव कार्य मे लगाए गए कर्मियों के संडे वेतन भुगतान को लेकर मंगलवार को वार्ता की। जिसपर प्रबंधन ने जल्द ही भुगतान कराने का आश्वासन दिया। साथ ही प्रोमोशन व मजदूरों के आवास की मरम्मत/एपीपी कराने तथा कामगारों को अर्निंग स्टेटमेंट उपलब्ध कराने को लेकर भी चर्चा की गई। प्रबंधन ने इसे जल्द से जल्द पूरा कराने पर सहमति जताई। बैठक में संगठन के कोयला प्रभारी रामविनय त्रिपाठी, महामंत्री शशि भूषण सिंह, सचिव शम्भु प्रसाद सिंह, सुरक्षा समिति सदस्य श्रीकांत गुप्ता, सुधीर सिंह व सुभाष ओझा मौजूद थें। वहीं प्रबंधन की ओर से महाप्रबंधक अजय सिंह, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक अजय कुमार, क्षेत्रीय वित्त पदाधिकारी एके गुप्ता, अमला अधिकारी विद्युत व यांत्रिकी अमरेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बच्चों का विकास ही विद्यालय का उद्देश्यः सुमंती



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हॉली क्रॉस स्कूल वर्द्धमान कंपाउंड रांची में शनिवार को अंतर विद्यालयीय कला प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के विद्यार्थियों ने भी हिस्सा लिए। प्रतियोगिता में शामिल पावन क्रूस स्कूल भुरकुंडा के 9 विद्यार्थियों में से चार ने सफलता अर्जित करते अपना एवं विद्यालय को गौरान्वित होने का एहसास कराया। पावन क्रूस स्कूल की छात्रा निधि कुमारी ने गायन प्रतियोगिता में द्वितीय, भाषण प्रतियोगिता में आयशा प्रवीण द्वितीय, स्टोन पेंटिंग में मानसी कुमारी द्वितीय और रील मेकिंग में भूमि कुमारी सफलता अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। प्राचार्या सिस्टर सुमंती ने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में बच्चों को अव्वल बनाना ही विद्यालय का उद्देश्य है। बच्चों की सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन कटिबद्ध है।

### लॉर्ड कृष्णा स्कूलअमृत नगर में सेमिनार

दारू। लॉर्ड कृष्णा स्कूल मे मंगलवार को मिशन हेल्दी वेल्थी इंडिया की द्वारा हाई बीपी डायबिटीज ओबेसिटी के विषय में डॉक्टर चंद्रन नारायण ने सभी शिक्षकों को स्वस्थ रहने की एवं आईसीएमआर के आगेर्नाइजेशन के माध्यम से सभी शिक्षकों को स्वस्थ रहने की जानकारी दी। उन्होंने रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष भारत में 60फीसदी से ज्यादा हृदय रोग कैंसर स्वास्थ्य संबंधी डायबिटीज की वजह से असमय निधन होती है। इसका मूल कारण अनियमित खान-पान शारीरिक गतिविधि की कमी को बताएं भारत को डायबिटीज कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाता है क्योंकि पूरी दुनिया के 17फीसदी से ज्यादा डायबिटीज के मरीज भारत में पाए जाते हैं भारतवर्ष में वर्तमान 8 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं और 2045 तक 13 करोड़ से ज्यादा भारतीय डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाएंगे। उन्होंने बीमारी का रीजन पर कंट्रोल करने के विषय में बताया कि इसके लिए लॉर्ड कृष्णा स्कूल अमृत नगर हजारीबाग के हाल में स्वस्थ रहने की सेमिनार किऐ सभी शिक्षकों के बीच बताएं उन्होंने यह भी कहा की बीमारी आने से पहले विभिन्न तरह के जांच का सहारा लिया जा सकता है । लॉर्ड कृष्णा स्कूल के सचिव अमिताभ नीरज, शिक्षक सुमंत उपाध्याय, कृष्ण कुमार देव, पायल अग्रवाल, सुमित कुमार, संदीप कुमार, अफरोज आलम, शहनाज खातून, पंकज कुमार राय, वीरेंद्र प्रसाद, भोला राय, अनिल साहू व अन्य उपस्थित थे।

# रामगढ़ डीसी व एसपी ने फुल ड्रेस रिहर्सल का किया निरीक्षण

▸▸ कल रामगढ़ के सिदो कान्हू मैदान में 9:05 बजे से शुरू होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर सिद्धू कान्हू मैदान रामगढ़ में होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अंतिम अभ्यास किया गया। उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का निरीक्षण किया।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया। अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं राधा गोविंद स्कूल के छात्र व छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई। उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह स्थानीय सिदो कान्हू मैदान में पूर्वाह्न 9:05 बजे से शुरू होगा। उपायुक्त कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे, पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रातः 10:05 बजे, उप विकास आयुक्त कार्यालय में प्रातः 10:10 बजे, अनुमंडल कार्यालय में प्रातः 10:50 बजे , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में प्रातः 10:55 बजे एवं पुलिस लाईन रामगढ़ में प्रातः 11:10 बजे झंडा फहराया जाएगा। इस दौरान वरीय अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# कुजू में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट 25 अगस्त से

टूर्नामेंट के लिए कमिटि का गठन अध्यक्ष अशोक व सचिव बने राजेश

खबर मन्त्र संवाददात



**कुजू।** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर लोकसभा क्षेत्र में खेल महोत्सव के तहत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजन को लेकर कुजू चौक स्थित एमआर कॉम्प्लेक्स में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में खेल से जुड़े प्रतिनिधि व भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान टूनार्मेंट के सफल आयोजन को लेकर कमिटि का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अशोक कुमार, उपाध्यक्ष निर्मल करमाली, रामदेव प्रसाद, पवन साहू, सूरज महतो, सचिव राजेश प्रसाद, सह सचिव आशीष कुमार, रवि साहू, राजेंद्र केशरी, प्रवेशकर्ता संयोजक के रूप में पंचित महतो, श्रवण शाह, अखिलेश्वर प्रसाद का चयन किया गया। जबकि संरक्षक में प्रवीण मेहता, धनेश्वर प्रसाद, राजू महतो, राकेश मेहता रॉक, नरेश महतो, मुकेश साहू, लखन प्रसाद, तोकेश सिंह शामिल है। सांसद खेल महोत्सव के तहत सभी प्रखंडों में टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 25 अगस्त को सांसद मनीष जायसवाल द्वारा किया जायेगा। बैठक में सांसद खेल प्रतिनिधि बंटी तिवारी, रतन प्रसाद, जयपकाश, संजय महतो, महेश आदि मौजूद थे।

### हजारीबाग में एकता सह सद्भावना दौड़ आज

हजारीबाग। हजारीबाग जिला प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के पूर्व बुधवार को इस वर्ष भी एकता-सह-सद्भावना दौड़ का होगा आयोजन। सद्भावना दौड़ कनहरी से सुबह 7:00 बजे से प्रारंभ होकर मुख्य स्टेडियम (कर्जन ग्राउंड) के गेट में प्रवेश कर 8:30 बजे सुबह में समाप्त हो जाएगी। एकता सह सद्भावना दौड़ में जिला प्रशासन के सभी वरीय पदाधिकारी, जिला मुख्यालय के सभी स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों के अलावा गणमान्य नागरिक और आमजनता भी हिस्सा लेंगे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में निकली तिरंगा यात्रा

**बरही।** डीएवी पब्लिक स्कूल में हर घर तिरंगा कार्यक्रम में कक्षा एलकेजी से कक्षा 12 तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। सभी छात्र छात्राएं हाथ में तिरंगा लेकर स्वाधीनता की भावना से ओत-प्रोत विभिन्न आकृतियों को जीवंत किया। एनसीपी के छात्र छात्राओं ने वाद्ययंत्र के साथ मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।

# श्री अग्रसेन स्कूल में राइफल शूटिंग प्रतियोगिता आयोजित

## श्रेया और आदर्श को मिला गोल्ड

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा** (रामगढ़)।श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में चल रहे इंटर हाउस ओपन साइट राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार को खेला गया। शूटिंग प्रतियोगिता में लड़कियों में श्रेया कुमारी ने गोल्ड मेडल जीता। वहीं अदिति कुमारी और काजल कुमारी को सिल्वर, प्राची उरांव को ब्रोंज मेडल मिला।

इसी तरह लड़कों में आदर्श सिंह ने गोल्ड, वैभव कश्यप ने सिल्वर, आयुष मंडल ने ब्रोंज मेडल अपने नाम किया। शूटिंग प्रतियोगिता स्कूल के राइफल शूटिंग कोच राजेश कुमार महतो की देखरेख में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्राचार्य विवेक प्रधान ने सभी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्र में अनुशासन होकर आगे बढ़े।आज खेलकूद का दायरा भी काफी व्यापक हो गया है। खेल के बूते भी हम बेहतर भविष्य की ओर बढ़ सकते हैं। इसी सोच के साथ विद्यालय प्रबंधन ने राइफल शूटिंग के लिए सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया है।

### शेफाली गुप्ता ने शहीद स्मारक पार्क में चलाया सफाई अभियान



**दारू।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व रांची पटना मार्ग हजारीबाग परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने साफ- सफाई अभियान चलाया। आजादी के स्वतंत्रता सेनानियों को याद कर माल्यार्पण तथा श्रद्धासुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वंदे मातरम, जय हिंद जय भारत सहित कई देश भक्ति नारा लगाया गया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद कर मौजूद लोगों ने स्मारक को नमन किया। गुप्ता ने उपस्थित लोगों में तिरंगा का वितरण कर अपने-अपने घरों में तिरंगा लगाकर हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ने का अपील की। गुप्ता ने कहा देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान व बलिदान काफी सरहानीय था। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका साहू, बिनोद झुनझुनवाला, सुदेश चंद्रवंशी, महेंद्र राम बिहारी, रानी शुक्ला, मनोरमा राणा एवं कंचन शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उज्जवला फाउंडेशन ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

▸▸ क्लब के अलमीरा के लिए प्रजापति ने नौ हजार दिया



**कुजू।** प्रेस क्लब रामगढ़ के नव निर्वाचित अध्यक्ष बीरू कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों के लिए उज्जवला फाउंडेशन ने मोतीराम कंपलेक्स बोंगावार में सम्मानित किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष वीरेंद कुमार वीरू सहित अन्य सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर सम्मानित किया। वही, प्रेस क्लब रामगढ़ के लिए जगेश्वर प्रजापति ने क्लब में आलमीरा को लेकर 9 हजार रुपए का चेक सौंपा। वीरू कुमार ने फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति एवं सदस्यों को सम्मानित करने पर बधाई दी। कहा कि जिस प्रकार फाउंडेशन आप सभी के उद्देश्यों व महिला सशक्तिकरण के लिए कृत संकल्पित है। यह सराहनीय कार्य है। कहा कि आप सभी अपनी किसी भी समस्याओं के लिए बेहिचक हमसे संपर्क कर सकते हैं। निश्चित ही आपकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। पत्रकार के तौर पर जिला पुलिस प्रशासन से सहयोग के साथ मदद की जाएगी। वही, जगेश्वर प्रजापति ने कहा कि प्रेस मीडिया आज देश का चौथा स्तंभ है।

मीडिया ही समाज का आईना बनकर हमें देश दुनिया की समाचारों से अवगत कराया जा रहा है। जिसके कारण आज हमारे संस्थान का नाम मीडिया के सुर्खियों में है। कार्यक्रम के पश्चात सदस्यों के बीच बतौर मुख्य अतिथि हाथों तिरंगा झंडा वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति और संचालन शांति देवी ने की। मौके पर आशा कुमारी, वीना देवी, मनसरी देवी, कौशल्या देवी, ममता कुमारी, जनक प्रसाद, सुखदेव सोनी, प्रमोद यादव, प्रकाश केसरी, सुनीता देवी, सोनी, खुशबू, अनीता, कुंती, मुनिया, मंजू समेत दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## एक नजर में

### जामिया अंजुमन कमेटी के सदर बने अफजल



**केरेडारी।** जामिया अंजुमन कमेटी चट्टी बारियातु में सदर सेक्रेटरी वा खजांची का चुनाव सोमवार को संपन्न हुआ जामिया अंजुमन कमेटी चट्टी बारियातु के सदर अफजल हुसैन सेक्रेटरी मो. अताउल्लाह वा खजांची फारूकी आलम निर्वाचित हुए। अंजुमन कमेटी से मनोनित किए गए निर्वाचन पदाधिकारी हाजी अख्तर आजाद ने बताया कि सदर पद के लिए 3 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे जिसमें सदर सेक्रेटरी वा खजांची का कुल मतदान 73 हुआ वही सदर पद मैं अफजल हुसैन 29 मत, मो. इरशाद 26 मत, मो. कमरुद्दीन 18 मत, प्राप्त हुए सेक्रेटरी पद में मो. अताउल्लाह 47 मत मोजाम 26 मत प्राप्त किए। खजांची पद में मो. फारूकी 43 मत मो .महमूद 30 मत प्राप्त हुए चुनाव जितने के बाद सदर अफजल हुसैन ने जामिया अंजुमन कमेटी चट्टी बारियतु को सभी सदस्यों को अवगत कराया की किसी भी तरह की समस्या का समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे मौके पर जामिया अंजुमन कमेटी के सभी सदस्य गण उपस्थित थे।

### भाजपा ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

बड़कागांव। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हर घर तिरंगा लगाना है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज और भाजयुमो जिला राजकरण पांडे के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्षों, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व बड़कागांव विधानसभा स्तरीय तिरंगा यात्रा निकला गया। जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थित रहें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव चल रहा है सभी कोई अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगा कर सेल्फी ले कर सोसल मिडिया प्लेटफोर्म ॅ११३१ल्लॅ.ङ्क पर साझा करें। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, बडकागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, युवा मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता पूनम साव, पूर्व ज़िप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, कार्यक्रम संयोजक शिव शंकर उर्फ.शिबू मेहता, मंडल महामंत्री नर्सिंग प्रसाद, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, मनीष पांडे, सुमन गिरी, उदय मेहता, सत्यजीत विद्या अलंकार, अवध किशोर कुमार, किशोर राणा, राजीव रंजन, धर्मेंद्र प्रसाद, राज किशोर, चंदन सिंह, दीपक नायक, धनेश्वर तुरी के साथ साथ दर्जनों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कैलाशपति देव ने कांग्रेस से मांगा टिकट



**दारू।** दारु प्रखंड के बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाशपति देव ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस पेश किया। कैलाश कांग्रेस के काफी पुराने कार्यकर्ता है और करीब 22 वर्षो से पार्टी से जुड़कर पार्टी की सेवा कर रहे है। उन्होंने बताया कि सदर विधानसभा एक कुशवाहा बहुल क्षेत्र है। इसलिए का विधायक भी कुशवाहा को ही होना चाहिए। सदर मे कांग्रेस पार्टी के वोटों में काफी इजाफा हुआ है। लोकसभा चुनाव मे सदर विधानसभा से पार्टी को काफी अच्छा मत प्राप्त हुआ है। कोंग्रेस पार्टी यदि उन्हे टिकट देती है तो उनकी जीत सुनिश्चित है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद के साथ पार्टी कई वरिष्ठ कार्यकताओं ने भी उनकी दावेदारी का समर्थन किया।इस अवसर पर तुलसी कुशवाहा , विजय राम ,राजेश यादव ,नरेंद्र कुमार ,मोहम्मद लियाकत, योगेंद्र सिंह, त्रिलोकी प्रसाद, उमेश प्रसाद, रिंकू कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### अंबा प्रसाद के नेतृत्व में निकलेगी तिरंगा यात्रा



**बड़कागांव।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में हर घर तिरंगा अभियान का नेतृत्व विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया जा रहा है। विधायक अंबा प्रसाद का लक्ष्य है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घरों में तिरंगा झंडा अवश्य फहराया जाए। इसी को लेकर विधायक अंबा प्रसाद के बड़कागांव बरवाडीह स्थित आवास में तैयारियां जोरों पर है। तिरंगे झंडे की पैकेजिंग करके हर घरों तक पैकेट पहुंचाने का लक्ष्य है इसी को लेकर पूर्व विधायक निर्मला देवी भी लगातार मेहनत कर रही है। बड़कागांव स्थित आवास में दर्जनों युवतियां भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए तिरंगे झंडे की पैकेजिंग कर रही हैं। पूरे क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस को धूमधाम से मनाने की तैयारी हो रही है।

### रामनारायण यादव कॉलेज में तिरंगा यात्रा

बरही। रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही में एनसीसी के बैनर तले आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में एक तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राओं शामिल हुए, जिनमें शासी निकाय के सचिव परमेश्वर यादव, डॉ. संजय कुमार बर्णवाल, डॉ. गिरिधारी यादव, डॉ. कुमारी सुषमा, प्रोफेसर हिरामन साव, डॉ. बद्री साव, डॉ. संगीता चौधरी, डॉ. अजय प्रताप सिंह, डॉ. ब्रह्मदेव मोदी, डॉ. अजय रंजन, डॉ. ए. के. बसु, डॉ. ओम कुसुम, डॉ. नैय्यर इकबाल, डॉ अशोक कुमार, डॉ अरूण कुमार रामानुज, तमन्ना परवीन, हिरामन साव, जागेश्वर यादव, अरुण, डॉ. महात्मा जी और महाविद्यालय के कई कर्मचारी और प्राध्यापक शामिल थे।महाविद्यालय के कर्मचारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें प्रधान लिपिक दिनेश्वर प्रसाद यादव, लेखापाल नागेश्वर यादव, आनंद मौर्या, दिनेश यादव, निजामुद्दीन जी, महेंद्र ठाकुर, रीना गीता आदि शामिल थे।वक्ताओं ने भारत की आजादी के इतिहास पर प्रकाश डाला, जिसमें 9 अगस्त 1942 को अंग्रेजों के खिलाफ शुरू हुए भारत छोड़ो आंदोलन का विशेष रूप से उल्लेख किया गया।

### भाजपा नेजा खेमलाल महतो ने बांटा तिरंगा

**बड़कागांव ।** भाजपा बड़कागांव उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में कार्यकताओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर हर घर तिरंगा लगाने को लेकर तिरंगा वितरण किया गया। मौके पर खेमलाल महतो ने लोगों से आग्रह किया कि हर घर तिरंगा लगाकर अपने देश भारत का मान बढ़ाने का काम करें। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, दिनेश करमाली, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अशोक साव, कृष्णा गुप्ता, दिनेश कुमार, सुरेश महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## मईयां योजना का आवेदन अपलोड का काम युद्धस्तर पर जारी



**अनगड़ा।** हेमन्त सरकार की महत्वकांक्षी योजना मईयां सम्मान योजना का आवेदन अप-लोड करने का काम प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय की देख रेख में युद्धस्तर पर चल रहा है। आवेदन फार्म अप-लोड करने के लिए करीब बीस कम्प्युटर ऑपरेटरों को लगाया गया है। साईट धीमी रहने के कारण ऑपरेटरों को थोड़ी परेशानियां का समना करना पड़ रहा है। इससे लक्ष्य के अनुरूप आवेदन फार्म के अपलोड में थोड़ी दिक्कत आ रही है।

# बाइक के धक्के से छात्रा घायल

## इटकी-ब्राम्बे सड़क पर पेट्रोल पंप के निकट हुई दुर्घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी ब्राम्बे रोड पर शाहदेव पैट्रोल पम्प के समीप मोटरसाइकिल के धक्के से संत एग्नेस बालिका उच्च विद्यालय की एक साइकिल सवार छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं बाइक में सवार महिला भी गिर कर चोटिल हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय प्रबंधन द्वारा घायल छात्रा को ईलाज के लिए स्थानीय मेडिकल ले जाया गया। घटना सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे की है। घायल छात्रा रोशनी उरांव इटकी थाना क्षेत्र के मकुंदा गांव की है। वह संत एग्नेस बालिका उच्च विद्यालय में नवें वर्ग में पढ़ती है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब साढ़े आठ बजे रोशनी साइकिल से स्कूल जा रही थी। इसी दौरान ठीक स्कूल गेट के समीप एक बाइक सवार ने साइकिल को ठोकर मार दिया जिससे गिर कर वह घायल हो गई। उसके दाहिने हाथ में गंभीर चोटें आई है। चिकित्सकों द्वारा हाथ फ्रेक्चर होने की बात कही जा रही है। हाथ मे सूजन होने के कारण एक्सरे नही हो सका है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका स्मिता बाला कुजुर ने बताया स्कूल गेट के समीप घुमावदार सड़क होने और ब्रेकर नहीं होने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती है। स्कूल गेट के समीप बड़े वाहनों को खड़े रखना भी दुर्घटना का कारण बनता है। उन्होंने प्रशासन से स्कूल गेट के समीप बड़े वाहनों खड़े करने पर प्रतिबंध व स्पीड ब्रेकर बनाये जाने की मांग की है।

## सिकिदिरी घाटी में 200 फीट नीचे खाई में गिरी कार, बचा चालक



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी-गोला पथ के पुतरीडीह घाटी में अनियंत्रित होकर एक नई सफारी कार 200 फीट नीचे खाई में गिर गई। इस घटना में चालक बाल-बाल बच गया। उसे मामूली चोट आई है। घटना सोमवार की देर रात 12 बजे की है। बताया जाता है कि बिना नंबर का एक नई सफारी कार को चालक धनबाद के एक शो रूम से रांची शो रूम लेकर जा रहा था।इसी दौरान चालक को झपकी आ गई और कार असंतुलित होकर घाटी में पलटते हुए नीचे खाई में जा गिरी।घटना की सूचना मिलते ही सिकिदिरी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को किसी तरह कार से सुरक्षित बाहर निकाली, पररात होने के कारण कार को खाई से बाहर नहीं निकाला जा सका था।

## बीच सड़क पर पलटा स्कार्पियो चालक की मौत, दो महिला घायल

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत रिंग रोड पर हेसल टॉल प्लाजा के करीब एक किलोमीटर की दूरी पर तुरूप गांव के पास डिवाईडर से टकरा कर बीच सड़क पर एक स्कॉर्पियो जेएच05 एएन6999 के पलटने से चालक श्रवण कुमार राय की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसकी पत्नी और एक अन्य रेशमी कुमारी घायल हो गए । बताया गया कि स्कॉर्पियो टाटी सिलवे से रिंग रोड पर विकास की ओर जा रही थी। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद अनगड़ा पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे मे लेकर उसे पोस्टमार्टम हेतु रिम्स रांची भेज दिया, जबकि दोनो घायलों को भी इलाज हेतु रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है।

# सम्मान के साथ फहरायें तिरंगा

## ओरमांझी प्रखंड के कई स्थान में झंडोत्तोलन के समय में परिवर्तन

खबर मन्त्र संवाददाता



ओरमांझी में ध्वजारोहन (फाइल फोटो)।

**ओरमांझी।** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रखंड क्षेत्र के प्रमुख स्थानों में ध्वजोहण करने की समय सारणी जारी कर दिया गया है। इसे लेकर मुख्यालय में प्रखंड क्षेत्र के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की एक बैठक की गई थी। जिसमें प्रखंड मुख्यालय, थाना सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों में ध्वजारोहण की समय में कंही-कहीं परिर्वतन किया गया है। साथ ही ध्वजारोहण चबूतरा को उजला रंग से रंगने व झंडा बांधने व ध्वजारोहण करने के दौरान महिलाओं को सिर पर साड़ी रखने व पुरुषों को टोपी पहन कर पूरे सम्माम के साथ ध्वजारोहण करने को कहा गया है। निर्धारित समय सारणी में प्रखंड-सह-अंधल कार्यालय में सर्वप्रथम सुबह आठ बजे ध्वजारोहण होगी। जिसके बाद एसएस उच्च विद्यालय ओरमांझी में 8.15 बजे, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय ओरमांझी में 8.25 बजे, बीआरसी ओरमांझी में 8.35 बजे, थाना परिसर ओरमांझी में 8.50 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डुंडे ओरमांझी व सभी उपस्वास्थ्य केन्द्र में 9.05 बजे, कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, ओरमांझी में 9.25 बजे ध्वजारोहण होगी। वहीं प्रखंड के सभी पंचायत भवन, सभी सरकारी विद्यालय व सभी बैंक में 9.30 बजे और शास्त्री चौक ओरमांझी में 9.50 करने का समय सारणी जारी की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार द्वारा समय सारणी जारी करते हुए, प्रमुख, उपप्रमुख, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, एसएस उच्च विद्यालय व बालिका प्रोजेक्ट उज्य विद्यालय के प्राचार्य, कस्तुरबा बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन सहित प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया को सूचनार्थ कर दिया गया। सूचना है कि कुछ पंचायत के मुखिया द्वारा मुख्यालय से जारी समय सारणी के अनुरूप नही अपनी सुविधा अनुरूप ध्वजारोहण करने की तैयारी की जा रही है।

# इटकी की तीन छात्राएं लालकिला का झंडोत्तोलन देखने दिल्ली रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** इटकी प्रखंड के पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह के तीन छात्राएं दिल्ली के लालकिला में प्रधानमंत्री के झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगलवार को रांची के बिरसामुण्डा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ अभिभावक व शिक्षक भी दिल्ली गये है। झारखंड राज्य के 325 पीएम श्री चयनित विद्यालयों में से इटकी के पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह के तीन छात्राएं कक्षा 8 की लक्ष्मी कुमारी, रानी केरकेट्टा तथा कक्षा 6 की छात्रा दीपिका कुजूर एवं शिक्षक अंजय कमल कुमारेश व दो अभिभावक हीरा सिंह एवं दिलीप तिग्गा झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए हवाई जहाज से दिल्ली रवाना हुए है। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर नई दिल्ली में झारखंड से चयनित टीम को मिनिस्ट्री आफ एजुकेशन के माध्यम से विशिष्ट अथिति के रूप में शामिल किया जायेगा। इनके रहने की व्यवस्था मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा नई दिल्ली के स्मार्ट प्लाजा थ्री स्टार होटल में की गई है। रांची जिला के इटकी प्रखंड स्थित पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बारीडीह के प्रधानाध्यापक विजय बहादुर सिंह ने कहा की झारखंड से हमारे स्कूल का चयन होना हम सभी के लिए गर्व की बात है, वहीं बुद्धिजीवियों द्वारा स्कूल प्रशासन की शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे अच्छे कार्य की सराहना की गई।

# चैंबर के पदधारियों ने ली शपथ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** युवराज चौक काठीटांड़ स्थित पीटर इंग्लैंड के समीप चेंबर ऑफ कॉमर्स के निर्वाचित पदधारियों के लिये शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में दलादिली निवासी निवासी और शिक्षाविद जनार्दन प्रसाद ओझा ने उन्हें पथ और गोपनीयता की शपथ दिलायी। इससे पूर्व अध्यक्ष जगदीश साहू, सचिव संजय कुमार, उपाध्यक्ष अनुराग हर्ष दुबे, अमित तिवारी, विशाल साहू व प्रदीप कुमार सिंह तथा कोषाध्यक्ष शैलेंद्र पांडेय ने कहा कि सभी को साथ लेकर चलना व दुकानदारों की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी। मौके पर पृथ्वीनाथ शाहदेव, हीरामणि साहू, मिथिलेश दुबे, व्रजेश शर्मा, सिदबाज खान, विश्वनाथ शर्मा, शहनवाज खान, केदारनाथ सिंह, मुकेश साहू, अरुण कुमार गुप्ता, सरवर खान, राजकिशोर सिंह व सनी सिंह आदि मौजूद थे। संचालन सुबोध साहू ने किया।



## स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर बैठक

**पिस्कानगड़ी।** प्रखंड मुख्यालय नगड़ी में स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों एवं समय को लेकर प्रखण्ड सभागार में अंचलाधिकारी नगड़ी राकेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगड़ी प्रखण्ड के सरकारी उपक्रमों, विद्यालयों तथा प्रशाशन के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अंचलाधिकारी नगड़ी राकेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखण्ड मुख्यालय में पूर्वाहन 8 .30 बजे, नगड़ी थाना 9 बजे,राजकीय उच्च विद्यालय 9 .15 बजे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 9 .30 बजे तथा राजकीय मध्य विद्यालय में 9 .54 बजे झंडोतोलन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसके अलावा डब्लू जॉन माल्टीपरपस बोर्डिंग स्कूल में 11 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत होगी। मौके पर पूनम देवी, अफसाना प्रवीण, सरकारी उपक्रमों के लोग मौजूद थे।

# सिमलिया के ग्रामीणों ने पथ निर्माण को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- शॉल देकर किया सम्मानित
- प्रतीक चिन्ह की गयी भेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रातू।** सिमलिया का इक्कीश सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष जावेद मंसुरी के नेतृत्त्व में मंगलवार की दोपहर झारखंड मंत्रालय पहुंचा। उन्होंने राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और उनसे गांव की आरईओ पथ की मरम्मत तथा पक्की नाली का निर्माण कराने की मांग की। इस पर उन्होंने जल्द ही इसके समाधान का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व श्री अंसारी को शॉल देकर सम्मानित किया गया और प्रतीक चिन्ह भी भेंट की गयी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य महावीर उरांव, इमरान अंसारी, ग्यासुद्दीन अंसारी, जुमाउद्दीन अंसारी, बरकत अंसारी, इमरान अंसारी, रंजीत उरांव, सुखराम उरांव, मनोज भगत, सोनू गोप, परवेज मंसुरी, मो आकिब, मो वसीम, ताहिर मंसुरी, जैनुल अंसारी, अलीजान अंसारी, आफताब आलम, मो आरिफ, अब्दुल रशीद और मो शोएब अंसारी आदि मौजूद थे।

# आवास बोर्ड की खाली पड़ी जमीन पर बनेगी चहारदीवारी

## आवास बोर्ड की समीक्षा बैठक में निर्णय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड राज्य आवास बोर्ड के चीफ इंजीनियर प्रवीण जयंत भेंगरा की अध्यक्षता में बुधवार को बोर्ड की समीक्षात्मक बैठक की गयी। इसमें रांची, जमशेदपुर, धनबाद एवं हजारीबाग प्रमंडल के कार्यों की समीक्षा की गयी। इस दौरान विभिन्न प्रमंडलों में बोर्ड के खाली पड़े भूखंडों की बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने पर फैसला हुआ। अतिक्रमित बोर्ड के संपदाओं पर बोर्ड अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर उसे खाली कराये जाने पर भी विचार हुआ। आवंटियों द्वारा किये जा रहे व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध नोटिस निर्गत किए जाने और पूर्व से बचे संपदाओं तथा नये संपदाओं को ई- लॉटरी के माध्यम से आवंटन इत्यादि शामिल किया गया। पिछले माह 3 जुलाई को बोर्ड की हुई बैठक और उसमें लिए गये निर्णयों की समीक्षा के साथ साथ दिशा-निर्देश भी जारी किए गए। बैठक में बोर्ड के सचिव, विधि पदाधिकारी और विभिन्न प्रमंडलों के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर उपस्थित थे।

# स्कूली बच्चों के बीच साइकिल वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित एक समारोह में विधायक सुदेश महतो ने मिडिल स्कूल डोमनडीह, मिडिल स्कूल राहे, मिडिल स्कूल अंबाझारिया और कन्या मिडिल स्कूल राहे के लड़की और लड़के के बीच उद्घाटन स्वरूप 125 साइकिल का वितरण किए। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सरकारी स्कूल को बेहतर ढंग से बनाया जा रहा है। बेहतर शिक्षा व्यवस्था से बच्चो का भविष्य संवारा जा रहा है। स्कूल और बच्चों के बीच कई कार्यक्रम चल रहा हैं। आगे भी बेहतर सेवा दिया जाएगा। राहे प्रखंड के 28 मिडिल स्कूल के 601 बबच्चों के बीच साइकिल दिया जाना है। मौके पर बीडीओ मनोज महथा, सीओ अनुज टेटे,प्रमुख लीलमनी देवी, प्रभारी संजय सिद्धार्थ बबलू खान जिप सदस्य बादल महतो, उपप्रमुख उमेश महतो, रंगबहादुर महतो मीरा महतो, किरिटी महतो, वीरेंद्र महतो, करम सिंह मुंडा, जगन्नाथ मुखर्जी, बीपीओ प्रवीण कुमार, कल्याण पदाधिकारी सभी स्कूल के अध्यापक आदि मौजूद थे।

## जुडको में वेतन को लेकर हड़ताल, काम ठप

**रांची।** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर जुडको के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर चले गये हैं। कचहरी स्थित कार्यालय खुलते ही कार्यालय के बाहर जुडको कर्मियों ने धरना-प्रदर्शन करते हुए काम न करने का फैसला लिया। कर्मियों का कहना है कि सालों से वे लोग काम कर रहे हैं, लेकिन मात्र तीन से चार प्रतिशत ही सालाना वेतन बढ़ता है। सरकार से अविलंब वेतन बढ़ोतरी कराने सहित अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर उन्होंने हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। हड़ताल में डीजीएम रैंक से नीचे के सारे अधिकारी- कर्मचारी जिसमें एपीएम, डीपीएम, प्रोजेक्ट मैनेजर इत्यादि शामिल हैं।

एक नजर में

## रातू : भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा



रातू। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकत्ताओं ने मंगलवार को भव्य तिरंगा यात्रा निकाली। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाना और लोगों को देशभक्ति के लिये प्रोत्साहित करना था। इसकी अगुआई हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने किया। इस दौरान उन्होंने देशभक्ति की नारे के साथ जनता को संबोधित किया और नागरिकों से राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाये रखने की अपील की। यात्रा में सुबोध साहू, प्रदीप टोप्पो, परमेश्वर सिंह, परमेश्वर गोप, राणा सिंह, रामानंद तिवारी, हजारी प्रसाद, कृष्णा भगत व कृष्णा उरांव आदि सैकड़ों लोग शामिल थे।

## सुकरहुटू का ट्रांसफारमर जला, अंधेरे में हैं एक हजार लोग

**रांची ।** कांके प्रखंड के सुकरहुटू क्षेत्र के लोग पिछले 6 दिनों से अंधेरे मे रहने के लिए मजबूर है। पिछले शुक्रवार को तेज आंधी और भारी वर्षा के कारण ट्रांसफार्मर जल गया है। बिजली विभाग को क्षेत्र के निवासियों द्वारा कयी बार ट्रासफार्मर ठीक करने या बदलने का अनुरोध किया जा चुका है। बावजूद इसके बिजली विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ट्रांसफार्मर जले रहने के अंधेरे और गर्मी से लोग परेशान तो है ही, सांप - बिच्छू का भी भय बना रहता है। बच्चों की पढाई बाधित हो रही है, लघु उद्योग भी ठप्प पड़ गया है। सुकरहुटू के लोगों चेतावनी दी है कि यदि 24 घंटे मे ट्रांसफार्मर ठीक नहीं हुआ तो रिंगरोड जाम कर उग्र आंदोलन किया जायेगा। ट्रांसफार्मर जलने से 300 घरों के एक हजार से अधिक लोग प्रभावित है।

## राज्यपाल से मिला चैंबर का डेलिगेशन मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की मांग

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल द्वारा राज्य के आर्थिक विकास के लिए विभिन्न विषयों यथा माईन्स-मिनरल्स पर सरकार के स्तर से कार्रवाई की आवश्यकता, रुग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाईवल के लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास, प्रदेश के उद्योगों की स्थापना के लिए पर्याप्त भूखंड की उपल्ब्धता पर विचार आवश्यक, गैर मजरूआ भूमि/बकास्त भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार करने, बालू घाट की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने, मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की पहल करने, राजधानी रांची में रेलवे का जोनल कार्यालय स्थापित करने का सुझाव समर्पित किया गया।

## राज्यपाल से मिले कई अधिकारी, नेता व आरबीआई के रिजनल डायरेक्टर

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने मुख्य सचिव से राज्य में संचालित विकास योजनाओं के संदर्भ में जानकारी ली। वहीं, मिलने आये राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता से राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने की बात कही। इसके अलावा उच्च एवं तकनीकि शिक्षा सचिव राहुल कुमार पुरवार से उच्च शिक्षा की स्थिति की जानकारी ली।

# राज्य स्तरीय स्पर्धा में बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

## शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों ने किया कमाल

- एक से लेकर दस रैंक शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के 80 छात्रों ने राज्य स्तर पर होने वाली 'स्पेल बी' स्पर्धा में हिस्सा लिया, अपनी तीक्ष्ण बुद्धि एवं विस्तृत शब्द ज्ञान भण्डार एवं शुद्ध वर्तनी प्रदर्शित किया। चयनित छात्र 21 मार्वस से ऊपर और 25 रैंक से नीचे रहकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालिफाई कर विद्यालय की सम्पूर्ण शिक्षण पद्धति एवं विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय मैनेजमेण्ट, डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्परूप, प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों के इस अभूतपूर्व एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की शुभाशंसा की तथा छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तनी में सुधार के लिए नियमित अभ्यास एवं सही उच्चारण आवश्यक होता है। स्कूल से राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाले छात्रों में अयान प्रसाद, मलक हुसैन खान, आकृति कुमारी , अन्वेष मिश्रा, सौम्यजीत मिश्रा, अंश उरांव, तेजस शामिल हैं।

# असहाय परिवार के साथ खड़ा रहना ही जीवन का लक्ष्य: महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कांके विधान सभा अंतर्गत हुंदूर पंचायत हलदमा गांव में चरका मुंडा उम्र लगभग 45 का आकस्मिक निधन हो गया। इस दुख की घड़ी में समाज सेवी भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो के माध्यम से जैसे सुचना प्राप्त होते ही भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता समाज सेवी स्वामी देवेंद्र प्रकाश ने पीड़ित परिवार से मिलकर सहयोग राशि एवं क्रियाकर्म के लिए राशन प्रबंध कराया। साथ ही पीड़ित परिवार से मिलकर दुख प्रकट करते हुए परिवार को विश्वाश दिलाते हुए कहा कि स्वःचरका मुंडा की पुत्री रूपा कुमारी की पढ़ाई रामलखन कॉलेज से बीएसी की पढ़ाई कर रही है। इस बेटी की पढ़ाई रुकनी नही चाहिए। आगे की पढ़ाई का खर्च उठाने में हर संभव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष शिवलाल महतो ने भी कहा कि कांके विधान सभा की सीमा अंतिम गांव हलदमा गांव है।

# दोषी पर कार्रवाई करें रांची विश्वविद्यालय के कुलपति : आजसू




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल युवा आजसू रांची महानगर संयोजक अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मुलाकात कर विगत कुछ दिनों पहले मारवाड़ी कॉलेज में घटी घटना की लिखित शिकायत रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से की। शिकायती पत्र कुलपति को सौंपते हुए मारवाड़ी महाविद्यालय के युवा आजसू के नेता विशाल कुमार यादव ने कहा की बीते 31 जुलाई को मारवाड़ी महाविद्यालय में बिजली व्यवस्था ठप होने के कारण छात्र-छात्राओं को हुई परेशानी को लेकर वह प्राचार्य से मिलकर ज्ञापन सौंपने जा रहे थे तभी वहां कुछ रिपोर्टर पहुंचे और उन्होंने परीक्षा के दौरान बिजली व्यवस्था ठप होने के मामले की छानबीन शुरू की। मारवाड़ी महाविद्यालय प्रशासन द्वारा न्यूज के रिपोर्टर को सोलर पैनल के पास ले जाया गया। तभी वहां पर मौजूद मारवाड़ी महाविद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ प्रमोद माली द्वारा मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया । इसके उपरांत वह सीधा मारवाड़ी महाविद्यालय के प्राचार्य के कक्ष में पहुंचे और इस घटना की जानकारी दी। इसी दौरान मारवाड़ी महाविद्यालय के नॉन टीचिंग स्टाफ प्रमोद माली, रविंद्र कुमार चौरसिया के साथ पहुंचे और उन्हें मारपीट करने की धमकी दी । कॉलेज की पहली ऐसी घटित घटना नहीं है ऐसी घटनाएं पूर्व में अनेकों बार घट चुकी है। मारवाड़ी महाविद्यालय के माहौल को देखकर ऐसा प्रतीत होता है के मारवाड़ी महाविद्यालय में वहां के प्राचार्य ने इन सभी स्टाफ को छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार करने की खुली छूट दे रखी है और उन्हें प्राचार्य का संरक्षण भी प्राप्त है। जब छात्र प्रतिनिधि के साथ महाविद्यालय के कर्मचारी द्वारा ऐसा व्यवहार किया जा रहा है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है की छात्र-छात्राओं से वह कैसा व्यवहार करते होंगे। इस मामले को लेकर मैंने आपके पास मौखिक शिकायत भी थी आपने कार्रवाई करने की बात कही थी परंतु एक सप्ताह भी जाने के बावजूद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

स्पीड न्यूज

## पुस्तक चयन समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में पुस्तक चयन समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिला अंतर्गत सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालय मॉडल स्कूल, कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय एवं झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पुस्तकालय हेतु पुस्तकों के लिए विद्यालयवार प्राप्त आवंटन के अनुसार पुस्तकों की सूची तैयार करने, पुस्तक मेला के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने चयन हेतु स्क्रूटनी करने के लिए एक कमिटी का गठन करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, एडीपीओ, समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## 18 अगस्त से फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का किया जायेगा आयोजन

**बारियातू।** प्रखण्ड के गोनिया पंचायत अंतर्गत ग्राम बारा व साल्वे पंचायत स्थित जबरा ग्राम मे जेएमएम कमेटी बारियातु के द्वारा 18 अगस्त से लेकर 25 अगस्त तक फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष विनय उरांव नें बातया की इस टूनार्मेंट मे कुल 64 टीम भाग लेंगे। एवं कमेटी के ओर सें आए हुए सभी प्रत्येक टीमों को टीशर्ट ड्रेस पहनाकर सम्मानित किया जायेगा। इसमें प्रवेश शुल्क 1201 रुपया है। जिसमे प्रथम पुरुस्कार तीन बड़ा खस्सी, द्वीतीय पुरुस्कार दो बड़ा खस्सी एवं तृतीय व चतुर्थ पुरुस्कार एक सामान्य खस्सी है. इस खेल मे भाग लेने वाले खिलाड़ी टीम 8340679683 इस नम्बर पर भी पेमेंट कर प्रवेश ले सकते है। वही इन्हो ने क्षेत्र मे सभी फुटबॉल टीमों को टूनार्मेंट में भाग लेकर सफल बनानें की अपील की है।

## ललसु भुइयां जयराम महतो से की मुलाकात

**चंदवा।** आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर समय जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है। राजनीतिक दलों में दावेदारी भी तेज हो गई। जेबीकेएसेस पार्टी से ललसु भुइयां ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारी को लेकर मंगलवार को जयराम महतो समेत पार्टी के कई वरीय नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने लातेहार विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी पेश करते हुए आवेदन भी सौंपा। इन्होंने कहा कि राज्य की जनता भाजपा और गठबंधन सरकार दोनों को देख चुकी है और दोनों की नीति सिद्धांत को भली भांति जान चुकी है। जनता जान रही है कि इन दोनों पार्टियों से राज्य का भला नहीं होने वाला है। अगर राज्य का भला कोई पार्टी कर सकता है तो वह जेबीकेएसेस ही है। मौके पर बतौर प्रस्तावक जिलाध्यक्ष पप्पू यादव, बरियातू प्रखण्ड अध्यक्ष कुलदीप भोगता, प्रवक्ता सुनील कुमार, कलेंदर यादव समेत कई अन्य लोग मौजूद थे।

# बांग्लादेश में फंसा इंजीनियर का परिवार घर लौटा

### कहा, पड़ोसी मुल्क के हालात काफी बदतर

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** बांग्लादेश में सियासी संकट और हिंसा के बीच रांची का एक इंजीनियर मनीष चौधरी अपने परिवार के साथ वहां फंस गये थे। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास के बाद पूरा परिवार रांची अपने घर सकुशल लौट आया है। अपने घर लौटकर पूरे परिवार ने राहत की सांस ली है। मनीष चौधरी बांग्लादेश में एक निजी कंपनी के चल रहे प्रोजेक्ट में कार्यरत थे। रांची अपने घर लौटने के बाद उन्होंने बताया कि पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश की हालत काफी खराब है। उन्होंने कहा, वे लगातार भारतीय दूतावास और झारखंड सरकार के भी संपर्क में थे। जब तक वे लोग रांची नहीं पहुंच गए तब उनकी पल-पल की जानकारी भारतीय दूतावास से और झारखंड सरकार के द्वारा ली जाती रही।

मनीष चौघरी बांग्लादेश से कोलकाता और फिर कोलकाता से रांची स्थित अपने आवास सोमवार की देर रात पहुंचे।

मनीष की पत्नी स्वाति ने कहा कि रांची पहुंच कर अब उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है। मनीष चौधरी के अनुसार जब शेख हसीना देश छोड़ कर चली गयीं, तब हर तरफ हिंसा शुरू हो गयी। वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ बांग्लादेश के रंगपुर में पाकर मठ में रह रहे थे। भारतीय दूतावास से उन्हें यह निर्देश मिला था कि वे घर से न निकलें।

## देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रतीक है तिरंगा यात्रा: अमित



तिरंगा यात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** 78 में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत चंदवा मंडल भाजपा कमेटी के द्वारा मंगलवार की दोपहर बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

यात्रा की शुरूआत स्थानीय खेल स्टेडियम से हुई जो सरोज नगर, मिशन स्कूल, इंदिरा गांधी चौक, चंदवा बाजार, सुभाष चौक होते पूरे शहर का भ्रमण किया, नगर भ्रमण के उपरांत यात्रा चंदवा के गुरी टांड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के स्मारक स्थल पहुंची जहां प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। यात्रा के दौरान पूरा शहर भारत माता की जय व वंदे मातरम आदि देश भक्ति नारो व श्लोगनो से गुंजायमान रहा। मौके पर चंदवा भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार ने तिरंगे की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रतीक है। देश कि आजादी के लिए कितने जावानों ने अपनी जान कि बाजी लगाकर देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका रही हैं वैसे वीर योद्धाओ को मेरा शत शत नमन है। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के संघर्ष और आदर्शों को याद करते हुए लोगों से उनके पदचिह्नों पर चलने की अपील की। तिरंगा यात्रा की अगुवाई भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रिकी वर्मा कर रहे थे।

### थैलेसीमिया रोग से ग्रसित छात्र की मौत

## परिजनों ने लगाया शिक्षक पर मारपीट का आरोप, जांच में जुटी प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा के गैरेज लेने स्थित है एक निजी स्कूल के विद्यार्थी अभिमन्यु राम 11 वर्ष पिता स्व. संतोष राम (कुसुमटोली चंदवा) की मौत रांची के रानी चिल्ड्रेन नामक अस्पताल में इलाज के क्रम में हो गई। मृतक अभिमन्यु राम थैलेसीमिया नामक गंभीर बीमारी से ग्रसित था। परिजनों का आरोप है कि अभिमन्यु की मौत एक निजी विद्यालय के शिक्षक के द्वारा प्रताड़ित किए जाने के बाद तबीयत बिगड़ने से हुई है। मामले को लेकर मृतक छात्र के परिजन मंगलवार की सुबह विद्यालय पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन पर मौत का जिम्मेवार होने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल काटा। घटना की सूचना के बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद व शिक्षा विभाग की टीम मृतक बच्चे के परिवार के घर पहुंचे व पूरे मामले की जानकारी ली। परिजनों ने बताया कि अभिमन्यु व उसकी बहन आवनी कुमारी (10 वर्ष) दोनों निजी विद्यालय में पढ़ाई करते थे। दोनो भाई बहन थैलेसीमिया रोग से ग्रसित है, जिस कारण प्रत्येक 2 महीने में (डायलिसिस) कर रक्त चढ़ना पड़ता है, बीते 4-5 अगस्त को ही अभिमन्यु का रांची में डायलिसिस हुआ था, जिसके बाद वह 7 अगस्त बुधवार को स्कूल गया था, जहां किसी बात को लेकर शिक्षक के द्वारा दंडित करते हुए लगभग आधे घंटे तक मुर्गा बनाकर रखा था। इसके बाद गुरुवार से बच्चे की तबीयत बिगड़ गई, इसके बाद अभिमन्यु के दादा व रिश्तेदार उसे लेकर रांची गए लेकिन गुरु नानक अस्पताल में बच्चों को एडमिट करने से मना कर दिया, तबीयत बिगड़ता देख बच्चे को लेकर परिजन अनान-फानन में रांची के रानी चिल्ड्रंस लेकर गए जहां इलाज के क्रम में बच्चों ने 12 अगस्त को दम तोड़ दिया।



जांच करती पुलिस

एक नजर में

## महुआडांड़ में निकाली गई तिरंगा यात्रा, वंदे मातरम से गुंजायमान हुआ महुआडांड़



तिरंगा यात्रा में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड भाजपा मंडल कार्यकर्ताओ के द्वारा मंगलवार को महुआड़ाड़ में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस यात्रा का नेतृत्व लातेहार जिला भाजयुमो के आईटी सेल प्रभारी प्रशांत सिंह ने किया। ये तिरंगा यात्रा बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक, बिरसा चौक, रामपुर चौक होते ब्लॉक परिसर पहुंची, इस दरम्यान बिरसा चौक पर स्थापित भगवान बिरसा मुण्डा, ब्लॉक परिसर में स्थापित शहीद जीतु किसान एवं मीठु किसान की प्रतिमा पर भाजपाईयों ने माल्यार्पण किया।

यात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। यात्रा का समापन बस स्टैंड पर हुआ। यात्रा के दौरान स्थानीय लोगों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति का प्रदर्शन किया। मौके पर महुआडांड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल ने तिरंगे की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यह यात्रा देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का प्रतीक है। देश कि आजादी के लिए कितने जावानों ने अपनी जान कि बाजी लगाकर देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका रही हैं वैसे वीर योद्धाओ को मेरा शत शत नमन है। उन्होंने भगवान बिरसा मुण्डा के संघर्ष और आदर्शों को याद करते हुए लोगों से उनके पदचिह्नों पर चलने की अपील की। तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से महुआडांड भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, कार्यक्रम के मुख्य संयोजक सह जिला कार्यसमिति सदस्य आनंद नाथ शाह, जिला मंत्री शंभु प्रसाद, बजरंग दल के विभाग सह संयोजक सुरज साहू, जिला कार्यसमिति सदस्य भुवनेश्वर सिंह, सुनील जायसवाल, दिलीप प्रसाद, राम जायसवाल, संजय राय, मोहन यादव, अंकित जायसवाल, नितिश कुमार आदि समेत सैंकड़ो की संख्या मे बीजेपी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## चुनाव और नक्सली मूवमेंट पर चर्चा को लेकर अन्तर राज्यस्तरीय पुलिस प्रशासन की बैठक



बैठक करती पुलिस प्रशासन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** झारखंड में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में झारखंड एवं छतीसगढ़ के वरीय पुलिस पदाधिकारियों की उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चुनाव को शांतिपूर्ण एवं सुचारु तरीके से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं सूचनाओं के अदान-प्रदान, आपसी तालमेल और अपराधियों के धर-पकड़ में सहयोग करने पर बल दिया गया। साथ नक्सली मूवमेंट, शराब, हथियार की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आपस में सूचनाओं के अदान प्रदान को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं सीमावर्ती क्षेत्र में चेकनाका लगा समय समय पर आपसी समन्वय स्थापित कर सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वहीं इस बारे में एसडीपीओ हिमांशु चन्द्र मांझी ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सीमावर्ती इलाकों में चौकसी बढ़ाई जाएगी। सीमा पर कई चेक पोस्ट बनाए जाएंगे जिसके लिए महत्वपूर्ण जगहों का चयन किया जाएगा। हथियार समेत अन्य तस्करी पर रोक लगाने के लिए खुफिया जानकारी आपस में साझा की गई है। बैठक में छतीसगढ़ के वरीय अधिकारी समेत सामरी, कुसमी और करोंधा थाना इंचार्ज थाना प्रभारी अवनीश कुमार मौजूद थे।

## जीपुवा नदी में नहाने गये दो युवक पानी के तेज बहाव में बहा

### एक का शव बरामद, दूसरा लापता



शव को ढुंढते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के जीपुआ ग्राम में मंगलवार को पानी के तेज बहाव के कारण मोहम्मद शाहबाज 20 वर्ष पिता स्वर्गीय सैनुल अंसारी एवं मोहम्मद फरहान 10 वर्ष पिता मोहम्मद नौशाद दोनों ग्राम जीपुवा थाना बालूमाथ पानी की तेज बहाव में बह गया। आसपास के ग्रामीण एवं बालूमाथ पुलिस के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद मोहम्मद शाहबाज का शव घटनास्थल के कुछ दूर से बरामद कर लिया गया। जबकि मोहम्मद फरहान का समाचार लिखे जाने तक बरामद नहीं किया जा सका था। परिजनो ने बताया कि मोहम्मद फरहान नदी में नहाने गया था एवं वह नदी के तेज बहाव की चपेट में आ गया और वह डूबने लगा जिसे देखकर बगल में खड़े मोहम्मद साहबाज उसे बचाने गया और वह भी पानी की तेज बहाव की चपेट में आ गया। घटना की सूचना पाकर बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लापता लोगो को खोजने का प्रायस कर रही है ।ज्ञात हो कि इसी नदी के बलबल ग्राम के समीप 48 घंटा पूर्व रविवार की देर शाम बकरी चराने गए बिशनपुर ग्राम के आठ आदिवासी परिवार पानी के तेज बहाव में बह गए थे। जिसमें पांच लोग तैर कर निकल गए थे। वहीं बसंती देवी ,फूलों देवी एवं विवेक उरांव बह गया था। दूसरे दिन आहले सुबह जीपुवा ग्राम के हरिजन टोला के समीप नदी से फूलों देवी का शव बरामद हुआ था। वहीं बसंती देवी का शव पिपरवार थाना के पिपरवार नदी में बरामद की गई थी। जबकि विवेक उरांव अभी तक बरामद नहीं किया जा सका। इधर 48 घंटे के अंदर एक ही नदी में 8 किलोमीटर के अंतराल में पांच लोगों की मौत से पूरा गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

## विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन




कार्यक्रम में सम्मानित होते छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को विज्ञान सप्ताह के समापन दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के छात्र छात्रा सम्मिलित थे। कार्यक्रम की शुरूआत समाज सेवी झूलन भगत एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम संयुक्त रूप से मां सरस्वती , ओउम्,व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किए। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने बताया की विज्ञान प्रदर्शनी लगाने का मुख्य उद्देश्य है छात्रों को विज्ञान के क्षेत्र में रुचि जगाने के लिए यह कार्यक्रम विज्ञान सप्ताह के समापन दिवस पर किया गया है। वंदना सभा में प्रतिदिन एक सप्ताह तक छात्र प्राचीन एवं आधुनिक वैज्ञानिकों के बारे मेंअंग्रेजी व हिन्दी दोनों भाषाओं में प्रस्तुतिकरण करते थे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को झुलन भगत ने मेडल देकर सम्मानित किया। उन्होनें कहा कि और आगे परिश्रम करके अच्छा करें ताकि भविष्य में एक अच्छा वैज्ञानिक बन सकें और अपने माता पिता तथा गुरुजनों का नाम रौशन कर सके। मौके पर कशिश कुमारी, सत्यम, जानवी, हिमांशु, प्रियांशी, अंश, कौशल, आयुष, माही, नंदनी, मानवी,श्वेता, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य जी दीदी जी ने योगदान दिया।

### डीसी व एसपी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले

## झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड का किया अंतिम पूर्वाभ्यास



पुर्वाभ्यास करते डीसी व एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को जिला खेल स्टेडियम लातेहार में पूर्ण गरिमा और उत्साह के साथ आयोजित किया जायेगा। इसी क्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस के मौके पर होने वाले झंडोतोलन-राष्ट्रगान एवं परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास किया। इस दौरान सार्जेंट मेजर व सार्जेंट द्वारा पूर्वाभ्यास करने वाले प्रतिभागियों का नियमानुसार नेतृत्व किया गया। ज्ञात हो कि स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के तहत परेड का आज अंतिम पूर्वाभ्यास किया गया। इस दौरान सभी का उत्साहवर्धन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान उपायुक्त ने समारोह स्थल में बैठने की व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण एवं अन्य बिंदुओं के बारे जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सभी देशभक्ति से ओत-प्रोत हों शांतिपूर्ण ढंग से इस राष्ट्रीय पर्व को मनाएं। विधि व्यवस्था बनाए रखने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक ने परेड समेत अन्य तैयारियों को लेकर सभी प्लाटून को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विदित हो कि 15 अगस्त को प्रातः 09.05 बजे माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार, बैद्यनाथ राम के द्वारा जिला खेल स्टेडियम, लातेहार में झंडोत्तोलन किया जायेगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जबरन जमीन कब्जा करने के विरोध में

## ग्रामीणों ने सीओ को दिया आवेदन



सीओ को आवेदन देते ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम गाड़ी स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लोदमदाग के जमीन पर विद्यालय के शिक्षक मुनेश्वर उरांव द्वारा जबरन जमीन कब्जा करने के संबंध में विद्यालय प्रबंधन समिति सहित ग्रामीणों द्वारा सीओ नंद कुमार राम एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य और ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन सौपा गया। आवेदन के माध्यम से विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य व ग्रामीणों ने बताया कि उक्त विद्यालय के लिए सर्वसमिति सें खाता नंबर 278 प्लॉट नंबर 2316 रकबा 20 डिसमिल जमीन बालेश्वर उरांव पिता स्व परमेश्वर उराव व मुनेश्वर उरांव पिता बादों उरांव के द्वारा जमीन दिया गया था। जिसमे एक पक्ष बालेश्वर उरांव द्वारा जमीन पर विद्यालय का जमीन होने का प्रमाणित कर रहे हैं। जबकि दूसरा पक्ष मुनेश्वर उरांव विद्यालय के जमीन पर जबरन घर बनाना चाहते हैं। जबकि जमीन देने के एवज में ग्रामीणों ने मुनेश्वर उरांव को शिक्षक बनाया था।

### पलास्टिक के कुम्बा में पानी घुस रहा है साहब!

## छोटे-छोटे बच्चे के साथ बरसात कैसे बिताएंगे: अजय

संजय राम



जानकारी देते परिजन

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गुलगुलिया मुहल्ला निवासी अजय पांसी व ललिता मसोमात पिछले कई वर्षों से प्लास्टिक के कुम्बा बनाकर अपने परिवार के साथ जीवन बिता रहे हैं। लगातार बारिश से अजय पांसी पत्नी धनमतिया देवी पुत्री आभा कुमारी, लक्खी कुमारी, पुरबी कुमारी रवि कुमार, तारा कुमार सभी पांच परिवार व उनके विधवा माँ ललिता मासोमात पति का नाम स्व मुकुंद गुलगुलिया दो गुलगुलिया परिवार के लोग की पलास्टिक के कुम्बे मे बरसात का पानी घुस जा रहा है जिससे रहना काफी मुश्किल हो गया है। सभी ने बताया की हमलोगों को राशन मिलता है। आधार कार्ड और पहचान पत्र भी बना हुआ है। पिछले कई वर्षों से बारियातू के गुलगुलिया मुहल्ले मे हमलोग निवास करते आ रहे हैं। हमलोग को पिएम आवास योजना का लाभ और न अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला है जिसके कारण लकड़ी के सहारे पुराने फटे साड़ी घेरकर पलस्टिक के कुम्बे मे जीवन बिता रहें हैं। जब-जब बारिश होती है तब घर मे बाहरी पानी घुस जाता है। जिससे बरसात बिताना मुश्किल हो गया है। साथ ही कहा की हमलोग पढ़े लिखे नहीं नहीं है आवास के लिए कौन साहब के पास जायेंगे ओ भी मालूम नहीं है। प्रति दिन मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं काफी आर्थिक तंगी का मार झेल रहें हैं। छोटे छोटे बच्चे के साथ कैसे बरसात बिताएंगे साहब। घर मे पानी घुसने से रात मे सोना मुश्किल हो गया है और जहरीले जीव का भय सताते रहता है. उपरोक्त सम्बन्ध मे बारियातू पंचायत के सम्बंधित मुखिया सरिता देवी बात किये जाने पर कहा की इनकी अबुआ आवास योजना की सूची मे नाम है। पंचायत मे 198 अबुआ आवास का टारगेट मिला है। अगली बार सम्भवतः इनको भी अबुआ आवास का लाभ मिल जायेगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### गोविंदपुर में सखी संग संस्था ने मनाया सावन महोत्सव

**जमशेदपुर।** 'सखि संग' महिला समाज की ओर से आज छोटा गोविंदपुर स्थित कैलाश नगर में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सावन मिलन के साथ-साथ कुछ सामाजिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। जिसमें प्रकृति को बनाए बचाए रखने की बात की गई, साफ-सफाई पर ध्यान देने की बात कही गई, साथ ही साथ हर परेशानियों में सहयोग देने की अपील की गई। इस आयोजन में महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुछ महिलाओं ने अपने हुनर का भी परिचय दिया। जिसमें गीत संगीत, नृत्य आदि शामिल था । बच्चों ने भी खूब मस्ती की और अपनी भागीदारी दिखाई। कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें सभी भाग लेकर आनंद उठाए। इस कार्यक्रम में प्रथम विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। अगले साल इसी तरह सावन मिलन का आयोजन हो और हम साथ साथ रहे , खुश रहें, स्वस्थ रहें की कामना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### भाजपा मानगो मंडल महिला मोर्चा ने चलाया हर घर तिरंगा वितरण अभियान

**जमशेदपुर।** मंगलवार को भाजपा मानगो मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में संकोसाई रोड नंबर 1, रामनगर, केंदूकोचा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत हर घर तिरंगा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष और तिरंगा यात्रा के प्रभारी कृष्ण शर्मा काली उपस्थित थे। इसके अलावा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर जटाशंकर पांडे, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, महिला जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, ओबीसी जिला कार्यसमिति सदस्य रितु शर्मा एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

### उलीडीह भाजपा ने बाबा साहेब की प्रतिमा की सफाई की,घर-घर बांटा तिरंगा

**जमशेदपुर।** भाजपा उलीडीह मंडल द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत एमजीएम कॉलेज स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत समता नगर में घर घर जाकर तिरंगा वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप से व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, उलीडीह मंडल अध्यक्ष रवींद्र सिंह सिसोदिया, मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, संध्या नंदी, स्वपन चौधरी, पप्पू श्रीवास्तव, अनिमेष सिन्हा, मुन्ना मोहंती, राकेश प्रसाद, प्रसन्नजीत महापात्रा, राहुल कुमार, अश्विनी सिंह, विवेक सिंह, अभिषेक मंडल, मनोज गुप्ता, शीतल रजक, जीतू गुप्ता सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता गण सक्रीय रूप से उपस्थित थे।

### रोटारैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी ने किया रोटारैक्ट पाठशाला का आयोजन

**जमशेदपुर।** रोटारैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी ने रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर स्टील सिटी और रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा के सहयोग से केरला समाजम मॉडल स्कूल में ‡रोटारैक्ट पाठशाला‡ का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नेतृत्व कौशल को बढ़ाना साथ ही सामुदायिक भावना को बढ़ावा देकर भविष्य के लीडर को आकार देना था।
पाठशाला में विभिन्न क्लबों के कुल 85 रोटारैक्टर्स ने भाग लिया, जिसमें डीबीएमएस कॉलेज ऑफ एजुकेशन, करीम सिटी कॉलेज, अर्का जैन यूनिवर्सिटी, सोशल क्रू (एनएसयू), मिसेज केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज, को-ऑपरेटिव बी.एड कॉलेज, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, स्टील सिटी और कालीमाटी जमशेदपुर शामिल थे। कार्यक्रम में पीडीजी रोटेरियन प्रतीम बनर्जी, रोटेरियन अंजनी निधि, रोटेरियन मनीष जैन, रोटेरियन अमिताभा बख्शी, रोटेरियन सिमरन सग्गू सहित कई प्रभावशाली वक्ता शामिल थे।

# हर हर महादेव सेवा संघ भजन संध्या 19 को, कन्हैया मित्तल आ रहे हैं झुमाने

## समाज सेवा में जीवन खपा देने वाले लोगों को मिलेगा संघ रत्न सेवा अवार्ड : काले

**शाम 6.30 बजे से शुरु हो जायेगा कार्यक्रम, सबसे पहले प्रस्तुति देगी कृष्णामूर्ति एंड टीम**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर ।** हर हर महादेव संघ द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित भजन संध्या का पावन अवसर फिर आ गया है। यह कार्यक्रम सावन महीने के अंतिम सोमवार, 19 अगस्त 2024 को साकची गुरुद्वारा मैदान में शाम 6:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस बार भजन संध्या में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की प्रस्तुति होगी जो पहली बार हर हर महादेव सेवा संघ के मंच पर अपनी 12 सदस्यीय गायन और वाद्य मंडली के साथ उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी हर हर महादेव सेवा संघ के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने होटल जेके रेजिडेंसी में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। काले ने पत्रकारों को बताया कि कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति भव्यता से किया जाएगा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के बैठने के लिए साकची गुरुद्वारा मैदान में पक्का पंडाल बनाया गया है। एक भव्य स्टेज और विशाल प्रवेश द्वार पर बाबा बफार्नी की आकृति लिए बर्फ का शिवलिंग होगा जहां पूजन के उपरांत स्थानीय भजन गायक कृष्णमूर्ति अपने मधुर भजनों से कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम का समापन विधिवत आरती के साथ होगा। श्रद्धालुओं के लिए भोग प्रसाद और पेयजल की भी व्यवस्था की जाएगी।



सम्मेलन को संबोधित करते अमरप्रीत सिंह काले। साथ में राकेश्वर पांडेय व मंटू चावला।

प्रवेश निःशुल्क, आमंत्रण पत्र से ही प्रवेश : कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश निःशुल्क होगा, लेकिन श्रद्धालुओं को संघ द्वारा वितरित आमंत्रण पत्र-सह-पास के माध्यम से ही प्रवेश मिलेगा। इसी पास के आधार पर प्रवेश नियंत्रित किया जाएगा। श्रद्धालुओं से अपील है कि वे शाम 6:30 बजे से पहले अपना स्थान ग्रहण कर लें। दर्शक दीर्घा में कुछ पंक्तियां आरक्षित रहेंगी, और श्रद्धालुओं से निवेदन है कि कार्यक्रम में व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग प्रदान करें। पूरे आयोजन का उमंग और उल्लास के साथ आनंद लें और भोले बाबा की कृपा प्राप्त करें।

**संघ रत्न सेवा अवार्ड :** अमरप्रीत सिंह काले ने बताया कि हर हर महादेव सेवा संघ के आयोजन का यह 24वां वर्ष है। इस वर्ष भी संघ समाज में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने वाले चार लोगों को 'संघ रत्न सेवा अवार्ड' से सम्मानित करेगा। यह परंपरा पिछले एक दशक से चल रही है, और इस वर्ष के पुरस्कारों की घोषणा जल्द की जाएगी। आज के संवाददाता सम्मेलन में संरक्षक राकेश्वर पांडेय , बृज भूषण सिंह , राजू मारवाह, महेन्द्र सिंह , बलबीर सिंह, जितेंद्र सिंह चावला, जसवंत सिंह भोमा, पशुपतिनाथ पांडेय, अखिलेश , बंटी सिंह , जुगून आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### साकची कालीमाटी रोड पर के दोनों ओर होगी भव्य विद्युत सज्जा

काले ने बताया कि साकची कालीमाटी रोड पर पंडाल के अलावा विद्युत साज-सज्जा, यातायात संचालन, और अग्निशमन की विधिवत व्यवस्था रहेगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए स्वयंसेवकों की टीम मुस्तैद रहेगी। एहतियाती बंदोबस्त के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह कार्यक्रम पूरी तरह भोले बाबा को समर्पित रहेगा और उम्मीद है कि श्रद्धालु अनुशासन के साथ अपनी सहभागिता देंगे।

# महिला पीजी डॉक्टर के हत्यारों को फांसी दो... फांसी दो

## जूनियर डॉक्टरों ने एमजीएम मेडिकल कालेज में निकाला कैंडल मार्च, सेंट्रल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे भारत सरकार : आइएमए

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** कोलकाता के बीचोबीच स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में नाइट ड्यूटी पर तैनात एक महिला पीजी डॉक्टर के साथ रेप एवं जघन्य तरीके से हत्या के मामले को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है, और भारत सरकार से मांग की है कि हत्याकांड का पूरा खुलासा कर दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर सजा दी जाए।
साथ ही नेशनल मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट बना कर देश के सभी राज्यों में उसे एक साथ लागू किया जाय ताकि डॉक्टरों के साथ दुर्व्यवहार,मारपीट, हत्या में शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित हो सके। शहर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के जूनियर डॉक्टरों ने कॉलेज परिसर में बारिश के बीच कैंडल मार्च निकाल कर कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ रेप और हत्याकांड पर अपना विरोध दर्ज कराया। जूनियर डॉक्टर इस मामले में दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग कर रहे थे। डॉक्टर नारा लगा रहे थे-वी वांट जस्टिस, महिला डॉक्टर के हत्यारों को फांसी दो-फांसी दो। डॉक्टरों ने कॉलेज कैंपस,डिमना में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे दिवंगत महिला चिकित्सक की तस्वीर रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी, और वहां कैंडल जलाया। इस दौरान आइएमए के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।
इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की जमशेदपुर शाखा के अध्यक्ष डा जीसी मांझी और महासचिव डा सौरव चौधरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोलकाता में आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ड्यूटी के दौरान इस तरह का जघन्य हत्याकांड ने देश के सारे डॉक्टरों खासकर महिला डॉक्टरों को व्यथित कर दिया है। हमें खुशी है कि कोलकाता हाईकोर्ट ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए इस हत्याकांड की सीबीआई जांच कराने का आदेश दिया है। डा जीसी माझी ने कहा कि हमलोग देश के हर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की सेफ्टी ऑडिट करने, वहां पर्याप्त सुरक्षाकर्मियों की तैनाती और हर जगह सीसीटीवी लगाने की मांग करते हैं।
अन्यथा महिला डॉक्टरों को रात्रि ड्यूटी करना मुश्किल होगा। सचिव डा सौरव चौधरी ने कहा कि डॉक्टर सेवा कार्य में रहते हैं और वे बात-बात में विवाद करने से बचते हैं। इसी विशेषता के कारण डॉक्टर समुदाय समाज के शोहदों, गुंडा और छुटभैये नेताओं के आसान शिकार होते हैं। मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट आइएमए की पुरानी मांग है ताकि डॉक्टरों को उचित सुरक्षा मिले और उन पर हमला करने वालों को सख्त सजा सुनिश्चित हो सके। आइएमए की वरिष्ठ सदस्य डा सुषमा रानी ने कहा कि कोलकाता एक सुरक्षित शहर रहा है जहां महिलाएं 24 घंटे सुरक्षित ढंग से कार्य स्थल पर आ जा सकती है किन्तु अब वहां भी विधि- व्यवस्था में भारी गिरावट आई है, महिला पीजी डॉक्टर के साथ रेप और जघन्य तरीके से हत्या इस बात का प्रमाण है। हमारी मांग है कि महिला चिकित्सकों को विशेष सुरक्षा सरकार उपलब्ध कराये ताकि वे निर्भिक होकर अपने दायित्व का निर्वहन कर सके। हम आजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की महिला चिकित्सक के साथ हुए जघन्य कांड में दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग करते हैं।
डा मुत्युंजय कुमार का कहना था कि अब पानी नाक से ऊपर आ गया है। नेशनल हेल्थकेयर प्रोटेक्शन एक्ट के बिना डॉक्टर अपना दायित्व ठीक से नहीं निभा सकते। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ठोस एवं दूरगामी कदम उठाने की जरुरत है। डा जॉय भादुड़ी का कहना था कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ड्यूटी के दौरान महिला चिकित्सक की जघन्य हत्या के मामले में भारतीय प्रेस ने जिस तरह से कवरेज किया है, हम उसके लिए आभार प्रकट करते हैं। डा अमित कुमार और डा रोहित झा ने कहा कि सरकार को डॉक्टरों के लिए गांव से लेकर शहर तक में उचित सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। आज समझ सकते हैं कि जब कोलकाता शहर के प्राइम इलाके में सरकारी अस्पताल में नाइट ड्यूटी कर रही महिला चिकित्सक सुरक्षित नहीं है, तो ग्रामीण क्षेत्र में सेवा दे रहे डॉक्टरों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।
संवाददाता सम्मेलन में डा विवेक केडिया, डा आलोक कपूर,डा देवेश बहादुर डा अखौरी मंटु सिन्हा समेत कई वरिष्ठ चिकित्सक सह आइएमए के मेंबर उपस्थित थे।







कैंडल मार्च के पश्चात एमजीएम के जूनियर डॉक्टर विरोध जताते हुए। गांधी जी की प्रतिमा के चरण में कैंडल जलाते चिकित्सक। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते सचिव डा सौरव चौधरी। साथ में दायें बैठे हैं अध्यक्ष डा जीसी माझी व बायें बैठे हैं डा रोहित झा।

### गायत्री परिवार की बहनों ने सावन महोत्सव मनाया

**जमशेदपुर।** टाटानगर गायत्री परिवार के प्रज्ञा महिला मंडल के बहनों ने गायत्री ज्ञान मंदिर भालूबासा में सावन महोत्सव के अवसर पर सर्बप्रथम विश्व में शांति का वातावरण बने इस हेतु सामूहिक गायत्री मंत्र का जाप किया । उसके उपरांत सावन के गीतों की प्रतियोगता, क्विज आदि अन्य प्रतियोगिता सम्पन्न कराए गए । इस अवसर पर आगामी नारी सशक्तिकरण शिविर के संबंध में बिस्तार से चर्चा हुआ । महिला मंडल के अध्यक्ष बहन जसवीर कौर ने कहा कि आदरणीय शैफाली पंड्या बहनजी टाटानगर की धरती पर पहली बार पधार रही हैं ।

### घोड़ाबाबा मंदिर के दान पेटी के ताले को तोड़ चोरी

**गम्हरिया।** टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग के किनारे गम्हरिया में स्थित बड़ाम थान (घोड़ा बाबा) मंदिर के दानपेटी का ताला तोड़कर बीते 10 अगस्त की रात्रि में चोरों द्वारा उसमे रखे सभी नकदी गायब कर दिया गया। इस बाबत कुम्भकार समिति के महासचिव बंकिम चौधरी द्वारा आदित्यपुर थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताया गया है कि मन्दिर परिसर में लगाए गए कैमरा में चोरों की तस्वीर कैद है।

### जन्मदिन पर प्रभुनाथ सिंह ने किया 35 वां एसडीपी दान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जन्मदिन का मौका वर्ष में एक बार आता है लोग अपने शौक पूरा करने के लिए अनेकों कार्य करते हैं, अपने परिजनों के साथ दोस्तों के साथ खुशियां मनाते हैं, लेकिन पिछले 10 वर्षों से अपने जन्मदिन को एक रक्तदाता और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उद्देश्यपूर्ण बना रहे हैं, रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह, जो कि अब तक 71 बार रक्तदान कर चुके हैं और वे अपने हर विशेष मौके पर रक्तदान कर उर्जा से लबरेज होते हैं। 13 अगस्त को उन्होने अपना 54वां साल पूरा किया और 35वां एसडीपी डोनेशन जमशेदपुर ब्लड सेन्टर में किया, इसी क्रम में आज 13 अगस्त को टाटा स्टील कर्मी दिनेश कुमार सिंह ने अपना 11 वां एसडीपी डोनेशन किया, उन्होने 13 बार नियमित रक्तदान भी किया है। रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह आज अपने 55वें जन्मदिवस पर मानवसेवा में सक्रिय रहते हुए रेड क्रॉस के मानद सचिव विजय कुमार सिंह तथा जमशेदपुर ब्लड सेन्टर के महाप्रबंधक संजय चौधरी के साथ एसडीपी डोनर दिनेश कुमार सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।



# भाजयुमो ने जमशेदपुर पुर्वी और पश्चिम विस में निकाली तिरंगा यात्रा

## सांसद विद्युत महतो एवं भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज हुए शामिल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के निर्देश पर देशव्यापी हर घर तिरंगा अभियान के निमित्त भाजयुमो जमशेदपुर महानगर की ओर से जमशेदपुर पुर्वी और पश्चिम विधानसभा में संयुक्त रूप से विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। मंगलवार को भाजयुमो जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में निकाले गए विशाल तिरंगा यात्रा में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा समेत बाइक पर सवार हजारों युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर तिरंगा यात्रा में पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। तिरंगा यात्रा कदमा गणेश पूजा मैदान से प्रारंभ होकर बिस्टुपुर, साकची बड़ा गोलचक्कर होकर आरडी टाटा गोलचक्कर के रास्ते गोलमुरी पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। भाजपा नेताओं ने शहीद स्मारक पर अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानियों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। वहीं, यात्रा में शामिल लोगों ने देशभक्ति गीतों की धून के बीच भारत माता की जय और वंदे मातरम का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। लोगों ने यात्रा का पूरे मार्ग में कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान लोगों में अभियान को लेकर उत्साह नजर आया। सभी नेता व कार्यकर्ता हाथ में तिरंगा लेकर शामिल हुए।
सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का कार्यक्रम है। यह अभियान हमें देश की आन-बान-शान के लिए कुर्बान होने वालों को नमन करने के साथ हमारी देशभक्ति की भावना को मजबूत और जीवंत रखता है। सांसद विद्युत महतो ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी को अपने घरों में तिरंगा लगाकर आजादी का उत्सव मनाना है और स्वतंत्रता सेनानियों के सर्वोच्च बलिदान को नमन करना है।
भाजयुमो झारखंड प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से लौहनगरी के सभी नौजवान, नागरिक ने जमशेदपुर को तिरंगामय बनाने का काम किया है। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों ने आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। ऐसे अमर बलिदानियों के सम्मान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है।
वहीं, भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी जो आजादी के बाद जन्मी है, उसने अंग्रेजों का शासन नहीं देखा है। लेकिन देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले सपूतों के बारे में हम सभी जानते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन्हीं वीर सपूतों और बलिदानियों को याद करने का आह्वान किया है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि सभी नौजवान, आम नागरिक देशभक्ति की भावना के साथ हर घर में तिरंगा फहराने का संकल्प लें।



तिरंगा यात्रा में शामिल सांसद विद्युतवरण महतो, सुधांशु ओझा, नंदजी प्रसाद और शशांक राज।

# स्वतंत्रता दिवस का अंतिम परेड पूर्वाभ्यास संपंन, मंत्री बन्ना गुप्ता करेंगे झंडोत्तोलन

- **गोपाल मैदान में होगा जिला स्तरीय मुख्य समारोह**
- **एडीएम (एसओआर) एवं रूरल एसपी ने परेड पूर्वाभ्यास का किया निरीक्षण, राष्ट्रध्वज को दी सलामी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन किया गया है, पूर्वाह्न 9:05 बजे झंडोत्तोलन किया जायेगा। जिला प्रशासन की ओर से समारोह की तैयारी पूरी कर ली गयी है। समारोह को लेकर परेड में शामिल टुकड़ियों ने अंतिम पूर्वाभ्यास किया । एडीएम (एसओआर) श्री महेंद्र कुमार व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग ने संयुक्त रूप से परेड पूर्वाभ्यास का निरीक्षण किया।मौके पर एडीएम (एसओआर) ने झंडोत्तोलन किया और राष्ट्र ध्वज को सलामी दी। इस दौरान एडीएम व रूरल एसपी ने मुख्य समारोह को भव्यता से मनाने व परेड से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। परेड में खअढ 6, जिला पुलिस बल (पुरुष/ महिला), होमगार्ड, एनसीसी (बॉयज/ गर्ल्स), स्काउट एंड गाइड (बॉयज/ गर्ल्स) तथा संत मेरी की बैंड टीम शामिल थी। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त श्री अनन्य मित्तल द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया है कि 15 अगस्त 2024 के अवसर पर सभी प्रखंड कार्यालय एवं पंचायत सचिवालय स्तर पर स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग एवं सहभागिता के साथ स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन करना सुनिश्चित करेंगे।
स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या में 14 अगस्त को सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल में देशभक्ति गीत- नृत्य से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न सरकारी एवम निजी स्कूल के बच्चे सामूहिक नृत्य- गायन, कविता वाचन में अपनी प्रस्तुति देंगें। 15 अगस्त को अपराह्न 3 बजे से टिनप्लेट ग्राउंड में जिला प्रशासन एवं मीडिया के बीच फ्रेंडली फुटबॉल मैच का आयोजन होगा।



गोपाल मैदान में फूल ड्रेस परेड का निरीक्षण करते एडीएम और रुरल एसपी।

### सरायकेला : डीसी व एसपी ने फुल ड्रेस परेड का किया निरीक्षण, तिरंगे को दी सलामी

**जमशेदपुर।** 78 वां स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह की तैयारी जोर शोर से चल रही है। मंगलवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम, सरायकेला में फुल ड्रेस परेड का अंतिम पूर्वाभ्यास हुआ। निरीक्षण उपायुक्त उपायुक्त श्री रवि शंकर शुक्ला एवं पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश लूणायत ने किया। परेड के निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने मुख्य समारोह स्थल के कार्यक्रम को बेहतर बनाने के लिए परेड एवं तैयारी से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारी को दिए। परेड में जिला सशस्त्र बल का दो प्लाटून, सीआरपीएफ का एक प्लाटून, गृह रक्षा वाहिनी का एक प्लाटून तथा ङ्गङ्खश गम्हरिया का एक प्लाटून शामिल रहा। मौके पर उपायुक्त ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्वतंत्रता दिवस मनाने को लेकर मौषम को ध्यान रखकर ऐतिहातन और अतिरिक्त व्यवस्था के लिए संबंधित पदाधिकारियों को दिशाझ्रनिर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त नें मौसम को ध्यान मे रखकर मैदान समतलीकरण, वाटर प्रूफ स्टॉल तथा वाहन पार्किंग जैसे महत्वपूर्ण व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## मंत्री ने किया महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा का अनावरण

# अपने हक के लिए किसी के आगे झुकता नहीं है पाल समाज : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## समाज की आन, बान और शान हैं अहिल्या बाई : राकेश पाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंगलवार को नीलांबर-पीतांबर बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक भवन के समीप महारानी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा का अनावरण किया। पाल महासंघ गढ़वा के तत्वावधान में उनकी पुण्य तिथि पर टाउन हॉल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप जलाकर किया। तत्पश्चात महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा का अनावरण कर माल्यार्पण किया। साथ ही टाउन हॉल परिसर में स्थित नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान महारानी अहिल्या बाई की जीवनी पर आधारित पुस्तक का अनावरण भी किया गया। पाल समाज के लोगां ने मंत्री को पगड़ी बांधकर, बड़ा माला पहनाकर, पुष्प गुच्छ देकर भव्य स्वागत किया।


मंत्री का स्वागत करते लोग।


प्रतिमा का अनावरण करते मंत्री।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने महारानी अहिल्या बाई को शत शत नमन करते हुए कहा कि इस प्रतिमा का अनावरण पूरे समाज के लोगां के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा। उन्होंने पाल महासंघ के पिछले कार्यक्रम में गढ़वा में महारानी अहिल्या बाई की प्रतिमा लगाने का वादा किया था, वह आज पूरा हो गया है। ऐसी विरांगना नारी पर सभी को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाल समाज कहीं से भी कमजोर नहीं है, यह समाज अपने हक, अधिकार के लिए किसी से समझौता नहीं करता है और न ही किसी के आगे झुकता है। पाल समाज सभी क्षेत्रों में काफी तेजी से खुद को स्थापित कर रहा है। उन्हांने कहा कि प्रतिमा लगाने का बहुत बड़ा महत्व है। आने वाली पीढ़ी को उनके बारे में जानने का मौका मिलेगा। ऐसी महान हस्तियों को इतिहास जानना नई पीढ़ी को अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि का काम क्षेत्र में सिर्फ मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना ही नहीं है। बल्कि सामाजिक क्षेत्रों में कार्य करना भी कर्तव्य होता है।

युवा समाजसेवी राकेश पाल ने प्रतिमा अनावरण के लिए मंत्री श्री ठाकुर को धन्यवाद देते हुए कहा कि महारानी अहिल्या बाई होल्कर हमारे समाज की आन, बान और शान हैं। इनकी जीवनी से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। मौके पर जितेंद्र पाल, रमेश पाल, धर्मेंद्र पाल, श्याम बिहारी पाल, राजकिशोर पाल, सुखबीर पाल, सुधीर पाल आदि ने विचार व्यक्त किया। पाल समाज के लोगां ने गढ़वा में पाल छात्रावास बनवाने सहित कई मांगें रखीं। इससे संबंधित मंत्री को मांग पत्र भी सौंपा। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पाल ने किया। मौके पर मुख्य रूप से नगर परिशद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, आशिश अग्रवाज, सुमित पाल, चंदा देवी, बुधन पाल, विवेकानंद पाल, सुरेंद्र पाल, रामनाथ पाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

---

### खबर एक नजर में

### अवैध बालू लोड ट्रैक्टर जप्त

**धुरकी।** थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में बीती रात्रि अवैध बालू के विरुद्ध छापामारी किया गया। इस दौरान रमना पुलिस खाला स्कूल के समीप से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ले आई। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार धुरकी पुलिस अवैध बालू के विरुद्ध लगातार छापामारी कर रही है। इसी क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि खाला स्कूल के समीप एक ट्रैक्टर में बालू लोड किया जा रहा है। सूचना के बाद जब वहां गए तो एक ब्लू रंग का यूरो 42 ट्रैक्टर में बालू लोड होते पाया गया। बालू लोड करने वाले पुलिस को अपनी ओर आते देख भाग गए। जिसके बाद पुलिस उक्त ट्रैक्टर को पकड़ कर थाना ले आई। जिसके बाद जिला खनन पदाधिकारी गढ़वा के लिखित शिकायत के आधार पर उक्त ट्रैक्टर के चालक एवं मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने कहा की धुरकी थाना क्षेत्र में किसी भी हाल में अवैध बालू का कारोबार नही चलने दिया जायेगा। छापामारी दल में सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

### सुपौल में ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत

**सुपौल।** बिहार में सुपौल जिले के प्रतापगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार को ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 57 पर बेलही पुल के समीप अनियंत्रित ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवको की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान चिलौनी उत्तर पंचायत के वार्ड 3 के बेलही गांव निवासी नरेश यादव के 20 वर्षीय पुत्र अमित कुमार उर्फ छोटू कुमार एवं छातापुर प्रखंड के लक्ष्मीनिया निवासी जयकिशोर यादव के 19 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार यादव के रूप में की गई है।

### पटना के नये समाहरणालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से करें पूर्ण : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज अधिकारियों को पटना के नये समहारणालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने मंगलवार को पटना जिला के नये समहारणालय भवन परिसर के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नये समहारणालय भवन का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। नये समहारणालय भवन में एक ही छत के नीचे जिला प्रशासन के सभी कार्यालय होंगे, जिससे लोगों को काफी सहूलियत होगी और उन्हें अधिक सुगमता से सेवा प्रदान की जा सकेगी।

### बालू घाट कार्यालय से 30 लाख की लूट, दो घायल

**आरा।** बिहार में भोजपुर जिले के संदेश थाना क्षेत्र में अपराधियों ने बालू घाट कार्यालय से 30 लाख रुपए लूट लिए तथा दो लोग को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया की सोमवार की देर रात अपराधियों ने काजीचक घाट (18बी) स्थित बालू घाट के कार्यालय में धावा बोला और लूटपाट के कोशिश की।विरोध करने पर अपराधियों ने दो लोगों को गोली मारकर घायल कर दिया और 30 लाख रुपए लूट कर फरार हो गए।

### सारण में वाहन से भारी मात्रा में शराब जब्त

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र में एक वाहन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की गयी है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि मकेर थाना क्षेत्र से होकर गुजर रहे स्कार्पियो से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप जाने वाली है। इस सूचना के आधार पर थाना पुलिस ने भेल्दी थाना क्षेत्र के चेकपोस्ट के बाद अपने थाना क्षेत्र में वाहन जांच शुरू कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक स्कार्पियो गाड़ी को जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो वाहन चालक गाड़ी लेकर भागने लगा जिसका पीछा थाना पुलिस ने किया।

### पश्चिम चंपारण में भूमि विवाद को लेकर युवक की पीट-पीट कर हत्या

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के शिकारपुर थाना क्षेत्र के खरकटवा में जमीन विवाद को लेकर मंगलवार को एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवर को यहां बताया कि खरकटवा में भूमि विवाद में एक युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गयी है। मृतक की पहचान बेतिया शिकारपुर थाना के अजुआ-सुगौली वार्ड संख्या-6 निवासी शत्रुघ्न साह के पुत्र दीपक चौधरी (24) के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मृतक के परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी की जा रही है।
औरंगाबाद में कार नहर में पलटी, पांच लोगों की मौत

### औरंगाबाद में कार नहर में पलटी, पांच लोगों की मौत

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में मंगलवार को सोन नहर में कार के पलट जाने से पांच लोगों की डूबकर मौत हो गई। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषि राज ने बताया कि कार पर सवार लोग रोहतास जिले के गुप्ताधाम में दर्शनझ्रपूजन करने गए थे। वहां से लौटने के क्रम में मंगलवार की सुबह उनकी कार अनियंत्रित हो गई और बारूनझ्रदाउदनगर नहर रोड स्थित चमन बिगहा गांव के समीप नहर में जा गिरी। नहर में पानी अधिक होने के कारण कार में सवार सभी लोगों की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से कार में सवार सभी मृतकों के शव को बाहर निकाला। श्री ऋषि राज ने बताया कि मृतकों की पहचान पटना जिले के राजीव नगर थाना क्षेत्र निवासी दीपक कुमार (38), कन्हाई राय(37), रोहित कुमार (12), नारायण चौहान (30) और रवि कुमार (32) के रूप में की गयी है।घटना की सूचना परिजनों को दे दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### एक हीं परिवार के पांच लोगों का शव बरामद

**भागलपुर।** बिहार में भागलपुर जिले के इशाकचक थाना क्षेत्र के पुलिस लाइन स्थित एक क्वार्टर से पुलिस ने मंगलवार को महिला सिपाही समेत पांच लोगों का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि भागलपुर पुलिस लाइन के सीबी 38 नंबर क्वार्टर से सिपाही नीतू कुमारी सहित पांच लोगों का शव बरामद किया गया है। नीतू कुमारी, उसके दो बच्चे और उसकी मां की गला काटकर हत्या की गयी है, वहीं पति पंकज का शव पंखे से लटका हुआ मिला है। डीआइजी विवेकानंद ने बताया कि, 'कांस्टेबल नीतू कुमारी, उसके दो बच्चों उसकी मां तथा पति का शव मिला है। मृतक परिवार के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### राजद कभी नहीं रहा मुसलमानों का हितैषी : जन सुराज

**पटना।** जन सुराज ने राष्ट्रीय जनता दल ( राजद) पर मुस्लिमों के साथ धोखा करने का आरोप लगाया और कहा कि लालू प्रसाद यादव की पार्टी कभी मुसलमानों की हितैषी नहीं रही है। जनसुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने सोमवार को यहां कहा कि बत्तीस वर्षों से मुस्लिम भाइयों से बंधुआ मजदूरी कराने वाले राजद सुप्रीमो श्री यादव को आज मुस्लिमों की याद आयी है। राजद नेता तेजस्वी यादव घड़ियाली आंसू तब बहा रहे हैं जब उन्हें यह एहसास हो गया है कि उनके लालटेन से तेल बनकर जलने वाले मुस्लिम भाई जन सुराज के संस्थापक और पदयात्रा अभियान के सूत्रधार तथा सुप्रसिद्ध गांधी वादी प्रशांत किशोर के नेतृत्व में विश्वास जताते हुए तेजी से शामिल हो रहे हैं।

### चकिया में बदमाश गिरफ्तार, हथियार बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिले की चकिया थाना पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के बाद एसपी कांतेश कुमार मिश्र के निर्देश पर छापेमारी करते हुए अपराध की योजना बनाते एक अपराधी को हथियार व जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है जबकि चार अन्य अपराधी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। गिरफ्तार अपराधी थाना क्षेत्र के फुलवरिया गांव के वार्ड चार निवासी राजन कुमार बताया गया है। पुलिस ने इसके पास से एक देशी कट्टा एक जिन्दा कारतूस व एक बुलेट बाइक सहित तीन अन्य बाइक जब्त किया है।

---

### स्पीड न्यूज

### कांडी में डायरिया से दर्जनों लोग बीमार



**कांडी।** प्रखण्ड के शिवपुर पंचायत अंतर्गत सोनपुरवा गांव में डायरिया से दर्जनों महिला, पुरुष व बच्चे बीमार हैं। जिसका इलाज स्थानीय स्तर पर और कुछ का गढ़वा निजी अस्पताल व रेफरल अस्पताल में चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक कोई भी सरकारी स्तर पर कोई सुविधा नहीं मिली है। अभी भी गांव स्तर पर अजय पाल , अनिता देवी, बिपिन गुप्ता, बिगन राम डायरिया से पीड़ित हैं और इलाजरत हैं। लोगों ने बताया कि गांव में डायरिया तेजी से फैल रहा है। अगर जल्द मेडिकल टीम नहीं आती है तो स्थिति और भयावह हो सकती है।

### देश की आन, बान और शान है तिरंगा : मंत्री



**गढ़वा।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत डाक विभाग के अधिकारियों ने गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर तिरंगा भेंट किया। मंगलवार को डाक विभाग मेदिनीनगर के अधिकारी मंत्री श्री ठाकुर के आवास पर पहुंचे। मंत्री ने अधिकारियों से सम्मानपूर्वक तिरंगा ग्रहण किया एवं अधिकारियों को धन्यवाद दिया। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। तिरंगे की शान को बनाए रखना हम सभी का परम कर्तव्य है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, शरीफ खां, आशिश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### करंट लगने से दो बैल की मौत, किसान घायल

**धुरकी।** थाना क्षेत्र अंतर्गत झुनका गांव निवासी 55 वर्षीय शिवशंकर यादव 11000 विद्युत करंट के आर्थिन की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गया। वहीं हल जोत रहे दो बैल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शिव शंकर अपने खेत में धान रोकने के लिए हल जोत रहा था, उसी दौरान 11000 के लगे आर्थिन से पूरे खेत में करंट दौड़ गई। जिससे हल जोत रहे दो बैल की मौत हो गई। शिव शंकर को आनंद फानन में अनुमंडलीय अस्पताल नगर ले जाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। परिजनों ने पशुपालन विभाग व अंचल अधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

---

## डीसी ने की सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सुप्रीम कोर्ट कमिटी ऑन रोड सेफ्टी के तहत जिला अंतर्गत सभी सीबीएसई, आईसीएससी वह अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधकों के साथ स्कूल बस अन्य स्कूली वाहनों में सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुपालन के निमित्त बैठक की गई। बैठक में राज्य में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मौतों पर चर्चा की गई। जिसके क्रम में यह बात सामने आई की निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्कूल बसों के लिए निर्धारित मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। डीसी ने कहा कि स्कूल बसों, वाहनों में निश्चित सीट से अधिक बच्चों का आवागमन कराने तथा विद्यालय प्रबंधन द्वारा शहरों के यातायात की स्थिति समझे बिना स्कूल बस ड्राइवर को आने जाने के लिए अपेक्षाकृत कम समय दिए जाने के चलते सड़क दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। माननीय सर्वोच्च न्यायालय की रोड सेफ्टी पर गठित समिति की अनुशंसा के आलोक में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के विद्यालय एवं सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्डों से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं विद्यालय बसों में सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालन, बस की ओवरलोडिंग तथा कम उम्र के विद्यार्थियों द्वारा बिना वाहन अनुज्ञप्ति के ही वाहन संचालित करते हुए विद्यालय आना-जाना अथवा निजी प्रयोजन में वाहन प्रयोग नहीं करने पर जागरूक करने एवं मोटरयान अधिनियम 1988 के विभिन्न धाराओं का तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित निदेर्शों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर उपस्थित सभी विद्यालय प्रबंधकों को निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान कहा गया कि सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मौतों की स्थिति को कम करने के लिए विद्यालयों द्वारा सुरक्षा के मानकों का सख्ती से अनुपालन किया जाना आवश्यक है।


बैठक करते डीसी।

मौके पर एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि सभी स्कूलों को एक फॉर्मेट भेजा जाए, जिसमें सभी वाहन चालकों के डिटेल्स एवं ड्राइविंग लाइसेंस आदि से संबंधित जानकारी रखी जाए। सभी मानकों पर खरा उतरने वाले वाहनों का ही प्रयोग विद्यार्थियों के परिचालन हेतु करायें। स्कूली बच्चों के आवागमन के लिए ऐसी कोई भी वाहन जो ओपन बॉडी वाले हो, को प्रतिबंधित किया जाए। डीसी ने कहा कि उक्त निदेर्शों के अनुपालन नहीं करनें वाले विद्यालयों पर सुसंगत धाराओं के तहत नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उक्त सहित अन्य कई पदाधिकारी उपस्थित थे।

## नयी शिक्षा नीति नौकरी लेने वाला नहीं बल्कि देने वाला बनायेगा : राज्यपाल

**एजेंसी**

**पूर्वी चंपारण।** जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के राजा बाजार स्थित बापू सभागार में मंगलवार को महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविधालय के दीक्षारंभ समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर पहुंचे। यहां उन्हे गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद राष्ट्रगान से कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मंच पर बतौर विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय सांसद राधामोहन सिंह मौजूद थे।



समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि युवा और छात्र ही देश को तैयार करते हैं। यह कार्यक्रम दीक्षारंभ के लिए आयोजित किया गया है। हालांकि, शिक्षा कभी समाप्त नहीं होती है, जिंदगी भर हम शिक्षा लेते रहते हैं। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों को दिलाई गई शपथ को दुहराते हुए उन्होंने कहा कि यदि इस शपथ को हम सभी अपने अंदर उतार ले तो हमें दूसरे किसी चीज की जरूरत नहीं पड़ेगी। चार साल की पढ़ाई आपके आने वाला समय को तय करेगा। राज्यपाल ने नई शिक्षा नीति के महत्व को रेखांकित करते कहा कि हम सब कब तक नौकरी लेने वाले बने रहेगे। आज जरूरत है नौकरी देने वाला बनने का है। नई शिक्षा नीति नौकरी लेने वाला नहीं, बल्कि देने वाला बनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2047 तक विकसित भारत का जो सपना है, उसे पूरा करना है।

सांसद राधामोहन सिंह कहा कि कम समय में ही केन्द्रीय विश्वविधालय के छात्र देश दुनिया में अपनी सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का नया भवन तीन साल के अंदर बन कर तैयार हो जाएगा। कुलपति ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह देश का सबसे नया विश्वविद्यालय होने बावजूद काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा कमिटी के अध्यक्ष बने अजय


उपस्थित कमेटी के सदस्य।

**एकबाल सिंह को संरक्षक, आदित्य सिंह को उपाध्यक्ष, रामू कुमार साह को सचिव बनाया गया**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धुरकी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें राम एकबाल सिंह को संरक्षक, अजय सिंह को अध्यक्ष, आदित्य सिंह को उपाध्यक्ष, रामू कुमार साह को सचिव बनाया गया। मौके पर नव चयनित अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में टाइगर जयराम महतो के नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव की तैयारी की जारी है। पार्टी द्वारा जो भी दायित्व मुझे सौंपा गया है, उसे बखूबी व ईमानदारी से निभाऊंगा। मौके पर गढ़वा जिला अध्यक्ष सुरेश शाह, युवा नेता शिव पारस बियार, गढ़वा जिला प्रवक्ता विजय कुमार महतो, महामंत्री जयराम कुमार पासवान, महासचिव विकास कुमार पासवान, सचिव अभय कुमार पासवान, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल कुमार गुप्ता, गढ़वा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सिंह सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजद अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

# जन-जन के विश्वास से हर दिन बढ़ रहा है झामुमो परिवार : मंत्री मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** राष्ट्रीय जनता दल अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष नागेंद्र राम ने अपने समर्थकों के साथ झामुमो का दामन थाम लिया। साथ ही ग्राम महुलिया एवं गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 13 एवं 14 के 200 से अधिक लोग झामुमो में शामिल हो गये। मंगलवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर सभी ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर पार्टी में शामिल किया।


पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जन-जन के विश्वास से झामुमो परिवार हर दिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले सभी का अभिनंदन एवं स्वागत है। मैं आपके विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में हो रहे विकास कार्यां एवं राज्य में चलायी जा रही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर गढ़वा की हरेक गांव के काफी संख्या में लोग झामुमो से जुड़ रहे हैं। इसके लिए वे जनता का शुक्रगुजार हैं। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के विकास कार्या से एक ओर जहां जनता का रूझान झामुमो की ओर बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विरोधियों की बेचैनी बढ़ गई है। जनता का कभी खोज खबर नहीं लेने वाले लोग अब चुनाव के समय जनता के बीच अपनी झूठ फरेब की सौगात के साथ भटकते नजर आ रहे हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से नागेंद्र कुमार भुईयां, अनिल कुमार भुईयां, श्री प्रसाद, सुरेंद्र भुईयां, बीरबल भुईयां, राजधानी भुईयां, उदेशी भुईयां, जहीर अंसारी, राजू चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, राजबलि मेहता, सुरेश मेहता, कमलेश राम सहित 200 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, शरीफ खां, आशिश अग्रवाल, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विशेष अतिथि होंगी 400 महिलाएं

## स्वतंत्रता दिवस समारोह में 45 लखपति दीदी और 30 ड्रोन दीदी भी होंगी शामिल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पंचायती राज संस्थाओं की निर्वाचित महिला प्रतिनिधि और पंचायतों कुछ चुनिंदा निर्वाचित प्रतिनिधि राजधानी में 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 15 अगस्त को लाल किले पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी मंगलवार को आधिकारिक रूप से दी गयी। पंचायती राज संस्थाओं की 400 महिला प्रतिनिधियों को उनके जीवनसाथियों के साथ आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा इस कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश, गुजरात, मेघालय और उत्तर प्रदेश के वे ग्राम पंचायत प्रमुख भी शामिल होंगे, जिन्होंने सरकार की तीन या अधिक प्राथमिकता क्षेत्र योजनाओं तथा कार्यक्रमों को लागू करने संतृप्ति के लक्ष्य की प्राप्त की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने के लिए करीब 45 लखपति दीदी और करीब 30 ड्रोन दीदी को भी विशेष

**▸▸ पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और राज्य मंत्री एसपी बघेल सभी महिलाओं को करेंगे सम्मानित**

अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान उन्हें सम्मानित करेंगे। नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के बीच आर्थिक सशक्तीकरण और वित्तीय स्वायत्तता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण पहल में से एक है। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत, ड्रोन की खरीद पर महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को सब्सिडी प्रदान की जाती है। वहीं,लखपति दीदी एक ऐसी एसएचजी सदस्य है जिसकी वार्षिक आय एक लाख रुपये या उससे अधिक है। पंचायती राज मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इससे पहले इन विशेष आमंत्रित सदस्यों को पंचायतों में महिला नेतृत्व विषय पर बुधवार को



**स्वतंत्रता दिवस को लेकर लालकिले पर फुल ड्रेस रिहर्सल में जवान और छात्र।**

राष्ट्रीय कार्यशाला और सम्मान समारोह में आमंत्रित किया गया है। यह कार्यक्रम राजधानी के डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में रखा गया है। जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को सशक्त बनाने और पंचायत प्रतिनिधियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। पंचायती राज और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह और राज्य मंत्री प्रो. एस. पी. सिंह बघेल इन प्रतिनिधियों को बुधवार को डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में सम्मानित भी करेंगे। इस अवसर पर पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और मंत्रालय के विशेष सचिव डॉ. चंद्रशेखर कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थिति रहेंगे। इस कार्यशाला में आयोजन में सभी आमंत्रित पंचायत प्रतिनिधि भाग लेंगे। शाम को सम्मान समारोह में भाषिणी के सहयोग से बहुभाषी ईग्रामस्वराज मंच लॉन्च किया जाएगा। यह अभिनव पहल ईग्रामस्वराज पोर्टल को भारत की सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में सुलभ बनाएगी, जिससे विविध भाषाई समुदायों में इसकी पहुंच और उपयोगिता में काफी वृद्धि होगी। इस अवसर पर राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार पंचायत प्रोफाइल भी जारी की जाएगी, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं पर बुनियादी सांख्यिकी शामिल है। पंचायतों के ये प्रतिनिधि कल दोपहर प्रधान मंत्री संग्रहालय का भ्रमण करेंगे।

### पंचायतों में महिला नेतृत्व पर कार्यशाला आज

पंचायती राज मंत्रालय बुधवार सुबह 10:30 बजे डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में पंचायतों में महिला नेतृत्व पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला को पुडुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल और नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डॉ. किरण बेदी संबोधित करेंगी। कार्यशाला में सचिव विवेक भारद्वाज, विशेष सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। इसमें अन्य प्रमुख विषयों के अलावा तीन दशकों में पंचायत शासन में पंचायत शासन में की भूमिका में परिवर्तन, सार्वजनिक सेवा वितरण में महिलाओं का नेतृत्व, लैंगिक समानता और सामाजिक समावेश के मुद्दों से निपटने से संबद्ध विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## आतिशी के झंडा फहराने पर रोक

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने मंगलवार को स्पष्ट कर दिया कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस पर कैबिनेट मंत्री आतिशी झंडा नहीं फहरा सकतीं हैं।

सामान्य प्रशासन विभाग के मंत्री गोपाल राय ने दरअसल सोमवार को जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कहा था कि वह मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मिलकर आये हैं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि 15 अगस्त वाले समारोह में आतिशी झंडा फहराए। इसके लिए तैयारी करें। इसके बाद जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने गोपाल राय को पत्र लिखकर कहा कि आतिशी के झंडा फहराने का निर्देश कानूनन सही नहीं है इसलिए आतिशी के झंडा फहराने के निर्देश पर कार्रवाई नहीं की जा सकती है। आतिशी ने कहा कि एक चुनी हुई सरकार के झंडा फहराने के अधिकार की छीना जा रहा है। 15 अगस्त को तिरंगा फहराना देश के लोगों का अधिकार है। उन्होंने कहा कि अगर चुनी हुई सरकार को झंडा नहीं फहराने दिया जाता तो तानाशाही का इससे बड़ा कोई और प्रमाण नहीं होगा।

## स्पीड न्यूज

### आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी राष्ट्रपति मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 78 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को राष्ट्र को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति का संबोधन आकाशवाणी के संपूर्ण राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। दूरदर्शन के सभी चैनलों पर भी हिंदी और उसके बाद अंग्रेजी में इसका प्रसारण किया जायेगा। दूरदर्शन पर हिंदी और अंग्रेजी में संबोधन के प्रसारण के बाद क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण किया जाएगा।

### तरनतारन सीमा पर घुसपैठिया मारा गया

**जालंधर ।** बीएसएफ के सतर्क जवानों ने पंजाब के तरन तारन जिले में सोमवार रात सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे एक आतंकवादी को मार गिराया।बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसएफ ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हाई अलर्ट के बावजूद घुसपैठ के आतंकवादी-सिंडिकेट के नापाक इरादों को एक बार फिर सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

### राम रहीम 21 दिन के पैरोल पर रिहा

**चंडीगढ़।** बलात्कार और हत्या के आरोप में सजा भुगत रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम को मंगलवार को 21 दिन के पैरोल पर रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार जेल से रिहा होने के बाद राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत आश्रम चला गया। उसे दो साध्वियों के यौन शोषण तथा पत्रकार रामचंदर छत्रपति की हत्या के आरोप में दोषी करार दिए जाने के बाद 20 साल कैद की सजा सुनायी गयी थी और वह रोहतक की सुनारिया जेल में अपनी सजा भुगत रहा है।

### न्यूक्लियर वार्मिंग पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा खतराः ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को कहा कि पृथ्वी के लिए ग्लोबल वार्मिंग नहीं बल्कि परमाणु युद्ध (न्यूक्लियर वार्मिंग) सबसे बड़ा खतरा है। ट्रंप ने अरबपति उद्यमी एलन मस्क के साथ एक्स पर एक साक्षात्कार में कहा कि सबसे बड़ा खतरा ग्लोबल वार्मिंग नहीं है, सबसे बड़ा खतरा न्यूक्लियर वार्मिंग है। उन्होंने रूस, चीन और उत्तर कोरिया सहित विभिन्न परमाणु शक्तियों के बीच बढ़ती नजदीकियों पर प्रकाश डाला। आगामी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप ने कहा कि अमेरिका, रूस और चीन को गठबंधन करने की अनुमति नहीं दे सकता।

### बांग्लादेश में इमरजेंसी फोन नंबर फिर बहाल

**ढाका।** बांग्लादेश की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा फोन लाइन 999 का कोटा विरोध प्रदर्शन, पुलिस हड़ताल और सरकार में बदलाव को लेकर आठ दिनों के बंद रहने के बाद मंगलवार को यह सेवा बहाल हो गयी।

### रूस के 30 ड्रोन को यूक्रेन ने मार गिराया

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने मंगलवार की रात रूस की ओर से लक्ष्य करके साधे गये करीब 30 ड्रोन को मार गिराने का दावा किया है। यूक्रेनी वायुसेना के सूत्रों ने आज यहां एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दक्षिणी, उत्तरी और मध्य यूक्रेन के आठ क्षेत्रों में रूस की ओर से छोड़ गये ड्रोन को नष्ट कर दिया गया।

### रूस ने बेलगोरोड क्षेत्र से 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा

**मास्को।** यूक्रेन सेना की बढ़ती गतिविधि से रूस के बेलगोरोड क्षेत्र के क्रास्नोयारुजस्की जिले से लगभग 11 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले से सुरक्षित निकाले गए लोगों में से एक हजार लोग वर्तमान में अस्थायी आवास केंद्रों में रह रहे हैं।

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों का किया निरीक्षण, कहा

# भविष्य में सैनिक होंगे एनसीसी कैडेट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। सेठ ने ड्यूटी पर तैनात एनसीसी कैडेटों, एनएसएस स्वयंसेवकों, संबंधित अधिकारियों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एनसीसी कैडेटों और एनएसएस स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लिए प्राणों की आहुति देने वाले योद्धा हमेशा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेंगे। सेठ ने एनसीसी कैडेटों को भविष्य का सैनिक बताया जो देश की



एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक मजबूत स्तंभ होंगे। उन्होंने कहा कि आप समाज सेवा और सामुदायिक विकास की कई पहल करके परिवर्तन के गुणक के रूप में कार्य करते हैं। आपने कई राष्ट्रीय मिशनों जैसे राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, स्वच्छ भारत अभियान, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए काम किया है और इन्हें अपने समर्पण और कड़ी मेहनत से सफल बनाया है। अब भी आप स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में एनसीसी कैडेटों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सेठ ने एनसीसी कैडेटों के उत्साह और मनोबल की सराहना की और उन्हें स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

### हज के लिए आवेदन शुरू इस साल 1,75,025 कोटा

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भारतीय हज समिति के माध्यम से हज-2025 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू की। सऊदी अरब ने भारत को हज के लिए 1,75,025 का कोटा आवंटित किया है। हज के लिए आवेदन करने वाले तीर्थयात्रियों की मदद के लिए सोशल मीडिया पर समर्पित चैनलों के साथ-साथ हज समिति की एक हेल्पलाइन भी संचालित की जा रही है। सुविधा एप तीर्थयात्रियों को प्रशिक्षण सामग्री, आवास और उड़ान विवरण, सामान की जानकारी, एक आपातकालीन हेल्पलाइन , शिकायत निवारण, प्रतिक्रिया, भाषा अनुवाद और तीर्थयात्रा से संबंधित विविध जानकारी और सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है।

## खटाखट वाले फिर निकल गये पिकनिक मनानेः योगी

एजेंसी

**मुख्यमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर बोला हमला, कहा-चुनाव के मौसम में फिर आयेंगे नजर**

**लखनऊ।** कांग्रेस और सपा पर परोक्ष रुप से निशाना साधते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव खत्म होते ही 8500 रुपये हर महीने भेजने का वादा करने वाले पिकनिक पर चले गये हैं। योगी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनित 1036 अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान अप्रैल-मई के महीने में आपने खटाखट स्कीम के बारे में सुना होगा। लोगों से एक-एक लाख रुपये के बॉन्ड



भरवाए गए थे। हर महीने 8500 रुपये भेजने का वायदा किया गया था, लेकिन खटाखट स्कीम वालों का देश में अता-पता नहीं है। जब चुनाव का मौसम आएगा तो खटाखट वाले लोग समाज को विभाजित करने और अराजकता फैलाने के लिए फिर आ जाएंगे।

## कलाकारों को लाइव देखना एक अलग अनुभवः अदिति

**नयी दिल्ली।** टेलीप्ले जनपथ किस में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अदिति शर्मा ने कहा कि वह फिलहाल टेलीविजन में काम नहीं कर रही हैं, लेकिन हो सकता है कि अगले साल वह कोई टीवी शो करें। पिछली बार 2022 के टीवी शो कथा अनकही में नजर आईं अदिति ने मुख्य भूमिका के साथ टीवी पर वापसी करने के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया ि मैं अभी कुछ पंजाबी फिल्मों पर काम कर रही हूं। अभी मैं टेलीविजन नहीं कर रही हूं, शायद अगले साल मैं कोई टीवी शो करूंगी। नाटक 'जनपथ किस' की शूटिंग के बारे में अदिति ने बताया कि यह पहली बार था जब हम कोई नाटक रिकॉर्ड कर रहे थे, और इसे मंच पर प्रस्तुत करना बहुत अलग है। हमें नहीं पता था कि हम इसे कैसे रिकॉर्ड करेंगे। रिहर्सल करना बहुत मजेदार था। दिल्ली के



थिएटर समूहों के बहुत सारे कलाकार थे। उनके साथ काम करना और उनसे सीखना बहुत बढ़िया था। इंडियाज बेस्ट सिनेस्टार्स की खोज' से प्रसिद्धि पाने वाली अदिति ने पारंपरिक थिएटर से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नाटकों के बारे में क्या महसूस किया, इस पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मंच पर अभिनय करना या अभिनेताओं को लाइव देखना एक अलग अनुभव है।

### हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट पर सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नयी दिल्ली।** अमेरिका की शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग की ताजा रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिका में शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री द्वारा उस आवेदन को सूचीबद्ध करने से इंकार करने को चुनौती दी गई है, जिसमें अडानी समूह की कंपनियों के खिलाफ हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा लगाए गए धोखाधड़ी के आरोपों के समाधान के लिए की गई कार्रवाई पर सेबी से स्थिति रिपोर्ट मांगी गई थी। याचिका में हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों को रिकॉर्ड में लाया गया है कि सेबी की चेयरपर्सन और उनके पति ने बरमूडा और मॉरीशस के ऑफशोर फंड में कथित तौर पर निवेश किया था, जिसका नियंत्रण अडानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी के बड़े भाई विनोद अडानी के पास है। हालांकि सेबी प्रमुख माधबी बुच ने इन आरोपों को निराधार बताया और इस अदालत ने यह भी माना है कि तीसरे पक्ष की रिपोर्ट पर विचार नहीं किया जा सकता है।

## एसएसएलवी-डी3 की उल्टी गिनती आज से

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा।** आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित होने वाले एसएसएलवी-डी3 के प्रक्षेपण की उल्टी गिनती बुधवार को शुरू होगी। इसरो के सूत्रों ने बताया कि प्रक्षेपण के लिए उल्टी गिनती कल यानी बुधवार को से शुरू होगी। कुल 175.5 किलोग्राम वजनी इस पृथ्वी अवलोकन उपग्रह (ईओएस-08) का प्रक्षेपण लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) का उपयोग करके किया जाएगा। यह एसएसएलवी-डी3 तीसर और अंतिम विकासात्मक प्रक्षेपण है और इस चरण में यह माइक्रोसैटेलाइट को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर सुबह 09.17 बजे शार रेंज से उड़ान भरेगा। उन्होंने कहा कि इस मिशन ने एसएसएलवी विकास परियोजना को पूरा किया है और भारतीय

### 175.5 किलोग्राम का पृथ्वी अवलोकन उपग्रह का कल श्रीहरिकोटस होगा प्रक्षेपण

उद्योग तथा एनएसआईएल द्वारा परिचालन मिशनों को सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा कि ईओएस-08 इसरो का नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।

ईओएस-08 मिशन के प्राथमिक उद्देश्यों में माइक्रोसैटेलाइट को डिजाइन और विकसित करना, माइक्रोसैटेलाइट बस के साथ संगत पेलोड उपकरण बनाना और भविष्य के परिचालन उपग्रहों के लिए आवश्यक नई तकनीकों को शामिल करना आदि हैं। प्रक्षेपण के तुरंत बाद अंतरिक्ष यान मिशन विन्यास 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की निम्न कक्षा (एलईओ) में संचालित होगा। एसएसएलवी तीन चरणों वाला





प्रक्षेपण यान है, जिसे तीन ठोस प्रणोदन चरणों और एक टर्मिनल चरण के रूप में तरल प्रणोदन आधारित वेलोसिटी ट्रिमिंग मॉड्यूल (वीटीएम) के साथ निर्मित किया गया है। एसएसएलवी का व्यास दो मीटर और लंबाई 34 मीटर है और यह 120 टन वजन उठा सकता है। एसएसएलवी एसडीएससी/एसएचएआर से 500 किमी की प्लेनर कक्षा में 500 किलोग्राम के उपग्रह को ले जाने में सक्षम है। एसएसएलवी की प्रमुख विशेषताएं कम लागत, कम टर्न-अराउंड समय, कई उपग्रहों को समायोजित करने में लचीलापन, मांग पर प्रक्षेपण व्यवहार्यता तथा न्यूनतम प्रक्षेपण बुनियादी ढांचे की आवश्यकताओं को पूरा करना है।

## घाटी में विदेशी आतंकियों के खिलाफ अभियान शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के डोडा, उधमपुर और कठुआ के ऊपरी इलाकों में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ने के बाद सेना ने नया काउंटर प्लान बनाया है। दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों तक पहुंचे आतंकियों के मॉड्यूल का खुलासा होने के बाद सेना ने विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए नया अभियान शुरू किया है। उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार ने मंगलवार को आतंकवाद विरोधी डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का दौरा करके आतंकवाद विरोधी अभियानों की समीक्षा की। जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले एक खुफिया रिपोर्ट में बताया गया था कि पुंछ-राजौरी सेक्टर में करीब 40 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। इसके बाद

**▸▸ उत्तरी सेना के कमांडर ने डेल्टा फोर्स के अग्रिम ठिकानों का किया दौरा**

जून माह की शुरूआत से ही आतंकी गतिविधियों में तेजी आनी शुरू हो गई और अब तक दर्जनों मुठभेड़ में अब 15 से ज्यादा सैन्य अधिकारी और जवान बलिदान हो चुके हैं। आतंकवादी हमलों के बीच पिछले माह से पाकिस्तानी आतंकी एक बार फिर सीमा लांघ रहे हैं। जवानों की शहादत के लिए चार साल से एलओसी पर सीजफायर होने को बड़ी वजह माना जा रहा है, जिसकी वजह से सीमा पार इलाके से घुसपैठ बढ़ी है। पीर पंजाल पहाड़ियों के उत्तरी ओर कश्मीर घाटी में आतंकवाद का लगभग सफाया होने के बाद अब सीमा पार से घुसपैठ के लिए दक्षिणी इलाके को नया रास्ता बनाया गया है। जम्मू कश्मीर के



दक्षिणी पीर पंजाल के इलाके डोडा, पुंछ और राजौरी, किश्तवाड़ रियासी, कठुआ के पहाड़ी इलाके में सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकी हमले हो रहे हैं। केंद्रीय एजेंसियों की खुफिया जानकारी के आधार पर सेना ने गंडोह में 26 जून को तीन आतंकवादियों को मार गिराने के बाद घुसपैठ के पीछे एक मॉड्यूल का भी खुलासा किया था। इस मॉड्यूल के सरगनाओं ने सांबा-कठुआ सेक्टर में विदेशी आतंकवादियों को घुसपैठ कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। खुफिया सूत्रों का कहना है कि दक्षिणी पीर पंजाल की पहाड़ियों पर कब्जा जमकर बैठे आतंकी समय-समय पर नीचे उतारते हैं और ग्रामीणों को धमकाकर अपने भोजन का इंतजाम करके वापस ऊंचाइयों पर चले जाते हैं। आतंकी ग्रामीणों के फोन अपने कब्जे में लेकर उनसे पाकिस्तान में बैठे अपने आकाओं तक सूचना पहुंचा रहे हैं। उधमपुर-कठुआ-डोडा जिलों के पहाड़ों और जंगलों में आतंकियों की सक्रियता के लिए यह मॉड्यूल आश्रय, भोजन और अन्य छोटी रसद पहुंचाने में मदद कर रहा है।

### लगातार दूसरे दिन लुढ़का शेयर बाजार

**मुंबई।** विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से मंगलवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन लुढ़क गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 692.89 अंक की भारी गिरावट लेकर 78,956.03 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 208.00 अंक कमजोर होकर 24,139.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का। मिडकैप 0.98 प्रतिशत टूटकर 46,745.52 अंक और स्मॉलकैप 1.16 प्रतिशत का गोता लगाकर 53,259.84 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4026 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2676 में बिकवाली जबकि 1266 में लिवाली हुई वहीं 84 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 38 कंपनियों में गिरावट जबकि 12 में तेजी रही।

VERMA PRESS

**वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची**

**Verma's® Today®**

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !